माघ शुक्ल पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 17 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 365, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग 14

वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर 13

कांग्रेस के फ्रीज बैंक खातों से हटाई गई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ आयकर अपीलीय अधिकरण ने खातों के संचालन की दी अनुमति

कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि आयकर विभाग ने उसके प्रमुख बैंक खाते फ्रीज कर दिए, हालांकि बाद में आयकर अपीलीय अधिकरण ने अगले सप्ताह सुनवाई होने तक उसके खातों पर से रोक हटा दी। आयकर विभाग के आदेश के खिलाफ अधिकरण के समक्ष उपस्थित हुए पार्टी नेता एवं अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कहा कि पार्टी को अब अपने बैंक खाते संचालित करने की अनुमति दे दी गई है। अंतिम निर्णय लेने से पहले अधिकरण अगले बुधवार को मामले की सुनवाई करेगा।

कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हमारी याचिका पर आयकर विभाग और आयकर अपीलीय अधिकरण ने कहा है कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि 115 करोड़ रुपये बैंक खातों में रखे जाएं... हम उससे ऊपर की राशि भी खर्च कर सकते हैं। इसका मतलब है कि 115 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए गए हैं। यह 115 करोड़ रुपये की राशि हमारे चालू खाते से कहीं अधिक है।

पंजाब में बस सेवाएं ठप, किसानों ने राजमार्ग अवरुद्ध किए

भारत बंद का हरियाणा में आंशिक असर, पश्चिमी यूपी के कई हिस्सो में भी प्रदर्शन

फिरोजपुर/अमृतसर/हिसार/मुजफ्फरनगर, एजेंसी

भारत बंद के दौरान शंभू सीमा पर प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस छोड़ी गई।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को स्वीकार करने को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के 'भारत बंद' आह्वान के मद्देनजर शुक्रवार को पंजाब में सड़कों से बसें नदारद रहीं, जिसके चलते यात्रियों को काफी असुविधा हुई। हालांकि हरियाणा में बंद के आह्वान का मिला-जुला असर देखने को मिला, लेकिन पंजाब में कई स्थानों पर बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। अधिकारियों ने बताया कि बंद शांतिपूर्ण रहा। किसानों ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किया और पठानकोट, तरनतारन, बठिंडा और जालंधर में राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। हरियाणा के हिसार में रोडवेज कर्मचारियों ने 'भारत बंद' का समर्थन किया, जिसके चलते बस सेवाएं ठप रहीं। बंद का कुरूक्षेत्र में कोई असर नहीं हुआ। बाजार खुले रहे। किसानों ने हरियाणा के कई टोल प्लाजा पर धरना दिया और यात्रियों से पथकर नहीं वसूलने दिया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भी प्रदर्शन किए गए। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागोवाली क्रॉसिंग पर किए गए विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। बिजनौर, बागपत में विरोध प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर, बदायूं और मेरठ में बंद का कोई असर नहीं दिखा।

शंभू सीमा पर फिर हंगामा, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को प्रदर्शनकारी किसानों के अंबाला के पास शंभू सीमा पर अवरोधक की ओर बढ़ने के बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा के साथ लगती राज्य की सीमा पर दो बिंदुओं शंभू और खनौरी पर रुके हुए हैं। प्रदर्शन के पहले दो दिन भी किसानों और हरियाणा पुलिस के जवानों के बीच झड़पें हुईं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए 'दिल्ली चलो' मार्च का आह्वान किया था। पंजाब के किसानों ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च शुरू किया लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर उन्हें रोक दिया था।

प्रदेश में हड़ताल पर छह महीने की रोक

लखनऊ। किसान आंदोलन को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी है। यदि कोई कर्मचारी हड़ताल या प्रदर्शन करता पाया गया तो, बिना वारंट गिरफ्तारी की जाएगी। यह आदेश राज्य सरकार के अधीन विभागों, निगम और प्राधिकरण पर लागू होगा। अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेद ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में बताया गया कि एस्मा एक्ट लगने के बाद कोई भी कर्मचारी हड़ताल-प्रदर्शन करता है तो उसकी बिना वारंट गिरफ्तारी होगी। इससे पहले 2023 में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगाई गई थी। एस्मा का इस्तेमाल हड़ताल को रोकने के लिए किया जाता है।

एक नजर

पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवा 15 मार्च तक मिलेगी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सेवाएं जारी रखने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। इसके तहत किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट और फास्टैग में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार नहीं करने के आदेश की अंतिम तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है।

प्रियंका गांधी की तबीयत खराब, अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा अस्वस्थ होने के कारण शुक्रवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल नहीं हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि सेहत में सुधार होते ही वह इस यात्रा का हिस्सा बनेंगी। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर खुद के अस्वस्थ होने और अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी।

जीबीसी के केंद्र में युवा, उद्योग लगने के साथ मिलेगी नौकरी

मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत अधिकारियों और शिक्षाविदों को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीबीसी के मद्देनजर शुक्रवार को सेवानिवृत अफसरों और शिक्षाविदों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जैसे प्रयास केवल उद्यमियों के लिए नहीं हैं, अपितु इसके केंद्र में युवा वर्ग है। इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को ही होगा। उद्योग लगेंगे तो रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12, भारतीय पुलिस सेवा के चार और भारतीय वन सेवा के सात अधिकारियों (सभी सेवानिवृत्त) और 19 शिक्षाविदों सहित 42 सदस्यीय खास टीम गठित की। टीम के साथ आवास पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पिछले साल 10 से 12 फरवरी तक आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता की जानकारी देते हुए कहा कि करीब 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए और अब एक वर्ष के भीतर ही इन्हें जमीन पर उतारा जा रहा है। यह प्रदेश के समग्र विकास और हमारे युवाओं के नौकरी/सेवायोजन के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। योगी ने जीबीएस में लगने वाले उद्योगों से युवाओं को कैसे नौकरी के अवसर सृजित होंगे, इसे विश्वविद्यालयों का दौरा कर समझाने का कार्य टीम को सौंपा।

▸▸ सेवानिवृत्त 12 आईएएस, 4 आईपीएस, 7 आईएफएस अधिकारियों और 19 शिक्षाविदों समेत 42 सदस्यीय खास टीम तैयार

विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगी अधिकारियों की टीम

10.15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं की एक साथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों का समूह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जीबीसी-4 के विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगा। 17-18 फरवरी को टीम विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में युवाओं से संवाद कर नौकरी/रोजगार/सेवायोजन से जुड़ी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेगी।

प्रदेश में दूर होगी असमान विकास की समस्या

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के विकास में असमानता एक बड़ी समस्या रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में उद्योग नहीं लग पाए। नतीजतन यहां के युवाओं के सामने पलायन का संकट रहा। जीबीसी का लाभ प्रदेश के सभी 75 जिलों को मिलेगा। 19 फरवरी के मुख्य समारोह से सभी जिलों को जोड़ा जाएगा।

तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिकों का लौटना अच्छा संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई जो बताती है कि तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिक प्रदेश में वापस लौटे। यह सभी टेक्सटाइल सेक्टर में कार्य कर रहे थे। निश्चित रूप से इन्हें प्रदेश में अपने सुखमय और सुरक्षित भविष्य की संभावना दिखी होगी, तभी प्रदेश लौटने का निर्णय लिया।

टाइमर बोतल बम के साथ मास्टर माइंड को एसटीएफ ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ महिला के कहने पर बनाया था बम, 10 हजार रुपये मिले थे एडवांस

▸▸ मुजफ्फरनगर से की गई गिरफ्तारी, चार टाइमर बोतल बम बरामद

▸▸ यू-ट्यूब और इंटरनेट से हासिल की टाइमर बम बनाने की जानकारी

अमृत विचार : एसटीएफ ने शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से टाइमर बम बनाने वाले मास्टर माइंड जावेद को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) बरामद किया गया है। उसने इमराना नाम की एक महिला के कहने पर वह टाइमर बम बनाया था। इसके लिए महिला ने उसे 10 हजार रुपये एडवांस दिया था, जबकि 40 हजार रुपये बम की डिलीवरी के समय देने को कहा था। उसकी गिरफ्तारी की सूचना पर आईबी और एटीएस की टीमों ने भी पूछताछ की। पता चला कि जावेद ऐसा बम पहले भी बना चुका है।

एसटीएफ के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर मुजफ्फरनगर के कोतवाली थानान्तर्गत मिमलाना रोड रामलीला टीला निवासी जावेद की गिरफ्तारी की गई। उसने टाइमर बोतल बम एक बैग में रखे कैम्पस शूज के डिब्बे में छिपाया था। बाद में बम डिस्पोजल स्क्वायड ने मौके पर पहुंचकर बम को अपने कब्जे में ले लिया। उसके बाद काली नदी पुल से न्याजूपुरा के जंगल में (सेफ डिस्पोजल एरिया) गए, जहाँ उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि यह चार बोतल बम, आईईडी है। बोतल के अन्दर गन पाउडर, लोहे की छोटी गोलियां, रूई, पीओपी आदि है। यह बोतल बम आईईडी उसने इमराना नाम की महिला के कहने पर बनाया था। इमराना शामली जिले के बाबरी थाना क्षेत्र के बंतीखेड़ा की मूल निवासी और वर्तमान में मुजफ्फनगर के कोतवाली क्षेत्र में रह रही है। जावेद ने बताया कि ग्लुकोज की बोतलें डाक्टरों से व लोहे की गोलियां साईकिल की दुकान व घड़ी की मशीन घडी की दुकानों से लेता था। इमराना ने उसे बोतल बम तैयार करने के लिए 10 हजार रुपये पहले दिए थे तथा 40 हजार रुपये बाद में बम देते समय देने को कहा था। वह आज इन तैयार बोतल बम को इमराना को देने आया था।

बोतल बम आईईडी बनाने के बारे में जावेद ने पूछताछ में बताया कि उसने पटाखे बनाने का काम करने वाले अपने चाचा मो. अरशी के यहां रहकर बारूद व बोतल बम (आईईडी) बनाने का काम सीखा तथा कुछ जानकारी यू-टयूब और इंटरनेट के माध्यम से हासिल की थी। इन टाइमर बोतल बम (आईईडी) का कहां प्रयोग करना था इसके बारे में इमराना ही जानती है।

एनआरआई शादियों को अनिवार्य हो पंजीकरण

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ विधि आयोग ने की सिफारिश बनाया जाए सख्त कानून

विधि आयोग ने अनिवासी भारतीयों और भारतीय नागरिकों के बीच विवाह के मामलों में बढ़ती धोखाधड़ी को चिंताजनक बताते हुए स्थिति से निपटने के लिए एक व्यापक कानून और ऐसी शादियों के अनिवार्य पंजीकरण की सिफारिश की है। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी ने विधि मंत्रालय को अनिवासी भारतीयों और भारत के प्रवासी नागरिकों से संबंधित वैवाहिक मुद्दों पर कानून नामक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोग की राय है कि प्रस्तावित केंद्रीय कानून अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारतीय मूल के प्रवासी विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के भारतीय नागरिकों के साथ विवाह से जुड़े सभी पहलुओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त रूप से व्यापक होना चाहिए।

न्यायमूर्ति अवस्थी ने गुरुवार को कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को लिखे अपने 'कवरिंग लेटर' में कहा कि अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारतीय नागरिकों के बीच शादी के मामलों में बढ़ती धोखाधड़ी की प्रवृत्ति चिंताजनक है।

रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे

लखनऊ। प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे। वह 89 साल के थे। 10 नवंबर 1935 को पैदा हुए राज बिसारिया ने भारतीय रंगमंच को समृद्ध करने का काम किया। लखनऊ की भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना उन्होंने ही की थी। वह इसके संस्थापक निदेशक रहे। लखनऊ विश्वविद्यालय में वह अंग्रेजी के प्रोफ़ेसर रहे। कई किताबें भी लिखी हैं। कुछ समय से वह अस्वस्थ थे। काफी समय तक वह एसजीपीजीआई में भर्ती भी रहे और वहां से ठीक होकर अपने गोमतीनगर आवास पर आ गए थे। शुक्रवार की शाम अचानक उनका निधन हो गया।

दंगे के मास्टर माइंड के घर की कुर्की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ बनभूलपुरा में दोपहर 2 बजे शुरू हुई कुर्की देर रात तक जारी रही

▸▸ ट्रकों से माल ले गई पुलिस, भारी सुरक्षा के बीच की गई कार्रवाई

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के घर पुलिस कुर्की करने पहुंची तो हैरान रह गई। मलिक के घर इतना माल मिला कि दोपहर शुरू हुई कार्रवाई देर रात तक जारी रही। मलिक के घर से क्या-क्या मिला, इसका खुलासा होना अभी बाकी है, लेकिन पुलिस माल ट्रकों में भर कर ले गई है। कई विदेशी वस्तुएं भी मिली हैं।

लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी अब्दुल मलिक 8 फरवरी के बाद से फरार है। उसका बेटा अब्दुल मोईद भी फरार है। पुलिस उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली और हरियाणा समेत कई राज्यों में उसकी तलाश कर रही है। गृह मंत्रालय ने इनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया, लेकिन इससे पहले ही न्यायालय से कुर्की के आदेश आ चुके थे। शुक्रवार को पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भारी पुलिस, पीएसी और पैरी मिलिट्री बल के साथ अब्दुल मलिक के घर पहुंचे। दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुई कुर्की की कार्रवाई रात 12 बजे तक जारी रही। सूत्रों का कहना है कि मलिक के घर से विदेशी घड़ियां, जेवरात, भारी मात्रा में कैश और बेहद कीमती सामान बरामद हुए हैं। मलिक के घर से इतना माल निकला, जिसका अंदाजा पुलिस को भी नहीं था। पुलिस मान रही थी कि दो-तीन घंटे में कुर्की हो जाएगी, लेकिन आधी रात हो गई। एसएसएपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि कुर्की की कार्रवाई की गई है। कुर्की में क्या-क्या मिला है, आंकलन होना अभी बाकी है।

गला काटकर पत्नी का सिर लेकर चौकी जा रहा था पति

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ पुलिस ने किया गिरफ्तार, पत्नी के अवैध संबंधों से था नाराज

अमृत विचार : फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव में अवैध संबंध के शक से नाराज पति ने पत्नी का सिर बांके से कलम कर दिया और सिर हाथ में लेकर पुलिस चौकी जा रहा था। तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मृतका की मां विमला देवी की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव निवासी अनिल कनौजिया राजगीर है। वह पत्नी के अवैध संबंधों को लेकर नाराज था। कई बार विवाद पुलिस चौकी तक भी पहुंचा था। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अनिल ने पत्नी वंदना 26 की बांके से गला काटकर हत्या कर दी। उसके बाद कटा सिर और दूसरे हाथ में बांका लेकर इसरौली चौकी जा रहा था। यह दृश्य जिसने देखा, उसकी रूह कांप उठी। इसकी सूचना पर पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी दिनेश कुमार सिंह, एएसपी उत्तर चिरंजीवी नाथ सिंहा, सीओ रघुबीर सिंह व प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने चौकी पहुंचकर जांच की।

पुलिस भर्ती परीक्षा : झांसी में साल्वर गैंग का पर्दाफाश, एसटीएफ ने दो को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ वाराणसी और आगरा में ठगी की कोशिश में जुटे चार पकड़े गए

अमृत विचार : शनिवार और रविवार को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंध लगाने को जुटे गैंग का एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में गैंग के दो सदस्यों को झांसी से गिरफ्तार किया गया है। इसमें मोनू कुमार, शामली जिले के कांधला थाना क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि दूसरा नालंदा (बिहार) का रजनीश रंजन हैं। वहीं एक अन्य मामले में एसटीएफ ने परीक्षा का एक फर्जी एवं काल्पनिक प्रश्नपत्र तैयार कर अभ्यर्थियों से ठगी करने की कोशिश में जुटे गैंग के दो सदस्यो को वाराणसी से गिरफ्तार किया है। उसका सरगना फरार हो गया। पकड़े गए ठगों में प्रिन्स कुशवाहा चंदौली का है, जबकि विजय कुमार मिर्जापुर जिले का रहने वाला हैं। एसटीएफ ने आगरा से भी दो ठगों को गिरफ्तार किया। इसमें करतार सिंह राजस्थान का मूल निवासी है और आगरा में रह रहा था, टिन्कू कुमार अलीगढ़ का निवासी है।

एसटीएफ के मुताबिक झांसी पुलिस लाइन के पास से पकड़ा गया मोनू कुमार उर्फ मोनू गुर्जर बीए पास है। वह 2010 में इंटर पास करके नौसेना में भर्ती हुआ था। उसने ओडिशा (चिल्का) में ट्रेनिंग की थी। उसी दौरान छुटटी पर आया था फिर वापस नहीं गया था। उसके बाद से वह गैंग बनाकर झांसी में ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा कराने हेतु एक लैब बनाकर धांधली करने लगा। शुक्रवार को उसका गैंग पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने का प्रयास कर रहा था।

वाराणसी में हुई गिरफ्तारी के बाबत एसटीएफ ने बताया कि परीक्षा के नाम पर ठगी करने वाले गैंग का सरगना वंशराज सिंह कुशवाहा गैंग के सदस्यों के साथ वाराणसी एवं आस-पास के जनपदों में अभ्यर्थियों से सम्पर्क करने हेतु सक्रिय था। साथ ही उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा का एक फर्जी एवं काल्पनित प्रश्नपत्र तैयार किया था।

संकट | 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रख बांटा ऋण, अब वसूलना मुश्किल

ऋण लेकर लापता, 2100 लाख फंसे, 'पिछड़ा' विभाग

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

▸▸ बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं समेत 34 जिले पीछे, किसी ने बदला पता तो कोई मौके पर नहीं मिला, कई लोगों की हो चुकी मृत्यु

अमृत विचार : पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा बांटे गए करोड़ों रुपये लेकर लाभार्थी लापता हैं। इसकी विभाग वसूली नहीं कर पा रहा है। वजह 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रखकर स्वरोजगार के लिए ऋण वितरण किया गया। कहीं अभिलेख नहीं लिए गए तो कहीं नियमों को पूरा नहीं किया गया।

इससे केंद्र से दिया जाने वाला ऋण फंसा है। जिन्होंने ऋण बांटा वह सेवानिवृत्त हो गए या फिर पदोन्नति पाकर इधर-उधर हो गए। अब वर्तमान के अधिकारियों को वसूली का जिम्मा दिया गया है जो उनके लिए चुनौती बना हुआ है। क्योंकि मौके पर न लाभार्थी हैं और न उनके द्वारा दर्शाया गया पता। कई की मृत्यु हो चुकी है। इस वजह से ढूंढना मुश्किल है। जो बकायेदार हैं तो वह समाधान योजना का इंतजार कर रहे हैं। बकाया तो काफी है लेकिन, जनवरी 2024 तक ब्याज समेत लक्ष्य 2167.29 लाख के सापेक्ष 66.71 लाख (3.8 प्रतिशत) ही वसूल हो पाए हैं। जबकि 2100 लाख रुपये की वसूली नहीं हो पाई। प्रबंध निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने सभी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों को फरवरी व मार्च में 50-50 हजार रुपये वसूली का लक्ष्य सौंपा है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को 50 हजार का लक्ष्य

प्रदेश में जनवरी 2024 में 3.8 प्रतिशत वसूली हुई है, जो सबसे कम है। इनमें खराब प्रगति वाले 34 जिले बरेली, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, बलिया, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कुशीनगर, गोरखपुर, चित्रकूट, बांदा, महोबा, जालौन, ललितपुर, जेपी नगर, बिजनौर, संभल, रामपुर, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, गाजीपुर, चंदौली, जौनपुर व मिर्जापुर हैं।

> यह काफी पुरानी योजनाओं के दिए गए ऋण हैं। इसलिए समस्या है। लाभार्थियों से ऋण वसूला जा रहा है। 100 प्रतिशत वसूली करने के लिए जिलों को लक्ष्य दिया है।
>
> – **डॉ. वंदना वर्मा**, प्रबंध निदेशक, उप्र पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड

बंद हो गईं योजनाएं, वसूली नहीं तो वेतन नहीं

पूर्व में निगम केंद्र से मार्जिन मनी के आधार पर दुकान, रिक्शा, शिक्षा, पशुपालन, हलवाई, टेलर आदि के लिए ऋण देता था। इसमें सबसे बड़ा ऋण जीप खरीदने के लिए मिलता था। जो बांटने के बाद नहीं निकले तो सभी योजनाएं निगम की बंद कर दी गईं। इस वजह से जिले के कार्यालय बंद कर कर्मियों को मुख्यालय पर तैनात कर दिया गया। इनका वेतन इसी वसूली से निकलता है। इसी वजह से विभाग पिछड़ गया है। इसके पास सिर्फ छात्रवृत्ति, शादी अनुदान और ओ लेवल की योजना ही बची है।

सार-संक्षेप

स्वास्थ्य शिविर में रोगी की जांच करते डॉ. दीपक गिरी गोस्वामी।

स्वास्थ्य शिविर में 40 से ज्यादा लोगों की जांच

हल्दूचौड़ : आयुष हेल्थ एवं वेलनेस शिविर के तहत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय हल्दूचौड़ द्वारा शुक्रवार को दुर्गापालपुर परमा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। समाजसेवी गोविंद बल्लभ भट्ट के प्रयास से इस शिविर में 40 से ज्यादा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आयुष हेल्थ एवं वेलनेस के वर्तमान प्रभारी डॉक्टर दीपक गिरी गोस्वामी ने आयुर्वेद और योग चिकित्सा के विभिन्न गुणों के बारे में बताया। इस शिविर में योग अनुदेशक दीपक पांडे, प्रकाश पांडे, आशा कार्यकर्ता मीना मिश्रा ने सहयोग प्रदान किया। इस दौरान नवीन जोशी, रिटायर प्रधानाध्यापक गोविंद बल्लभ भट्ट, जगदीश चंद्र, निर्मला देवी, दया भट्ट आदि उपस्थित रहे।

मेधावी छात्रवृत्ति प्रोत्साहन योजना की प्रथम किश्त जारी

भीमताल : राजकीय महाविद्यालय पतलोट ब्लाक ओखलकांडा में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा मेधावी छात्रवृत्ति प्रोत्साहन योजना की प्रथम किश्त लाभार्थी छात्र – छात्राओं के बैंक अकाउंट में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित कर दी गई है। महाविद्यालय में पूजा जोशी, (बी ए प्रथम सेमेस्टर), भारती पंतोला (बी ए तृतीय सेमेस्टर), बीना बिनवाल (बी ए तृतीय वर्ष) और उमा भट्ट (बी ए तृतीय वर्ष) को यह छात्रवृति दी गई है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएस यादव ने छात्र – छात्राओं को बधाई दी है।

खनस्यूं में आयोजित शिविर में श्रमिकों को कंबल बांटतीं ब्लॉक प्रमुख कमलेश कैड़ा।

ब्लॉक प्रमुख कमलेश कैड़ा ने श्रमिकों को कंबल, छाते बांटे

भीमताल : श्रम विभाग की ओर से खनस्यूं में आयोजित शिविर में 500 श्रमिकों को कंबल, छाते, सैनेटरी पैड वितरित किए। ओखलकांडा की ब्लॉक प्रमुख कमलेश कैड़ा ने बताया कि भीमताल विस सीट के अंतर्गत हजारों श्रमिकों ने श्रम विभाग में पंजीयन कराया था लेकिन इनको लंबे समय से श्रम विभाग की ओर से मिलने वाली योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। उन्होंने बताया कि श्रमिकों की सुविधा के मद्देनजर विधायक राम सिंह कैड़ा के सहयोग से खनस्यूं में श्रम विभाग का कैंप लगवाया। इस शिविर में श्रम विभाग में पंजीकृत 500 से अधिक श्रमिकों को कंबल, छाता, सैनेटरी पैड आदि वितरित किए। पर्वतीय क्षेत्र में शिविर लगने से गरीब श्रमिकों के समय व धन की बचत हुई। ब्लॉक प्रमुख ने मुख्यमंत्री धामी व विधायक कैड़ा का आभार जताया है।

रामनगर में श्रमिकों को आवश्यक सामग्री देते विधायक।

श्रमिकों को प्रदान कीं आवश्यक वस्तुएं

रामनगर : मंडी समिति परिसर में श्रम विभाग ने उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत श्रमिकों को शिविर में 100 कम्बल, 100 छाते, 100 सैनेट्री पैड वितरित किए। विभाग ने 40 श्रमिकों का स्वास्थ्य परिक्षण भी करवाया। मुख्य अतिथि विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि श्रमिक भारतीय अर्थ व्यवस्था की नींव हैं। इस दौरान श्रम प्रवर्तन अधिकारी रामनगर पीआर शैल, विपिन कांडपाल अध्यक्ष देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल, मदन जोशी, मनमोहन सिंह बिष्ट, सहिल अहमद, सुरेन्द्र सिंह, सोमील रावत, पंकज तिवारी आदि मौजूद रहे।

माल रोड पर पिंक टॉयलेट को 50% धनराशि जारी

नैनीताल : माल रोड पर नानक होटल के समीप महिलाओं के लिए पिंक शौचालय बनाया जाएगा। नगर पालिका ने पुराने शौचालय को केवल महिलाओं के लिए जीर्णोद्धार करने का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके लिए जिला विकास प्राधिकरण से करीब 25 लाख का बजट मिलने के बाद कार्यदायी संस्था को 50 प्रतिशत धनराशि जारी कर दी है। अब जल्द जीर्णोद्धार कार्य शुरू कर दिया जाएगा। ईओ आईएएस राहुल आनंद ने बताया कि बाहरी शहरों से तमाम पर्यटक नैनीताल पहुंचते हैं। शहर में सार्वजनिक शौचालय तो है, मगर ऐसे शौचालय नहीं हैं, जो केवल महिला पर्यटकों के लिए हों। कहा कि महिला पर्यटकों की सुविधा को देखते हुए माल रोड पर नानक होटल के समीप के शौचालय को हाईटेक बनाते हुए पिंक शौचालय का स्वरुप देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। बताया कि शौचालय जीर्णोद्धार के लिए जिला विकास प्राधिकरण से करीब 25 लाख का बजट भी मिल चुका है। शुक्रवार को पालिका ने कार्यदायी संस्था को 12.50 लाख रुपये जारी कर दिए हैं।

मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं ने की एक दिनी हड़ताल

विकासखंड की आशा कार्यकर्ता राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हुईं शामिल, लगातार काम का बोझ बढ़ा लेकिन मेहनताना व सेवा शर्त में नहीं हुई वृद्धि

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: अपनी मांगों को लेकर आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन ने एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हिस्सा लिया। नारेबाजी के बाद अपनी मांगों को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि मांग जल्द पूरी नहीं होने पर आगामी लोकसभा चुनाव में सरकार के खिलाफ वोट करेंगे।

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों व संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर विकासखंड की दर्जनों आशा वर्कर्स शुक्रवार को बुद्ध पार्क में एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल हुई, जहां उन्होंने जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि आशाकर्मियों पर लगातार काम का बोझ बढ़ाया गया लेकिन मेहनताना व सेवा शर्त में कोई वृद्धि नहीं की गई, जिससे राज्य व देश भर की 10 लाख से अधिक आशा वर्कर्स अमानवीय स्थिति में कार्य करने को विवश हैं।

उन्होंने कहा कि देश व राज्य के ग्रामीण व शहरी स्वास्थ्य सेवा की बुनियाद के रूप में आशा वर्कर्स सेवा देती आ रही हैं, जिससे सरकारी संस्थागत प्रसव व जन्म-मृत्यु दर में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई, मातृ शिशु मृत्यु दर में भी राष्ट्रीय स्तर पर कमी आई व प्रसव पूर्व व प्रसवोत्तर सहित अन्य टीकाकरण कार्य भी नियमित संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही, सरकार की ओर से सौंपे गए अन्य कार्य भी आशा वर्कर्स ईमानदारी से कर रहे हैं। कोरोना महामारी के समय भी विभिन्न निरोधात्मक कार्यक्रम को आशाओं ने अपनी जान जोखिम में डालकर पूरी मुस्तैदी व लगन के साथ पूरा किया लेकिन सरकार की ओर से उनकी जायज मांगें तक नहीं मानी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के हाल में जारी बजट में भी आशा कर्मियों सहित अन्य स्कीम वर्करों के लिए कोई घोषणा नहीं की गई, जो निंदनीय है। आशाओं ने चेतावनी दी कि केंद्र व राज्य सरकार ने उनकी मांगों का शीघ्रता से समाधान नहीं किया तो उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मोदी सरकार को वोट नहीं देने की घोषणा करने को बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान उन्हें नायब तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भी भेजा। साथ ही, आशाकर्मियों ने हड़ताल में शामिल अन्य मजदूरों व किसानों की मांगों का समर्थन करते हुए मोदी सरकार से संविधान में निहित लोकतंत्र, फैडरैलिजम, धर्मनिरपेक्षता व समाजवाद के मूल सिद्धांतों की रक्षा की भी मांग की।

बुद्ध पार्क में धरना देतीं आशा कार्यकत्रियों के साथ एक्टू के सदस्य। ● अमृत विचार

हम 24 घंटे काम करते हैं। प्रसव, टीकाकरण, जन्म–मृत्यु का रिकॉर्ड, मलेरिया, डेंगू, टीबी आदि के सर्वे का काम करते हैं लेकिन हमें सरकार की ओर से कोई मेहनताना नहीं मिलता।
– **रिंकी जोशी**, अध्यक्ष, आशा यूनियन

हम कमिशन के आधार पर काम करते हैं, वह भी हर महीने नहीं मिलता। हमें अन्य कर्मचारियों की तरह हर महीने मानदेय दिया जाए।
– **फरीन**, आशा कार्यकर्ता

लगभग सभी काम के लिए सरकार को सिर्फ आशाकर्मी याद आते हैं लेकिन हमें मानदेय नहीं मिलता। हमारी 26 हजार रुपये महीना मानदेय की मांग है।
– **गीता पड़लिया**, आशा कार्यकर्ता

ये हैं मांगें

1– आशा वर्कर्स को नियमित मासिक वेतन, कर्मचारी का दर्जा व सेवानिवृत्ति पर अनिवार्य पेंशन का प्रावधान।
2– पेंशन का लाभ मिलने तक रिटायरमेंट के समय एकमुश्त 10 लाख रुपये का भुगतान।
3– आशाओं को विभिन्न मदों का भुगतान हर महीने किया जाए।
4– पल्स पोलियो अभियान व ट्रेनिंग आदि में प्रतिदिन का भुगतान 100 रुपये से बढ़ाया जाए।

प्रदर्शन में ये रहे मौजूद

हड़ताल में यूनियन के महामंत्री डॉ. कैलाश पाण्डेय, आशा यूनियन की नगर अध्यक्ष रिंकी जोशी, रीना बाला, सरोज रावत, सायमा, प्रीति रावत, हंसी बेलवाल, पुष्पा, शाइस्ता खान, तबस्सुम, सुनीता, चंपा कोरंगा, ममता पपने, गीता थापा, चंपा मंडोला, जानकी थापा, इंदु बाला, भगवती बिष्ट, गंगा साहू, पुष्पा आर्य, कमला पंत, शिव कुमारी, चंपा परिहार, दीपा पलड़िया, मीना केसरवानी, गीता शर्मा, आनंदी, रुखसाना, तारा, अनीता देवल, गीता जोशी, मोहिनी बृजवासी, स्वाति, रेनू, मंजू, जीवंती, पूनम, लीला, रश्मि, मालती, खष्टी, इंद्रा, हेमा शर्मा, विनीता, अंजना, छाया आदि मौजूद रहीं।

नैनीताल में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करतीं आशा कार्यकत्री।

नैनीताल में आशाओं का हल्ला बोल

नैनीताल : केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आशा कर्मियों समेत सभी स्कीम वर्कर्स को सरकारी कर्मचारी घोषित करने तथा अन्य लंबित मांगों को लेकर आशाओं ने शुक्रवार को नैनीताल में प्रदर्शन किया। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद डीएम के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजा गया। इस दौरान आशाएं एक दिवसीय हड़ताल पर भी रहीं। यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने कहा कि राज्य के ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य सेवा की बुनियाद के रूप में आशा वर्कर्स सेवा देती आ रही हैं। प्रदर्शन करने वालों में हेमा, दीपा, बबीता, गीता, मुन्नी बिष्ट, दुर्गा टम्टा, भगवती, प्रभा, ममता, नीलम, अनीता, सुनीता आदि शामिल रहीं।

न्यूनतम वेतन को लेकर एलआईसी कर्मियों का प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: ऑल इंडिया इंश्योरेंस एंप्लाइज एसोसिएशन (एआईआईईए) के आह्वान पर शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित एलआईसी के मंडलीय कार्यालय में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने कार्यालय के गेट पर प्रदर्शन किया।

कर्मचारियों ने बढ़ती बेरोजगारी व महंगाई रोकने, चारों श्रम संहिताओं को रद्द करने, स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार किसानों को उनकी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने और असंगठित क्षेत्र के कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रूपये करने की मांग की। इसके साथ ही कर्मचारियों ने कहा कि पब्लिक सेक्टर का निजीकरण बंद किया जाए, पुरानी पेंशन बहाल हो और जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में फैमिली पेंशन बढ़ायी जाए और सभी विभागों में नई भर्ती की जाए। कहा कि सरकार इन मुद्दों पर ध्यान नहीं देगी तो आंदोलन को तेज किया जायेगा। इस मौके पर यूनियन के महामंत्री डीके पांडे, अध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी, ज्योति अरोड़ा, मधु सोती, निर्मला कुरियाल, सुनील पांडे, पंचम सिंह, अखिल शर्मा, परीक्षित लोशाली आदि उपस्थित रहे।

कर्मचारियों को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज गुप्ता।

बीएसएनएल कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

बीएसएनएल कर्मियों ने की एक दिवसीय हड़ताल

नैनीताल : बीएसएनएल कर्मचारियों ने मांगें पूरी न होने पर शुक्रवार को एक दिवसीय कार्य बहिष्कार कर नैनीताल स्थित मुख्य कार्यालय के बाहर नारेबाजी की। कार्मिकों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। प्रदर्शन करने वालों में पीडी जोशी, दीपक भंडारी, माधवी देवी, वाहिद हुसैन, मनीष, नेहा, निमेष पंत, प्रशांत परिहार आदि शामिल रहे।

चार दिन से हड़ताल पर उपनल कर्मी

भीमताल, अमृत विचार: उपनल संयुक्त मोर्चा के कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर चार दिन से हड़ताल पर हैं। 20 प्रतिशत बढ़ोत्तरी राशि देने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा पांच साल तक कार्य करने वाले कर्मचारियों के पद सृजित करने की मांग पर है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन पर अड़े हैं। संयुक्त मोर्चा कर्मी वीरेंद्र सिंह बोहरा, नंदन सिंह बिष्ट, सुंदर सिंह, गोपाल पंत, तारा, दीपक ने कहा कि वे अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार उनकी मांगों को मानने के बजाय उन्हें उलझा रही है। उच्च न्यायालय के निर्णय को लागू करने की मांग की।

बस चालकों की मनमानी से आक्रोश

संवाददाता, चोरगलिया

अमृत विचार: रोडवेज बस चालकों की मनमानी से यात्रियों में आक्रोश है। यात्रियों द्वारा हाथ देने पर भी चालक बस नहीं रोकते हैं।

उत्तराखंड सरकार द्वारा 60 साल से ऊपर के व्यक्तियों को रोडवेज बस में फ्री सफर करवाया जाता है। लोगों का आरोप है कि बस चालक जैसे ही 60 साल से ऊपर के व्यक्तियों को रोड पर देखते हैं तो वह गाड़ी रोकते ही नहीं हैं। मला पचौनिया चोरगलिया निवासी बहादुर राम का कहना है कि वह जब भी बाजार जाने के लिए रोडवेज बस के चालक को हाथ देते हैं तो बस चालक गाड़ी की स्पीड और ज्यादा तेज कर लेते हैं और उन्हें घर लौटना पड़ता है। नयागांव कटान निवासी देवी दत्त चौसली का कहना है कि वह बीमार हैं हल्द्वानी जाने के लिए रोडवेज के बस स्टॉप पर 1 घंटे से खड़े थे मगर बस चालक ने स्टॉप पर भी बस नहीं रोकी। पचौनिया निवासी उमेश सिंह का कहना था कि 2 दिन पूर्व वह सितारगंज से चोरगलिया जाने के लिए बस में बैठे और कंडक्टर को अपना आधार कार्ड दिखाया। कहा कि वह रोडवेज में फ्री सफर करते आए हैं मगर बस कंडक्टर ने उनकी एक न सुनी और उनसे पूरा किराया ले लिया। इस मनमानी के लिए यात्रियों ने कुछ दिन पूर्व रोडवेज के अधिकारियों से भी मुलाकात की थी, मगर कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों ने आज चोरगलिया मुख्य बाजार में रोडवेज चालकों के खिलाफ नारेबाजी की। इस अवसर पर लक्ष्मी दत्त जोशी, रणजीत सिंह बोरा, ईश्वर सुयाल मोहन जोशी, गोपाल सिंह बोरा मौजूद रहे।

चोरगलिया में नारेबाजी करते लोग। ● अमृत विचार

हालात कैंची धाम में भी भक्तों की संख्या में काफी कमी आई

हल्द्वानी हिंसा, किसान आंदोलन का पर्यटन पर असर

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: हल्द्वानी हिंसा व दिल्ली में किसान आंदोलन के बाद एनसीआर के सैलानी नैनीताल नहीं आ रहे हैं। शनिवार व रविवार को वीकेंड पर भी इसका असर दिखने लगा है।

इस बार बर्फबारी नहीं होने के चलते जनवरी फरवरी में सैलानी काफी कम संख्या में नैनीताल पहुंचे थे। अब बीते सप्ताह बनभूलपुरा घटना और दिल्ली में किसान आंदोलन के बाद अब वीकेंड पर आने वाले सैलानियों ने भी नैनीताल से मुंह मोड़ लिया है। इसके चलते पर्यटन पर आधारित स्थानीय व्यापारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं पूरे सप्ताह भक्तों से भरा रहने वाला कैंची धाम में भी भक्तों की संख्या में काफी कमी आई है।

होटलों की बुकिंग हुई कैंसिल, नगर में पसरा सन्नाटा: किसान आंदोलन व बनभूलपुरा घटना के बाद से सरोवर नगरी में सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं आगे भी स्थिति सामान्य नहीं होने से अब होटलों की अग्रिम बुकिंग भी कैंसिल होने लगी है। इसके चलते होटल कारोबारियों सहित अन्य छोटे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

नैनीझील में पर्यटकों की कमी के कारण पसरा सन्नाटा।

बर्फबारी नहीं होना, बनभूलपुरा घटना व किसान आंदोलन का नैनीताल के पर्यटन पर काफी असर पड़ा है। लोग नैनीताल आने से कतरा रहे हैं, जिसके चलते इस वीकेंड पर कई होटलों की बुकिंग भी कैंसिल हुई है। अगर जल्द स्थिति सामान्य नहीं हुई तो आने वाले वीकेंड पर भी इसका असर पड़ सकता है। –**रमनजीत सिंह**, उपसचिव होटल व रेस्टोरेंट एसोसिएशन।

दिन में चटक धूप के बाद रात को मौसम सर्द

हल्द्वानी, अमृत विचार: दिन में चटक धूप निकलने के बाद रात को सर्द ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में बारिश होने का अनुमान जताया है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार 19 फरवरी से मौसम में बदलाव आ सकता है और राज्य के कई हिस्सों में बारिश होने के आसार हैं।

इधर हल्द्वानी में दिन के समय चटक धूप निकल रही है। अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री दर्ज किया गया है। गर्म मौसम के कारण लोगों ने आजकल दिन में गर्म कपड़े पहनना कम कर दिया है।

एक नजर

दिन का कर्फ्यू हटाया गया

हल्द्वानी : प्रशासन ने बनभूलपुरा में कर्फ्यू में ढील दी है। डीएम वंदना सिंह ने बताया कि बनभूलपुरा में अतिक्रमण मुक्त स्थल से 100 मीटर की परिधि में कर्फ्यू लागू रहेगा। सिर्फ आवश्यक सेवाएं, परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र दिखाने पर आवाजाही की अनुमति होगी। वहीं, गौजाजाली, रेलवे बाजार, एफसीआई गोदाम परिसर क्षेत्र में सुबह 6 से रात 8 बजे तक ढील रहेगी जबकि नाइट कर्फ्यू रात 8 से सुबह 6 बजे तक रहेगा। बनभूलुपरा के बाकी क्षेत्र में सुबह 6 से सायं 5 बजे कर्फ्यू में ढील रहेगी।

कर्फ्यू से 80 प्रतिशत व्यापार प्रभावित

हल्द्वानी : किराना व्यापार मंडल के महामंत्री डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी का कहना है कि हल्द्वानी में बीती 8 फरवरी को लगे कर्फ्यू से व्यापार 80 प्रतिशत तक प्रभावित हुआ है। हल्द्वानी कुमाऊं का मुख्य द्वार है। सारी व्यापारिक गतिविधियां पर्वतीय मार्गों को हल्द्वानी से संचालित होती है। बनभूलपुरा लाइन नंबर 1 से लाइन नंबर 17- 18 तक अधिकांश दुकानें हैं। कर्फ्यू होने से वहां पर तमाम थोक व्यापारियों एवं वितरकों का कामकाज ठप हो गया है। पहाड़ से व्यापारियों के नहीं आने से भी व्यापार की गति काफी मंदी है। दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, लखनऊ, कानपुर से आने वाले मसाले, ड्राई फ्रूट के व्यापारी ट्रांसपोर्ट की असुविधा के चलते परेशान हैं।

स्वास्थ्य सेवाएं जारी

हल्द्वानी : कर्फ्यू के दौरान भी बनभूलपुरा में स्वास्थ्य सेवाएं जारी रहीं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनभूलपुरा में टीकाकरण के साथ ही ओपीडी में मरीज भी देखे गए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि 11 से 16 फरवरी तक पीएचसी बनभूलपुरा में 594 मरीजों को ओपीडी में देखा गया है। साथ ही 15 ब्लड टेस्ट कराए गए हैं।

हर गली-नुक्कड़ पर दंगाइयों के पोस्टर चस्पा, तलाश हुई तेज

दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक समेत सभी फरार 9 लोगों के पोस्टर जारी, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किए गए पोस्टर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मास्टर माइंड अब्दुल मलिक समेत बनभूलपुरा दंगे के फरार सभी 9 आरोपियों के खिलाफ पोस्टर पुलिस ने जारी कर दिए हैं। शुक्रवार को हर गली, नुक्कड़ पर पुलिस ने इनके पोस्टर चस्पा किए। रेलवे स्टेशन और बस अड्डों के साथ अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी पुलिस की अलग-अलग टीमों ने पोस्टर लगाए और जनता से इनके बारे में जानकारी देने की अपील की। इन पोस्टर को पूरे प्रदेश में लगाया जाएगा।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में दंगा भड़का था। पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम जब मलिक का बगीचा में नजूल की भूमि पर बने अवैध मदरसे और धार्मिक स्थल को ढहाने पहुंची तो स्थानीय लोगों ने टीम पर पथराव शुरू कर दिया। करीब 4 घंटे पथराव लगातार हुआ। टीमें जब वापस लौटने लगीं तो आगजनी कर उन्हें घेर लिया गया। फिर उन पर जलते टायर, पेट्रोल बम, पत्थर और गोलियां बरसाई गईं। इस दंगे का मास्टर माइंड लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी अब्दुल मलिक पुत्र अब्दुल रज्जाक को माना गया, जो मलिक का बगीचा में नजूल की भूमि पर अपना दावा ठोंक रहा था। घटना की रात से ही अब्दुल मलिक अपने बेटे अब्दुल मोईद समेत फरार हो गया। पुलिस ने दंगाइयों की पहचान कर तलाश शुरू की तो आरोपी फरार होने लगे। मामले में पुलिस ने जिन 18 लोगों को नामजद किया था, उनमें से 9 की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो सकी। जिसके बाद सभी के खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया। जबकि मास्टर माइंड मलिक और उसके फरार बेटे मोईद के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी हुआ। शुक्रवार को पुलिस ने मास्टर माइंड मलिक समेत फरार सभी आरोपियों के पोस्टर जारी कर दिए। इन पोस्टर को शहर के तमाम प्रमुख स्थानों पर चस्पा किया गया है। काठगोदाम रेलवे स्टेशन, हल्द्वानी रेलवे स्टेशन, लालकुआं रेलवे स्टेशन के अलावा जिले के सभी बस अड्डों और टैक्सी स्टैंड पर फरार दंगाइयों के पोस्टर चस्पा कर दिए गए हैं। जल्द ही ये पोस्टर पूरे राज्य के प्रमुख स्थानों पर चस्पा करने की तैयारी है।

इन नंबर पर पुलिस को दें गुप्त सूचना : एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने जनता से दंगाइयों के बारे में किसी भी तरह की सूचना देने की अपील है और इसको लेकर कई मोबाइल नंबर जारी किए हैं। उनका कहना है कि सूचना देने वाले को पूरे तरह गोपनीय रखा जाएगा। दंगाइयों के बारे में कोई भी सूचना मिले तो तत्काल नैनीताल पुलिस को 9411112743, 9411112741, 9411110396 तथा पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर 9411112979 व 9412087770 पर सूचित करें।

हल्द्वानी में जगह-जगह बनभूलपुरा दंगे के वांछितों के पोस्टर चस्पा किए गए। ● अमृत विचार

रडार पर हैं सफेदपोश

हल्द्वानी : बनभूलपुरा दंगे में सफेदपोशों का नाम भी सामने आ रहा है और जल्द इनकी गिरफ्तारी हो सकती है। हालांकि पुलिस इन सफेदपोशों के करीबियों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है। दंगे के मामले में पुलिस ने सबसे पहले 5 लोगों की गिरफ्तारी की थी, जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकी का भाई जावेद और दो निर्वतमान पार्षद को गिरफ्तार किया था। पुलिस सूत्रों का कहना है कि अब एक बड़े नेता की गिरफ्तारी होने वाली है।

इन दंगाइयों की तलाश

अब्दुल मलिक पुत्र अब्दुल रज्जाक
अब्दुल मोईद पुत्र अब्दुल मलिक
तस्लीम पुत्र साबिर कुरैशी
वसीम उर्फ हप्पा पुत्र अनीस सिद्दीकी
अयाज अहमद पुत्र शकील अहमद उर्फ हाफिज
रईस उर्फ दत्तू पुत्र रफीक अहमद
शकील अंसारी पुत्र जमील अहमद
मौकिन सैफी पुत्र नईम सैफी
जिया उल रहमान पुत्र अखलाक हुसैन

सभी फरार आरोपियों के खिलाफ पोस्टर जारी कर दिए गए हैं। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने शहर में कई स्थानों पर पोस्टर चस्पा कर दिए हैं। इसके अलावा नंबर जारी कर आम लोगों से इस संबंध में सूचना देने की अपील की गई है। - **प्रह्लाद नारायण मीणा,** एसएसपी नैनीताल

बनभूलपुरा दंगे में दो और गिरफ्तार

हल्द्वानी : बनभूलपुरा दंगे के मामले में पुलिस दो और दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। इनको लेकर अब तक कुल 44 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि घटना स्थलों के आसपास के सीसीटीवी व अन्य साक्ष्यों के आधार पर अजीम पुत्र मोहसीन निवासी इंद्रानगर ठोकर बनभूलपुरा और शाहाबुद्दीन पुत्र मोहम्मद याकूब निवासी गोपाल मंदिर के पास अबरार बार्बर के सामने नई बस्ती इंद्रानगर बनभूलपुरा को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में रविवार को पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तारी की थी और अब तक 44 लोग जेल भेजे जा चुके हैं।

घटना स्थल पर बनी चौकी देखते एडीजी अमित सिन्हा व अन्य पुलिस अधिकारी।

एडीजी ने देखरेख चौकी में बुना नए थाने का ताना-बाना

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: बनभूलपुरा में जहां से दंगे की शुरुआत हुई, एडीजी अमित सिन्हा वहां पहुंचे। यहां देख-रेख चौकी में उन्होंने आलाधिकारियों के साथ बैठक की और प्रस्तावित बनभूलपुरा थाने की इमारत के लिए चर्चा की।

मलिक का बगीचा पहुंचने से पहले एडीजी अमित सिन्हा से दंगाइयों द्वारा फूंके गए बनभूलपुरा थाने पहुंचे। यहां उन्होंने मरम्मत कार्य को देखा और फिर बनभूलपुरा क्षेत्र का भ्रमण करते हुए मलिक का बगीचा पहुंचे। यहां बनी देख-रेख चौकी (पुलिस का बगीचा) में एडीजी ने डीआईजी योगेंद्र रावत, एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के साथ बैठक की। उन्होंने वर्तमान हालात और देख-रेख चौकी के स्थान पर बनने वाले बनभूलपुरा थाने की नई इमारत को लेकर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मनोज ठाकुर, क्षेत्राधिकारी भवाली नितिन लोहनी, क्षेत्राधिकारी एसटीएफ सुमित पांडे आदि पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

दंगे में अहम भूमिका निभाने वाले एसपी का तबादला

हल्द्वानी : दंगे के दौरान अहम जिम्मेदारी निभाने वाले हल्द्वानी के अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह का तबादला हो गया है। अपर सचिव अतर सिंह ने उनका तबादला अपर पुलिस अधीक्षक नैनीताल के पद पर कर दिया है। प्रकाश चंद्र अब हल्द्वानी के नए अपर पुलिस अधीक्षक होंगे। अभी तक वह उप सेनानायक आईआरबी द्वितीय दून के पद पर तैनात थे।

प्रांत प्रचारक ने जाना घायलों का हाल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत प्रचारक डॉ शैलेंद्र और विश्व संवाद केंद्र के प्रदेश प्रभारी संजय ने शुक्रवार को बनभूलपुरा बलवे में घायल हुए अमृत विचार के छायाकार संजय कनेरा समेत अन्य का हालचाल जाना। उन्होंने पुलिस से सभी का बारीकी से सत्यापन करने पर जोर दिया।

आरएसएस के दोनों पदाधिकारी शुक्रवार को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित संजय कनेरा के आवास पहुंचे। जहां संजय ने उन्हें आपबीती सुनाते हुए बताया कि हमलावर ज्यादातर 15 से 18 वर्ष के थे। हमलावर बेरहमी से पत्थर मार रहे थे और टुकड़ियां बनाकर हमला कर रहे थे। एक टुकड़ी जाती तो दूसरा हमला करती। कोई पत्थर, कोई डंडे और कोई धारदार हथियार मार रहा था। कैमरा, मोबाइल भी छीन लिया। बाद में लहूलुहान हालत में दो युवक पकड़कर उन्हें शनि बाजार तक छोड़ गए। एक दोस्त का नंबर याद था किसी से उसे फोन कराया, तब वह उसे लेकर बेस अस्पताल पहुंचा। वहीं हिंसा में घायल राजेंद्र सिंह बिष्ट बबली के घर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जिस जिस तरह से हमला हुआ, ऐसा लग रहा था कि सब कुछ पूर्व सुनियोजित था। मलिक के बगीचे में पुलिस प्रशासन के पहुंचते ही पथराव शुरू हो गया था। विवादित ढांचा गिराते ही पथराव तेज हो गया। चक्रव्यूह इस तरह था कि सब रास्ते बंद हो गए। इधर, प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र ने कहा कि भूमाफियों से सख्ती से निपटने की जरूरत है। सभी बाहरियों का बारीकी से सत्यापन किया जाना चाहिए। उपद्रवियों और असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

छायाकार संजय कनेरा का हालचाल जानते प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र व अन्य।

दंगाइयों के खनन वाहनों के पंजीयन होंगे निरस्त

हल्द्वानी, अमृत विचार : डीएम वंदना सिंह ने शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में खनन समिति की बैठक की।

डीएम वंदना ने तत्काल प्रभाव से बनभूलपूरा बलवे में पुलिस के नामजद अभियुक्तों एवं उनके परिजनों के नाम से गौला नदी में खनन वाहनों का पंजीयन निरस्त करने के निर्देश दिए। यह तय हुआ कि गौला नदी में काम करने वाले श्रमिकों के बच्चों के लिए मुस्कान एवं आंगनबाड़ी केंद्र को मलिक के बगीचे में अतिक्रमण मुक्त भूमि पर बनाया जाएगा। कोसी नदी के सभी गेटों में तत्काल इलेक्ट्रॉनिक कांटे लगाने के निर्देश दिए। रामनगर एआरटीओ को कोसी नदी के खनन गेटों के निकासी मार्ग पर सीसीटीवी कैमरा लगाने को कहा। खनन श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के लिए कहा।

जेल में अलग बैरक में दंगाई, मिलने पर पाबंदी

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

अमृत विचार : जिन पर दंगे का आरोप है, उन्हें जेल में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। उनके लिए एक अलग बैरक बुक है और मिलाई पर पूरी तरह पाबंदी है। उन्हें बैरक में ही रखा और बैरक से बाहर निकलने की इजाजत नहीं है। उन्हें खाना भी बैरक में ही परोसा जा रहा है। सभी 42 दंगाई एक ही बैरक में हैं और अन्य कैदियों व बंदियों से दूर।

हल्द्वानी उपकारागार में कैदियों और बंदियों की संख्या कभी 15 सौ से कम नहीं होती। ये संख्या जेल की क्षमता से लगभग दो गुनी है। इन्हें संभालना जेल प्रशासन के लिए पहले से ही चुनौती है। अब दंगे के मामले में गिरफ्तार किए गए 42 लोगों को भी पुलिस ने यहीं भेजा है। डर था कि अगर इन 42 लोगों को अन्य कैदियों व बंदियों के बीच रखा गया तो गड़बड़ हो सकती है। ऐसे में जेल प्रशासन ने जेल में एक अलग बैरक का इंतजाम किया। बैरक नंबर दो में सभी एक साथ हैं। उन्हें बैरक में ही खाना-पीना मिल रहा है।

इन्हें भी वही दाल-रोटी खिलाई जा रहा है, जो अन्य बंदियों और कैदियों को परोसी जा रही है।

न तो उन्हें अन्य कैदियों व बंदियों की तरह आम बंदियों से मिलने की अनुमति है और न ही किसी बाहरी को मिलाई की इजाजत है। मिलाई पर पाबंदी कब तक रहेगी, यह स्पष्ट नहीं है। आगे भी जितनी गिरफ्तारियों होंगी, उन्हें भी यहीं रखा जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर और बैरकों का भी जेल प्रशासन इंतजाम कर रहा है।

सख्ती

- **दंगाइयों की सुरक्षा और अफवाह फैलने से रोकने के लिए जेल प्रशासन ने उठाया कदम, दंगाइयों के लिए बुक है बैरक**

जेल में सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी गई है। दंगे के आरोपियों को एक साथ रखा गया है। सभी का नियमित स्वास्थ परीक्षण भी कराया जा रहा है। अन्य बंदियों और कैदियों को दिया जाने वाले भोजन उन्हें भी दिया जा रहा है। - **प्रमोद पांडे,** जेल अधीकर, हल्द्वानीउपकारागार

बैरक के बाहर लगाया गया पहरा

हल्द्वानी : संभावना ऐसी भी है कि दंगे के आरोप में गिरफ्तार किए गए लोग आपस में ही टकरा सकते हैं। अन्य बंदियों और कैदियों से भी उन्हें खतरा है। ऐसे में बैरक के बाहर भी पहरा बैठाया गया है। बताया जा रहा है कि दंगे के आरोपियों को देखने के लिए अन्य बंदी और कैदी उक्त बैरक के करीब पहुंच जा रहे हैं। जिन्हें वापस खदेड़ा जाता है। बैरक के बाहर पहरा शिफ्टों में लग रहा है। जेल में लगे सीसीटीवी से भी इन पर नजर रखी जा रही है।

जेल की चहारदीवारी में घुसते ही हो गए बीमार

हल्द्वानी : दंगे के आरोपियों को कई टुकड़ियों में जेल लाया गया। इन 42 लोगों में कई ऐसे भी थे, जो थाने से मेडिकल कराने बेस और बेस से जेल के बाहर पहुंचने तक ठीक थे। ये जैसे ही जेल के भीतर पहुंचे तो तरह-तरह से बीमार होने लगे। किसी को दांत तो किसी को पेट में दर्द शुरू हो गया। आरोपी अस्पताल ले जाने की गुजारिश करने लगे, लेकिन जेल प्रशासन ने इसकी इजाजत नहीं दी। इन सभी का जेल के भीतर ही बनी डिस्पेंसरी में उपचार हुआ।

अफसरों-बनभूलपुरा के लोगों के बयान होंगे दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मंडलायुक्त दीपक रावत ने बनभूलपुरा दंगे की जांच शुरू कर दी है। वह जल्द ही पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के बयान भी दर्ज करेंगे।

बीती 8 फरवरी को मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर बने विवादित ढांचे को गिराने पर समुदाय विशेष की उन्मादी भीड़ ने पुलिस, प्रशासन, नगर निगम की संयुक्त टीम पर हमला कर दिया था। उन्मादी भीड़ ने आगजनी की और पुलिस थाना फूंक दिया था। इस पर बीती 10 फरवरी को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बनभूलपुरा बलवे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए थे। जांच अधिकारी मंडलायुक्त दीपक रावत को बनाया था। इधर, दीपक रावत ने बीती 14 फरवरी से मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने फोन नंबर, मेल आईडी जारी कर लोगों से दंगे के संबंध में बयान, गवाही देने की अपील की है।

मंडलायुक्त रावत ने बताया कि बनभूलुपरा दंगे की जांच की जा रही है। इस प्रकरण में डीएम, एसएसपी, नगर आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट समेत बिजली, अग्निशमन कई विभागों के अधिकारियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। अभी सभी अधिकारी बनभूलुपरा में स्थिति सामान्य करने के लिए लगे हुए हैं इसलिए किसी के बयान नहीं हो पाए हैं।

जल्द ही सभी के बयान दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जांच 15 दिन में पूरी करनी है, लेकिन अधिकारी बनभूलपुरा में तैनात हैं। कर्फ्यू लगा होने की वजह से बनभूलपुरा के नुमाइंदे भी बयान नहीं दे सकते हैं। ऐसे में इस समय में जांच पूरी करना मुश्किल है इसलिए शासन से जांच के लिए समय बढ़ाने का अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि यदि किसी के पास बनभूलपुरा बलवे से संबंधित किसी के पास भी कोई सूचना या साक्ष्य हो तो जानकारी मुहैया करा सकता है।

पड़ताल

- **मंडलायुक्त दीपक रावत ने कहा कि जांच पूरी करने के लिए शासन से समय बढ़ाने का भी किया जाएगा अनुरोध**

पुलिस करेगी हर मौत की जांच

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे में बड़ी संख्या में पुलिस, नगर निगम और प्रशानिक अधिकारी, कर्मचारी घायल हुए। मौतें भी हुईं, लेकिन अब मौतें सवालों के घेरे में हैं और इसकी वजह यह है कि न तो पुलिस को घटना स्थल पर कोई मृत मिला और न ही घायल। जब प्रकाश की मौत से पर्दा उठा तो मौतों पर सवाल गहरा गए। सभी मौतों से पर्दा उठाने के लिए एसएसपी ने स्पेशल टीम गठित कर दी है।

संभावना जताई जा रही है कि दंगे की आड़ में रंजिश भुनाई गई और लोगों की हत्या कर दी गई।

बीती 8 फरवरी को बनभुलपुरा में दंगा भड़का। अगली सुबह आंवला चौकी गेट के पास बिहार के प्रकाश कुमार सिंह की लाश मिली। इस मौत को दंगे से जोड़ा गया, लेकिन जब पुलिस ने जांच शुरू की तो मामला कुछ और ही निकला। चोरगलिया थाने के एक सिपाही ने साथियों के साथ मिलकर प्रकाश को इसलिए मार डाला, क्योंकि प्रकाश के उसकी पत्नी से अवैध संबंध थे और प्रकाश अंतरंग वीडियो के बूते महिला को ब्लैकमेल कर रहा था। प्रकाश की मौत के रहस्य से पर्दा उठते ही अन्य 5 मौतों पर भी सवाल खड़े हो गए। 8 फरवरी की रात से नौ फरवरी तक पोस्टमार्टम हाउस में गोली लगने से मारे चार लोगों के शव पोस्टमार्टम पहुंचे। दो दिन बाद गोली से घायल इसरार नाम के व्यक्ति की भी मौत हुई।

माना जा रहा है कि दंगे की आड़ में प्रकाश की ही तरह अन्य लोगों की भी हत्याकर दुश्मनी भुनाई गई। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि सभी मौतों की जांच करा कर मौत का सच बाहर लाया जाएगा। इसके लिए स्पेशल टीम गठित कर दी गई है।

बनभूलपुरा में कर्फ्यू के दौरान ड्यूटी पर तैनात अर्द्ध सैनिक बल। ● अमृत विचार

सुरक्षा सरोवर नगरी में पुलिस की निगरानी में हुई नमाज, सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद के बाहर तैनात रही पुलिस

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: हल्द्वानी हिंसा का असर नैनीताल में अब भी देखने को मिल रहा है। जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। वहीं पुलिस शहर के हर एक क्षेत्र में नजर बनाए हुए है।

बता दें कि बीते दिनों हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने के दौरान भड़की हिंसा के बाद नैनीताल में पुलिस और ज्यादा चौकन्नी हो गई। शहर में शुक्रवार को भी सुबह से ही नैनीताल में भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस नजर बनाए थी। वहीं दोपहर में जुमे की नमाज के दौरान मल्लीताल मस्जिद में भीड़ शुरू होने लगी तो सुरक्षा के तहस पुलिस मस्जिद के बाहर तैनात हो गई। इस दौ रान पुलिस लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की भी अपील करती रही। वहीं पुलिस की ओर से शहर में गश्त कर भी नजर रखी गई। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि नैनीताल में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद के समीप मौजूद रही। बताया कि शहर का माहौल शांत है, लोगों से भी शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है।

तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन देते लोग। ● अमृत विचार

बनभूलपुरा के लोगों को मिले त्वरित सहायता

रामनगर : बनभूलपुरा कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र में रहने वाले लोगों को त्वरित सहायता पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं का निराकरण करने की मांग को लेकर उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने तहसीलदार कुलदीप पांडे के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। इस दौरान उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के प्रधान महासचिव प्रभात ध्यानी, कार्यकारिणी सदस्य मनमोहन अग्रवाल, नगर संयोजक मोहम्मद आसिफ, ब्लॉक संयोजक गोपाल असमोड़ा, एसआर टम्टा आदि मौजूद रहे।

छात्रों को दिया जाएगा परीक्षा का अवसर

हल्द्वानी : बनभूलपुरा क्षेत्र में निवास करने वाले विद्यार्थियों को गृह परीक्षा देने का दोबारा मौका मिलेगा। कर्फ्यू की वजह से कई बच्चे गृह परीक्षा देने से वंचित रह गए।

बीती आठ फरवरी की देर रात शाम को हल्द्वानी में कर्फ्यू लगा दिया गया था। कर्फ्यू के दो दिन बाद बनभूलपुरा थाना क्षेत्र को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर कर्फ्यू हटा दिया। सरकारी स्कूलों में गृह परीक्षा भी हुई हालांकि कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र के विद्यार्थी परीक्षा नहीं दे पाए। बीईओ हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि छात्र-छात्राएं गृह परीक्षा से वंचित रह गए हैं उनके लिए अलग से परीक्षा आयोजित करवाई जाएगी।

सार-संक्षेप

डॉ. रवि जोशी प्रदर्शन कला परिषद के निदेशक नियुक्त

नैनीताल : कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कुमाऊं विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के प्राध्यापक डॉ. रवि जोशी ने पहल शुरू की है। डॉ. जोशी देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी शास्त्रीय संगीत का प्रदर्शन कर चुके हैं। उनकी लगन को देखते हुए कुमाऊं विवि के कुलसचिव दिनेश चंद्रा ने उन्हें संस्कृति और प्रदर्शन कला परिषद का निदेशक नियुक्त किया है। कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रवि जोशी ने बताया कि वह रसिया, जर्मनी, मॉरको, करांची पाकिस्तान जैसे देशों के साथ ही भारत के विभिन्न राज्यों में प्रतिभाग कर चुके हैं।

एथेनॉल प्लांट के विरोध में तहसील में धरने पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

एथेनॉल प्लांट के निर्माण का विरोध तीसरे दिन भी जारी

कालाढूंगी : चकलुवा क्षेत्र में निर्माणाधीन एथेनॉल प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का विरोध तीसरे दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने मानकों की जांच करने की मांग करते हुए कहा कि एसडीएम को पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर कार्रवाई न करने व मानकों की जांच न किए जाने व जांच न होने तक तहसील परिसर में अनिश्चितकाल तक धरना देने को लामबंद हैं। इस दौरान रवि दिगारी, लाल सिंह जंतवाल, गंगा सामंत, मोहन खोलिया, कुंदन जंतवाल, जगतार सिंह, रामू अटवाल, तारा जलाल, रामू अटवाल, इन्द्र अटवाल, लक्ष्मण सिंह देउपा, मनोज खोलिया, महेश बिष्ट, चंद्रमोहन कुंवर उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्रों के साथ महिलाएं। ● अमृत विचार

जूट उत्पादों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

हल्द्वानी : बड़ौदा आरसेटी के एनयूएलएम के तहत नगर निगम में स्वयं सहायता समूह की 25 महिलाओं को दिए जा रहे जूट उत्पादों की 13 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक, नैनीताल केआर आर्य ने महिलाओं के बनाए जूट बैग, धूप, मोमबत्ती आदि की व स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। इसी के साथ दो दिवसीय एफएलसीआरपीएस रिफ्रेशर ट्रेनिंग की भी शुरूआत की गई। संस्थान के निदेशक प्रदीप सिंह यर्सों ने बताया कि ट्रेनिंग के बाद भी प्रशिक्षुओं को व्यापार व ऋण आदि में सहयोग किया जाता है। इस दौरान नगर निगम की प्रतिनिधि अर्चना, मास्टर ट्रेनर किरन नेगी, हेम कृष्ण सिंह, ममता कनवाल, प्रकाश गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

एसएसआई दीपक बिष्ट को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

पर्यटकों के साथ मारपीट मामले में कार्रवाई की मांग

नैनीताल : नगर के मल्लीताल स्थित पंत पार्क में गुरुवार को टैक्सी चालकों व पर्यटकों के बीच हुई मारपीट घटना से आहत मां नयना देवी व्यापार मंडल ने कार्रवाई की मांग को लेकर मल्लीताल कोतवाली में ज्ञापन सौंपा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मल्लीताल एसएसआई दीपक बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के अनुसार पर्यटक तथा स्थानीय कथित टैक्सी चालकों के बीच मारपीट के लगातार कई मामले सामने आ रहे हैं। इससे पर्यटन कारोबार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रकरणों में सख्ती से जांच होनी अनिवार्य है। उन्होंने पुलिस से मांग की है, कि मारपीट करने वाले संबंधित चालकों का सत्यापन कराया जाए।

रामनगर में बैठक करते आइसा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देगी क्लस्टर स्कूल योजना

रामनगर : छात्र संगठन ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की नगर कमेटी की बैठक में रामनगर अध्यक्ष सुमित कुमार ने कहा कि सरकार नई शिक्षा नीति के तहत विद्यालयों और पाठ्यक्रमों में बदलाव करने लगी है। इसी के तहत स्कूलों में "कलस्टर स्कूल योजना" लागू की जा रही है। इससे शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान सुमित कुमार, धीरज कुमार, शबनम, सुजल, नीरज फर्त्याल, गोविंदा, अमन कुमार आदि मौजूद रहे।

एसडीएम ने किया दावा, गौलापार स्थित हेलीपोर्ट बनकर तैयार, सभी तकनीकी व जरूरी काम हुए पूरे

पिथौरागढ़, मुनस्यारी, चम्पावत के लिए हेली सेवा 22 से

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कुमाऊंवासियों के लिए खुशखबरी। 22 फरवरी से हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी, चम्पावत के लिए के लिए हेली सेवा शुरू होगी।

उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अंतर्गत हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चम्पावत के लिए हेली सेवा प्रस्तावित है। इसके लिए हेरिटेज एविएशन कंपनी को मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविशन से अनुमति प्राप्त हो चुकी है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) से भी एनओसी मिल चुकी है। हल्द्वानी के गौलापार में हेलीपोर्ट बनाया गया है।

एविएशन कंपनी ने जिला प्रशासन के साथ गौलापार स्थित हेलीपैड का स्थलीय निरीक्षण किया था। डीएम वंदना सिंह ने हेली सेवा शुरू करने को लेकर एसडीएम तथा लोनिवि अधिकारियों को सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए ताकि पहाड़ के लोगों व पर्यटकों को हेली सेवा का लाभ मिल सके। बीती 19 जनवरी को गौलापार स्थित हेलीपेड से हेली सेवा का ट्रायल किया गया था। इसके बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कुछ काम करने के निर्देश दिये थे। इसके बाद प्रशासन ने हेलीपैड से हवाई यात्रा सुचारू करने के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद कर दिया है। हेली सेवा का ट्रायल सफल होने पर डीजीसीए की अनुमति के बाद यह सेवा 22 फरवरी से 2024 से प्रारम्भ होगी उन्होंने जोड़ा।

7 सीटर होगी हेली सेवा, दिन में दो बार भर सकेंगे उड़ान

हल्द्वानी से 7 सीटर हेलीसेवा शुरू होगी। हल्द्वानी से पिथौरागढ़, हल्द्वानी से मुनस्यारी और हल्द्वानी से चम्पावत के लिए हेली सेवा संचालित की जाएगी। यह सेवा प्रतिदिन दो बार तीनों जगहों के लिए उड़ान भरेगी। वहीं, एक हेली हल्द्वानी में रहेगा। हेलीपोर्ट पर हर समय 2 पायलट और 4 इंजीनियर भी मौजूद रहेंगे।

22 फरवरी से हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी, चम्पावत के लिए हेली सेवा शुरू होगी। बीती 19 जनवरी को इसका ट्रायल हुआ था, इसके बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने दिशा निर्देश दिए थे जिनका पालन कर लिया गया है। गौलापार स्थित हेलीपोर्ट भी बनकर तैयार है। अब जल्द ही हेलीसेवा शुरू हो जाएगी।
-परितोष वर्मा, एसडीएम हल्द्वानी

12 छात्रों को मिली प्रोत्साहन छात्रवृत्ति

कालाढूंगी: राजकीय महाविद्यालय कोटाबाग में सीएम उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 12 मेधावी छात्र-छात्राएं लाभांवित हुए हैं। प्राचार्य नवीन भगत ने बताया कि मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति के लिए चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र नवल बुढलाकोटी एवं प्रियांशु गुरुरानी, स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्रा दीक्षा तिवारी, स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा प्रियंका गरजोला, स्नातकोत्तर समाजशास्त्र स्तर पर हिमानी, निकिता स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान स्तर पर बीना बिष्ट, भावना भंडारी, मनीषा बिष्ट, डौली अधिकारी, ललिता बधानी, निधि गिनती शामिल हैं।

रामनगर के रंगमंच पर जीवंत हो उठीं उत्तराखंड की पौराणिक लोक गाथाएं

नैनीताल, बागेश्वर और चमोली से पहुंचे कलाकारों ने किरदारों को किया जीवंत

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति के रंगमंच पर चल रही राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के तीसरे दिन उत्तराखंड की पौराणिक लोक गाथाएं जीवंत हो उठीं।

कल्पेश्वर सांस्कृतिक कला मंच उर्गम घाटी चमोली ने राम जन्म से लेकर सीता स्वयंवर तक गढ़वाली रामलीला को शानदार रूप से प्रस्तुत किया। अभिजीत प्रकाश के निर्देशित नाटक में अभिजीत प्रकाश एवं जयंती कठियार का गायन शानदार रहा। जनकल्याण समिति कुंवारी बागेश्वर ने प्रकाश चंद के निर्देशन में बागनाथ सरयू, कुली बर्दाईश की जानदार प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीता। भगवान बागनाथ एवं सरयू नदी के उदगम के साथ प्रस्तुत लोकगाथा में धर्म सिंह नेगी व दया एठानी के गीतों ने कलाकारों के अभिनय में जान फूंक दी। प्रयोगांक नैनीताल के कलाकारों ने मदन मेहरा के निर्देशन में भगतु माया का शान की शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान अध्यक्ष गिरीश मठपाल, सचिव दीप चंद्र जोशी, मुख्य निर्णायक श्रीश डोभाल, नरेश बिष्ट, डॉ कुसुम भट्ट, कमल बेलवाल, रोहित गोस्वामी, अनुज मिश्रा, प्रबन्धक भूपेंद्र खाती, गणेश पंत, नवीन करगेती, मोहन बिष्ट, मानवेन्द्र कालाकोटी, मनोज पपनै, वीरेंद्र पांडे, विनीत रिखाड़ी, गोपाल कांडपाल, तरुण जोशी, भावना भट्ट, गोपाल दत्त रिखाड़ी आदि मौजूद रहे।

मंच पर लोक गाथा प्रस्तुत करते नैनीताल के कलाकार। ● अमृत विचार

लोक नृत्यों ने बांध दिया समां

रामनगर, अमृत विचार : प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति के रंगमंच पर उत्तराखंड के लोक नृत्यों की ऐसी बानगी रखी कि दर्शक झूमने लगे। हुड़के की थाप, मंजीरे की आवाज, जागर, खेतों की बुआई, मेलों में प्रचलित लोक गीतों एवं झोड़ा नृत्यों को देखकर लगा कि पहाड़ की लोक संस्कृति ने राम की नगरी में अपना पड़ाव डाल दिया हो। मंच पर शैल संगीत रंग मंच समिति कोटद्वार ने लोकनृत्य की बानगी रखी तो पर्वतीय महिला ग्राम विकास समिति भरतपुरी ने वंदना एवं छपेली नृत्य से सबका दिल मोह लिया। दर्शक दीर्घा में बैठे निर्णायक श्रीश डोभाल, डॉ कुसुम भट्ट, एवम नरेश बिष्ट ने कलाकारों की सराहना की।

लोक नृत्य करते रामनगर और कोटद्वार के कलाकार। ● अमृत विचार

वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में पहचान बनाएगा उत्तराखंड

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के भारत रंग महोत्सव का शुभारंभ करने पहुंचे पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि पर्यटन के साथ-साथ उत्तराखंड अब वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब लोग विदेश में नहीं बल्कि आने वाले समय में उत्तराखंड के अलग-अलग स्थानों को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में चुन रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि रामनगर पर्यटन नगरी है और वह रामनगर में भी 16 सीटर हेलीपैड चलाने को लेकर मुख्यमंत्री के साथ ही केंद्र में भी बात रखेंगे। साहित्य कला संस्कृति परिषद का गठन को लेकर उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस पर जरूर विचार किया जाएगा।

बता दें कि तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. नारायण दत्त तिवारी के समय में साहित्य कला संस्कृति परिषद का गठन हुआ था।

लेकिन कई वर्षों से इसका गठन नहीं हो पाया है। अब सतपाल महाराज के बयान के बाद एक बार फिर उम्मीद जगी है। नेशनल हाईवे 309 रामनगर से बद्रीनाथ की सड़कों के चौड़ीकरण के साथ ही दुरुस्त करने को लेकर उन्होंने कहा कि इस मामले में हमारी केंद्र से बात चल रही है। जल्द ही इस पर निर्णय सामने आएगा। सरकार जन हित और विकास के कार्यो के लिए निरन्तर नई नई योजनाओं के क्रियान्वन पर गम्भीरता से प्रयास कर रही है।

बेतालघाट में चाय फैक्ट्री की उम्मीदें बढ़ीं

गरमपानी : बेतालघाट घाटी अब चाय उत्पादन के क्षेत्र में पहचान बनाने लगी है। लगातार बढ़ रहे उत्पादन से अब चाय फैक्ट्री की उम्मीदें भी बढ़ने लगी है। वर्तमान में नौ ग्राम पंचायतों में पचास हेक्टेयर में बागान में चाय उत्पादन किया जा रहा है। चाय विकास बोर्ड के प्रबंधक नवीन चंद्र पांडे के अनुसार बेहतर उत्पादन से बेतालघाट में चाय फैक्ट्री के स्थापित होने की उम्मीदें बढ़ चुकी है।सब्जी व फल उत्पादन के क्षेत्र में विशेष पहचान रखने वाले बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में अब चाय उत्पादन भी अग्रणी योगदान दे रहे हैं। वर्ष 2015 में चाय विकास बोर्ड के बेतालघाट घाटी में कदम रखने के बाद से किसानों ने बंजर हो चुके खेतों में नर्सरी स्थापित करनी शुरु की। टी बोर्ड के अधिकारियों व कर्मचारियों कि विशेष देखरेख में शुरु हुई नर्सरियों में उत्पादन शुरु होने से स्थानीय लोगों को भी बेहतर रोजगार उपलब्ध होने लगा। वर्तमान में बेतालघाट ब्लॉक के घूना, पाडली तथा डोलकोट गांव में करीब पांच लाख पौधों की नर्सरी भी संचालित है।

खराब पाइपलाइनों से मिलेगा छुटकारा

भीमताल, अमृत विचार : नगर में हर साल गर्मियों में पेयजल समस्या बनी रहती है। इस वर्ष भी बारिश नहीं होने से लोग पानी को लेकर परेशान हैं। बारिश नहीं होने से ट्यूबवेल सही से नहीं भर पा रहे हैं। लोगों की समस्या को देखते हुए जल संस्थान पुरानी पाइपलाइनों को बदलने का काम कर रहा है। निवर्तमान सभासद किशन अधिकारी ने बताया कि भवाली में हमेशा पेयजल समस्या से लोग परेशान रहते हैं। इस बार फरवरी से ही पेयजल संबंधित समस्या आने लगी है। बारिश नही हुई तो पानी की किल्लत झेलनी पड़ेगी। जल संस्थान एई रवि डोभाल ने बताया कि पुरानी पाइपलाइनों से पानी लीकेज, टूटने की समस्या बनी रहती थी। 700 मीटर पाइपलाइन बदली जा रही है। पुराने पाइपों में वेल्डिंग कर अब तक काम चलाया जा रहा था।

बाइक रैली निकालते किसान मोर्चा के सदस्य। ● अमृत विचार

संयुक्त किसान मोर्चा ने निकाली बाइक रैली

रामनगर। संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के ग्रामीण भारत बंद के आह्वान पर संयुक्त संघर्ष समिति ने दो पहिया वाहन रैली निकाली। दोपहिया वाहन रैली पैठपड़ाव से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, पीरुमदारा, हाथी डंगर, बासीटीला, सेमलखलिया, सांवल्दे, हिम्मतपुर डोटियाल होते हुए कानिया में एक सभा के साथ समापन हुआ। सभा को संबोधित करते हुए ललित उप्रेती ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर दिल्ली जा रहे किसानों को हरियाणा बार्डर पर रोक कर बर्बर दमन किया जा रहा है। इस दौरान उपपा नेता प्रभात ध्यानी, मोहम्मद आसिफ, चिंता राम, इंकलाबी मजदूर केंद्र के रोहित रुहेला, महिला एकता मंच की सरस्वती जोशी, कौशल्या चुनियाल, गोविंद अधिकारी, तारा बेलवाल, राजेंद्र सिंह, ललित मोहन पांडे, संजय मेहता, हीरा सिंह, सूरज, भुवन आर्य, कमल, मुकेश जोशी, मुकुल जोशी, रमेश जोशी शामिल हुए।

पीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट जेजेएम पर ठेकेदार लगा रहे पलीता

हालात

- 24 ठेकेदारों पर है हल्द्वानी डिवीजन की 58 योजनाओं का जिम्मा
- योजनाओं को हर हाल में करना है 31 मार्च तक पूरा

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: अपने बयानों व भाषणों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना (जेजेएम) की बढ़-चढ़कर तारीफ व हर घर तक नल व जल पहुंचाने का दावा करते हैं लेकिन ठेकेदार उनके ड्रीम प्रोजेक्ट पर पलीता लगा रहे हैं। आपसी होड़ में ठेकेदारों ने कई-कई ठेके अपने नाम तो करवा लिए लेकिन उनके पास पर्याप्त संख्या में मजदूर न होने के कारण पहले वे प्रोजेक्टों को आगे खिसकाते रहे व अब अपने हाथ ही खड़े करने लगे हैं, जिससे विभाग के अधिकारी भी सकते में हैं, क्योंकि योजना को आगामी 31 मार्च तक पूरा किया जाना है। ठेकेदारों की लापरवाही से जेजेएम की योजनाओं को पूरा करने में देरी हो रही है व कार्यों की वर्तमान स्थिति देखकर नहीं लगता कि वे समय पर पूरी हो पाएंगी।

हल्द्वानी डिवीजन में कुल 58 योजनाओं पर काम किया जा रहा है, जिनमें 24 ठेकेदार काम कर रहे हैं। इसमें एक ठेकेदार ऐसा है, जो अकेले हल्द्वानी डिवीजन की 8 योजनाओं में काम कर रहा है और इसके साथ ही अन्य डिवीजन की योजनाओं में भी इसके काम चल रहे हैं। इसी तरह कई ठेकेदार ऐसे हैं जो कई योजनाओं में एक साथ काम कर रहे हैं लेकिन उनके पास सीमित संसाधन हैं जिससे योजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पा रही हैं।

जिले की बात करें तो यहां कुल 520 योजनाएं हैं, जिनमें अभी तक 163 योजनाएं ही पूरी हो पाई हैं। जल संस्थान की ओर से लगभग सभी ठेकेदारों को काम में लापरवाही पर नोटिस दिया गया, जबकि केवल 2 ठेकेदारों की जमानत जब्त की गई। कई ठेकेदारों को एक से अधिक बार नोटिस दिया गया, जिसके बाद काम शुरू हो पाया। विभाग ने ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी तक दी लेकिन किसी भी ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट नहीं किया गया।

हल्द्वानी डिवीजन की बात करें, तो यहां 50 प्रतिशत योजनाएं देरी से चल रही हैं, जिनका समय पर पूरा होना बहुत मुश्किल है।

अधिकारियों की मानें तो विभाग की मजबूरी है कि वह ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने सहित अन्य ठोस कार्रवाई नहीं कर सकता है। उनका कहना है कि योजनाएं पहले से देरी से चल रही हैं और इस पर ठेकेदार का टेंडर निरस्त किया जाए तो जिन योजनाओं में काम चल रहा है वह भी पूरी नहीं हो पाएंगी।

नैनीताल डिवीजन की 236 योजनाओं में 100 योजनाएं भी नहीं हो पाई

जल निगम भीमताल की 76 योजनाओं में 33 में काम पूरे हुए, जबकि 20 योजनाओं में आधा काम हो पाया है और 13 योजनाएं अपने शुरूआती चरण में हैं। जल निगम रामनगर में कुल 72 योजनाओं में 24 पर काम पूरा हो गया और 25 योजनाएं अधूरी हैं, जबकि 15 योजनाएं अपने शुरूआती चरण में हैं। इसी तरह जल संस्थान नैनीताल डिवीजन में कुल 236 योजनाएं हैं जिनमें 95 योजनाएं ही पूरी हो पाई हैं और 50 से अधिक योजनाओं में आधा काम भी नहीं हो पाया है जबकि 38 योजनाएं अपने शुरूआती चरण में हैं। हैरानी की बात है कि 10 से अधिक योजनाएं शुरू नहीं हुई हैं। लालकुआं डिवीजन में कुल 54 योजनाओं में 2 ही योजनाएं पूरी हो पाई हैं और 26 योजनाओं में आधा काम हो पाया है जबकि 15 योजनाएं अपने शुरूआती चरण में हैं। रामनगर डिवीजन में कुल 24 योजनाएं हैं जिनमें 3 ही योजनाएं पूरी हो पाई हैं और 18 योजनाओं में आधा काम हुआ है जबकि 3 योजनाएं अपने शुरूआती चरण में हैं।

अधिकांश ठेकेदार यूपी और हरियाणा के

जल जीवन मिशन योजनाओं में काम करने वाले अधिकांश ठेकेदार यूपी और हरियाणा के हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार लोकल के ठेकेदार न होने के कारण भी योजनाओं को पूरा करने में दिक्कतें आ रही हैं। ठेकेदारों के पास ट्यूबवेल निर्माण के लिये बोरिंग या योजना से संबंधित अन्य मशीनें हैं वे मैदानी भूमि के अनुकूल हैं जो यहां कारगर नहीं हो पा रही हैं। इस कारण भी कई योजनाओं को शुरू करने में देरी हुई।

स्वास्थ्य | सर्दी, जुकाम की बीमारियां बढ़ीं, ओपीडी में बढ़ रहे मरीज

बदलते मौसम ने एलर्जी की समस्या बढ़ाई

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: दिन में चटक धूप और रात के समय सर्दी की वजह से एलर्जी की समस्या बढ़ रही है। इस वजह से सर्दी, जुकाम, नाक बंद होना जैसी समस्या बढ़ रही है। डॉक्टरों का कहना है कि बदलते मौसम में लोग अपना ध्यान रखें।

फरवरी में इन दिनों दिन और रात के तापमान में 20 डिग्री तक का अंतर दर्ज किया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि दिन में चटक धूप निकलने की वजह से कई लोग गर्म कपड़े पूरी तरह से उतार रहे हैं और अपरान्ह होने के साथ ही सर्दी एकदम से बढ़ रही है। जिस वजह से लोग बीमार पड़ रहे हैं। दिन और रात के तापमान में काफी अंतर दर्ज किया जा रहा है। इसी वजह से एलर्जी के मरीज बढ़ रहे हैं। एलर्जी की वजह से सर्दी और जुकाम के मरीज बढ़ रहे हैं। जिस वजह से मरीजों को छींक आ रही है, नाक बंद हो रही है और साथ ही जुकाम हो रहा है। सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में भी जुकाम के मरीज बढ़ रहे हैं।

ऐसे रखें ध्यान

- दिन के समय धूप में हल्के गर्म कपड़े जरूर पहनें।
- रात को पूरे गर्म कपड़े पहनें और रजाई-कंबल का इस्तेमाल करें।
- अभी से ठंडा पानी नहीं पिएं, गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें।
- मास्क लगाकर रखें और बाहर का तला-भुना खाना नहीं खाएं।
- नहाने में गुनगुने पानी का ही इस्तेमाल करें।
- बीमार होने पर तुरंत ही डॉक्टर से परामर्श लें।

मौसम में तेजी के साथ बदलाव हो रहा है और एलर्जी की समस्या बढ़ रही है। लोगों को जुकाम की समस्या हो रही है। गर्म कपड़े पहनना बिलकुल न छोड़ें। **-डॉ. विनिता निखुर्पा**, फिजिशियन, बेस अस्पताल, हल्द्वानी

बच्चों का रखें खास ध्यान

डॉक्टरों का कहना है कि बच्चों का विशेष तौर पर ध्यान रखें। बच्चों को दिन में गर्म कपड़े पहने रहने दें। बच्चों को आइसक्रीम, पिज्जा, फास्ट फूड जैसे पदार्थ नहीं दें।

दो मामलों में पांच के खिलाफ मुकदमा

रामनगर: पुलिस ने दो मामलों में कुछ पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। कोतवाल अरुण सैनी ने बताया कि वासू आहुजा निवासी सोलन हिमाचल ने रिपोर्ट दी है कि उसकी गाड़ी का शीशा तोड़कर अज्ञात व्यक्ति ने गाड़ी से लैपटॉप व अन्य सामान चुरा लिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम किया है। उधर ओम प्रकाश निवासी नया लालढांग ने चम्पा देवी, सागर सिंह, गायत्री देवी व लक्ष्मी देवी पर उसकी फसल काटने से मना करने पर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरु कर दी है।

सार संक्षेप

बिल जमा न करने पर 150 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे

नैनीताल : ऊर्जा निगम की ओर से बिजली का बिल जमा न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग की ओर से 150 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए हैं। वहीं शनिवार को नगर पालिका की ओर से लंबित बिल का भुगतान नहीं किया तो शनिवार को स्ट्रीट लाइटों का कनेक्शन काट दिया जाएगा। नगर पालिका की ओर से स्ट्रीट लाईटों का तीन करोड़ से ज्यादा का बिल नहीं भरने पर उर्जा निगम की ओर से कनेक्शन काटने की भी तैयारी की जा रही है। एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि बिल जमा न करने पर 150 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए हैं। बताया कि पालिका की ओर से बिल का भुगतान नहीं किया तो शनिवार की शाम को कनेक्शन काट दिया जाएगा।

संपूर्ण जगत का कल्याण करते हैं भगवान शिव

हल्दूचौड़ : प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य सतीश लोहनी ने कहा कि शिव संपूर्ण जगत का कल्याण करने वाले हैं। जो जिस भाव से महादेव की कथा सुनता है उसी भाव से उसको लाभ मिलता है। शिव की महिमा अपरंपार है। शुक्रवार को बाबा केशवदास आश्रम हनुमान मंदिर दुम्काबंगर उमापति में चल रही शिव महापुराण कथा के नवें दिन कथा वाचक ने कहा कि जब तक व्यक्ति सत्ता में होता है तभी तक उसका महत्व है। जो जैसा कर्म करेगा उसका उसी के अनुसार फल भी मिलेगा। मंदिर कमेटी के संरक्षक उमेश कबडवाल ने बताया कि शनिवार को हवन यज्ञ के साथ विशाल भंडारे के साथ कथा का परायण किया जाएगा। इस दौरान यजमान देबीदत्त बमेटा, दिनेश चंद्र मिश्रा, पुजारी प्रकाश चंद जोशी, मंदिर समिति के संरक्षक उमेश चंद्र कबड़वाल, उपाध्यक्ष दयाकिशन दुम्का, सचिव बालकृष्ण दुम्का आदि मौजूद थे।

रंगारंग कार्यक्रमों के साथ दी विदाई

विदाई समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र। ● अमृत विचार

रामनगर : एमपी हिंदू इंटर कॉलेज रामनगर में इंटरमीडिएट के तीनों संकायों कला, वाणिज्य तथा विज्ञान के छात्र-छात्राओं को आज एक रंगारंग कार्यक्रम के साथ विदाई दी गई। विद्यालय के मीडिया प्रभारी हेम चन्द्र पांडे ने बताया कि विद्यालय के प्रबंधक विनय जिंदल तथा प्रधानाचार्य संजीव शर्मा ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इसी के साथ आज विद्यालय से अन्यत्र स्थानांतरित अध्यापिका एकता अग्रवाल तथा कार्यालय निरीक्षक ललित मोहन जोशी को रिटायरमेंट होने पर विदाई भी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मेवालाल, डॉ. प्रभाकर पांडे, चेतन स्वरूप, चंद्रशेखर मिश्रा, गौरव शर्मा, शिवेन्द्र चंद, केसी त्रिपाठी, केके फुलारा, दीप नारायण, लालचंद मांझी, शिवेंद्र चंद, रजनीश आर्या, चारु तिवारी, श्याम मेहरा आदि मौजूद रहे।

लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में 12वीं के छात्रों को विदाई दी

भीमताल : लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में बारहवीं के विद्यार्थियो के लिए फेयरवेल पार्टी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य एस0एस0नेगी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर गुरूजनों का आशीष प्राप्त किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं आदि मौजूद थे।

ईई से की सीवर लाइन ठीक करने की मांग

हल्द्वानी : राजेंद्र नगर में चोक सीवर लाइन को ठीक करने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत साहू ने जलसंस्थान के ईई रविशंकर लौशाली से मुलाकात की। उन्होंने ईई से चोक सीवर लाइन को जल्द ठीक किये जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सड़क में पिछले तीन दिनों से सीवर की गंदगी बह रही है, जिसे विभाग ठीक नहीं कर रहा है। सीवर खुले में बहने से क्षेत्र में बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। कहा कि जल्दी सीवर लाइन को ठीक नहीं करने पर विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा।

बेस अस्पताल में हड्डी रोगों के मरीज वापस लौटे

हल्द्वानी : बेस अस्पताल में हड्डी रोगों के मरीजों को वापस लौटना पड़ा है। अस्पताल में एक हड्डी रोग विशेषज्ञ के अवकाश पर होने के चलते यह स्थिति बनी। सुबह अस्पताल की ओपीडी में जब हड्डी रोगों के मरीज पहुंचे तो पता चला कि हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. पीसी पंत अवकाश पर हैं। इस वजह से हड्डी रोग विभाग बंद रहेगा। मरीजों को पता चला कि उनकी जगह अन्य किसी हड्डी रोग की उपलब्धता नहीं है। साथ ही दूसरे हड्डी रोग विशषज्ञ ओटी में है। उल्लेखनीय है कि बेस अस्पताल में रोजना हड्डी रोगों से जुड़े मरीज पहुंचते हैं। इनकी संख्या 150 तक पहुंच जाती है। पीएमएस डॉ. केके पांडेय ने बताया कि शनिवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ की ओपीडी रहेगी।

घर में घुसा चोर तोड़फोड़ कर भागा, सीसीटीवी में कैद

हल्द्वानी : पुलिस इधर दंगे में व्यस्त है। फायदा उठाकर चोर बेधड़क घर में घुस जा रहे हैं। ऐसा ही एक चोर सीसीटीवी में कैद हुआ है, जो असफल होने पर घर में तोड़फोड़ कर भाग निकला। पंचेश्वर मंदिर आवास विकास निवासी धीरज जोशी ने बताया कि बीती 15 फरवरी की रात वह परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात करीब साढ़े 12 बजे एक चोर छत पर चढ़ा और सीढ़ियों से घर के अंदर पहुंच गया। उसने सभी कमरों को बाहर से बंद कर दिया। आवाज होने पर परिजन जागे तो शोर मचाया। जिसके बाद उसने घर में तोड़फोड़ की और फरार हो गया। भागते वक्त शातिर सीसीटीवी में कैद हो गया। धीरज ने भोटियापड़ाव चौकी में तहरीर दी है।

नकूवा बुबू के दर पर केंद्रीय मंत्री के पुत्र ने टेका मत्था

गरमपानी : कोसी घाटी के अराध्य नकूवा बुबू मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान से माहौल भक्तिमय हो उठा। केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट के पुत्र दिग्विजय भट्ट शामिल हुए। बाद में भंडारा लगा। आसपास के गांवों से पहुंचे सैकड़ों भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। भजन कीर्तन से माहौल भक्तिमय हो उठा। बेतालघाट स्थित नकुवा बुबू मंदिर परिसर में धर्माचार्यों ने यजमानों से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत केंद्रीय रक्षा व पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट को भी कार्यक्रम में पहुंचना था पर आवश्यकीय कार्य से केंद्रीय मंत्री के दिल्ली जाने से उनके पुत्र दिग्विजय भट्ट बेतालघाट पहुंचे। नकुवा बुबू मंदिर में पूजा अर्चना कर मत्था टेका। देश प्रदेश की सुख शांति व समृद्धि को प्रार्थना की। दिग्विजय ने सुंदरकांड पाठ में हिस्सा लिया। बाद में लगे भंडारे में आसपास के गांवों से सैकड़ों लोग पहुंचे। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, मंडल अध्यक्ष नंदी खुल्बे, दलिप सिंह बोहरा, तारा भंडारी, मनोज पडलिया, गोपाल जैडा, बहादुर जलाल, हरीश पांडे, प्रताप बोहरा, चतुर सिंह भंडारी, रोहित तिवारी, प्रेम, गिरी, जगदीश नाथ, गोस्वामी, लक्ष्मण मेहरा, आंनद राव, रमेश सुयाल, मोहित कांडपाल आदि मौजूद रहे।

कर्मचारियों का संकट झेल रहा बेतालघाट ब्लॉक

गरमपानी : गांवों में विकास कार्यों के क्रियान्वयन का जिम्मा अधिकारियों व कर्मचारियों के उपर होता है पर बेतालघाट ब्लॉक में सरकार के हाथ पैर माने जाने वाले कर्मचारियों का ही संकट बना हुआ है। रिक्त पदों पर लंबे समय से तैनाती न होने से तैनाती कर्मचारियों ही अतिरिक्त कार्य का भी जिम्मा संभाल रहे हैं। बीडीओ महेश चंद्र गंगवार के अनुसार उच्चाधिकारियों को रिक्त पदों के विषय में जानकारी दी जा चुकी है। जल्द तैनाती होने की उम्मीद है। बेतालघाट ब्लॉक में लगभग सत्तर से अधिक ग्राम पंचायतें हैं कई गांव ब्लॉक मुख्यालय से काफी दूरी पर स्थित है। भौगोलिक परिस्थितियां ऐसी की मुख्यालय से गांवों में पहुंचने तक पूरा दिन लग जाए। मूलभूत सुविधाओं का दंश झेल रहे बेतालघाट में अब कर्मचारियों की भी संकट बढ़ता ही जा रहा है। शिक्षको की कमी से पहले ही कई विद्यालय शिक्षक विहीन हो चुके हैं तो अब ब्लॉक मुख्यालय से जुड़े कर्मचारियों का संकट भी गहरा गया है। महत्वपूर्ण मनरेगा योजना के तहत कार्य करने के लिए दस रोजगार सहायकों की जरुरत है जबकि महज दो रोजगार सहायक ही तैनात हैं। योजना से जुड़े तकनीकी कार्यों के लिए सत्तर से अधिक ग्राम पंचायतों में महज दो अवर अभियंताओं से ही बामुश्किल कार्य करवाया जा रहा है ऐसे में तैनात कर्मचारियों के उपर अतिरिक्त बोझ भी पड़ रहा है जिससे कार्यों के प्रभावित होना लाजिमी है। ब्लॉक के गांवों में दस ग्राम्य विकास अधिकारीयों की तैनाती के सापेक्ष महज पांच ग्राम्य विकास अधिकारीयों से कार्य संचालित करवाया जा रहा है। कर्मचारियों की कमी होने से जनप्रतिनिधियों में भी गहरी नाराजगी है। कर्मचारियों की कमी से आमजन के कार्य लंबित भी हो जाते हैं। बीडीओ महेश चंद्र गंगवार के अनुसार कर्मचारियों की कमी से संबंधित मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।

नासिक में आयोजित राष्ट्रीय ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में नितेश ने जीता था स्वर्ण पदक, अब हालात बुरे

सुविधाओं के अभाव में राष्ट्रीय पदक विजेता बना प्लंबर

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: सुविधाएं न मिलने के कारण किस तरह प्रतिभाएं दम तोड़ती हैं, इसका जीता जाता उदाहरण हैं नितेश राणा। नितेश ने अपनी प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीता लेकिन सुविधाएं न मिलने के कारण उन्होंने खेल को अलविदा कह दिया व जीवनयापन के लिए प्लंबर का कार्य करने लगे।

नितेश राणा।

18-19 साल की उम्र में स्यात, कोटाबाग के खिलाड़ी नितेश खेल को लेकर जोशिले व आत्मविश्वासी थे। उन्हें यकीन था कि एक दिन वे विश्व पटल पर चमकेंगे व अपने गांव-शहर व देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने वर्ष 2018 में नासिक, महाराष्ट्र में आयोजित ग्रेपलिंग (सूमो कुश्ती) की एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया तो उनके हौसले बुलंद हो गए। अपने खेल को तराशने में उन्होंने और ज्यादा मेहनत की लेकिन बाद के वर्षों में उपयुक्त कोचिंग व परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उन्हें मजबूरी में अपने खेल को अलविदा कहना पड़ा।

वर्तमान में नितेश की बातों में उम्मीद दिखती है लेकिन उस पर निराशा के भाव ज्यादा हावी हैं। वह व्यवस्था को कोसते हैं। कहते हैं कि सरकार खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने की दावा करती है लेकिन धरातल पर कोई सुविधा नहीं मिलती, जिससे प्रतिभाओं को मजबूरी में खेल को अलविदा कहना पड़ता है। वह कहते हैं कि हर जगह उनके खेल की तारीफ होती लेकिन सरकारी उपेक्षा के कारण वह अपने खेल को जारी नहीं रख पाए।

उन्होंने कहा कि नेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने के वावजूद उन्हें अपने खर्च से ही प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना पड़ता था लेकिन घर की माली हालत ठीक न होने के कारण वह प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाते। आसपास के लोग भी अक्सर ताने मारते कि खेल से पेट नहीं भरता, कुछ कामधंधा करो तो उन्होंने प्लंबर का काम शुरू कर दिया।

कोच नमिता पाठक कहती हैं कि नितेश जैसे खिलाड़ियों को सुविधाएं मिले तो वे राज्य व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। वह बताती हैं कि नितेश ने जूड़ो आदि खेलों में भी अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन मार्गदर्शन व आर्थिक सहयोग नहीं मिलने के कारण उन्हें बीच में ही खेल छोड़ना पड़ा।

इन दिनों काम से फुर्सत मिलने पर नितेश छोटे बच्चों को प्रशिक्षण देते हैं। वह कहते हैं कि हमें कोच आदि की सुविधा नहीं मिली लेकिन इन बच्चों में से कोई भविष्य में अच्छा खिलाड़ी बन गया तो उनका अधूरा सपना पूरा हो जाएगा।

खैरना के अभिनव ने पास की लोअर पीसीएस परीक्षा

गरमपानी : खैरना निवासी अभिनव कुमार ने पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। अभिनव ने लोअर पीसीएस परीक्षा पास की है। खास बात यह है की अभिनव ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता के साथ ही सरस्वती शिशु मंदिर खैरना को भी दिया है। अभिनव के अनुसार शिशु मंदिर की प्राथमिक शिक्षा ने ही बुनियाद ज्ञान मजबूत किया है। अभिनव वर्तमान में भीमताल में सहायक कृषि अधिकारी के पद पर तैनात है। बुनियादी शिक्षा ही बेहतर भविष्य की आधारशिला रखती है इस कहावत को चरितार्थ किया है। खैरना निवासी अभिनव कुमार ने। उत्तराखंड ग्रामीण बैंक दौलतपुर, गौलापार में शाखा प्रबंधक के पद पर तैनात विद्या प्रकाश व शिक्षिका माता चंपा देवी के पुत्र अभिनव कुमार ने लोअर पीसीएस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

जल जीवन मिशन की जियो टैगिंग कर मॉनीटरिंग हो

सख्ती

- मंडलायुक्त दीपक रावत ने जेजेएम की समीक्षा बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मंडलायुक्त दीपक रावत ने शुक्रवार को मिनी स्टेडियम रोड स्थित कैंप कार्यालय में जल जीवन मिशन की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिलों के जलजीवन मिशन के नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन मानिटरिंग के निर्देश दिए हैं।

मंडलायुक्त रावत ने कहा कि जलजीवन मिशन की प्रत्येक योजना के बारे में नोडल मुख्य अभियंता को जानकारी जैसे कार्य पूरा होने का प्रतिशत, योजना में रूकावट वगैरह पता होना चाहिए। प्रत्येक योजना मार्च 2024 तक पूरी होनी है। उन्होंने कहा कि यूपीसीएल, वन, जलसंस्थान व जलनिगम आपसी समन्वय कर योजना को समयावधि में पूरा करेंगे। जिन योजनाओं में 75-99 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, उनको फरवरी तक पूरा किया जाए। जल जीवन मिशन के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण के साथ ही मॉनीटरिंग के भी निर्देश दिए। 15 दिनों के भीतर जलजीवन मिशन के कार्यां के प्रगति की समीक्षा की जायेगी। उन्होंने कहा कुमाऊं में जलजीवन मिशन के जो भी योजनाएं क्रियाशील हैं उनके लिए अधिकारी- ठेकेदार व्हाटस एप ग्रुप बनाकर स्थलीय जियो टैगिंग से कार्यों की प्रतिदिन मॉनीटरिंग की जाए। इस दौरान अर्थसंख्या उपनिदेशक राजेन्द्र तिवारी, जलसंस्थान एसई विशाल सक्सेना, जलसंस्थान जीएम अहमद अंसारी, जलजीवन मिशन के मुख्य अभियंता विकास कुमार, दीपक मलिक, ईई बिलाल यूसुफ मौजूद रहे।

कैंप कार्यालय में बैठक करते मंडलायुक्त दीपक रावत। ● अमृत विचार

गेहूं में रतुआ रोग की आशंका, कृषि विभाग ने किसानों को किया सचेत

हल्द्वानी, अमृत विचार : मौसम में हो रहे बदलाव को देखते हुए गेहूं की फसल में रतुआ (गेरुई) रोग लगने की आशंका है, जिसके बाद जिला कृषि विभाग ने किसानों को सचेत रहने व समय-समय पर फसल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

गौलापार, चोरगलिया, गोरापड़ाव, फुटकुआं, लामाचौड़, छड़ायल आदि के कई किसान गेहूं की फसल में पीला पन आने से परेशान हैं। उनका कहना है कि कई तरह की दवाओं का प्रयोग कर लिया लेकिन रोग से निजात नहीं मिल रही। किसान दीवान सम्मल बताते हैं कि गौलापार में पिछले साल की अपेक्षा इस बार लोगों ने ज्यादा क्षेत्रफल में गेहूं लगाया है लेकिन कुछ किसानों के गेहूं की फसल में रोग लगने से उसके खराब होने की आशंका है। कृषि वैज्ञानिक कहते हैं कि मौसम की अनुकुलता से इस समय गेहूं में रोग लगने की आशंका रहती है, इसलिए किसानों को सतर्क रहना चाहिए। जिले के मुख्य कृषि अधिकारी वीके यादव कहते हैं कि गेहूं प्रमुख खाद्यान्न फसल व यह देश की खाद्य सुरक्षा का आधार भी है। गेहूं में सामान्यत: रतुआ रोग लगता है, जो पक्सीनिया स्ट्राईफारमिस नाम के कवक जनित रोग है। वह बताते हैं कि गेहूं में लगने वाले रोग के लक्षणों को पहचान कर व रोकधाम की जानकारी से फसल का बचाव किया जा सकता है।

नई के पैसे दिए, भेजी पुरानी वॉशिंग मशीन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

फ्लिप कार्ट

- नई पैकिंग में पुरानी और टूटी-फूटी मशीन देखकर होश फाख्ता
- जिस कंपनी की मशीन ऑर्डर की उस कंपनी का माल भी नहीं मिला

अमृत विचार : एक पीआरडी जवान की पत्नी ने ऑनलाइन वॉशिंग मशीन ऑर्डर की। जब ऑर्डर घर पहुंचा तो डिब्बे से पुरानी और खराब मशीन निकली। जानकारी मिलने पर पीआरडी जवान ने कंपनी से शिकायत की लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करने की बात कही है।

हरिपुर जमनसिंह निवासी पंकज भट्ट पुत्र रमेश चंद्र भट्ट पीआरडी में कार्यरत हैं और यहां परिवार व मां गीता के साथ रहते हैं। पंकज की मानें तो पत्नी मीरा ने बीती 4 फरवरी को ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट एक फुली ऑटोमैटिक वॉशिंग मशीन का ऑर्डर दिया था। ये मशीन करीब 14 हजार की थी और पैसे भी तुरंत ऑन लाइन ट्रांसफर हो गए। बीती 15 फरवरी की शाम करीब 4 बजे डिलीवरी ब्वॉय ऑर्डर घर पहुंचा गया। शाम करीब 6 बजे जब पंकज घर पहुंचे तो बड़े उत्साह के साथ कार्टून में बंद वॉशिंग मशीन को बाहर निकाला। मशीन देखते ही सारा उत्साह काफूर हो गया और लगा कि ठगी हो गई। मशीन बेहद पुरानी और टूटी-फूटी थी। पंकज की मानें तो उन्होंने एक प्रतिष्ठित कंपनी की मशीन बुक की थी, लेकिन मशीन किसी और कंपनी की मिली और वो भी पुरानी। इसकी शिकायत उन्होंने कंपनी के कस्टमर केयर नंबर पर की। तब कंपनी कर्मचारियों ने ऑर्डर वापस करने की सलाह दी।

पुरानी वॉशिंग मशीन दिखाता परिवार।

प्रांतीय व्यापार मंडल ने दिया भूख हड़ताल को समर्थन

संवाददाता, गरमपानी

आक्रोश

- जल्द मांगें न माने जाने पर बाजार बंद करने की चेतावनी दी
- क्षेत्र के टैक्सी संचालक भी पहुंचे आंदोलन स्थल

अमृत विचार : विभागीय अधिकारियों की वादाखिलाफी से नाराज होकर भूख हड़ताल पर बैठे क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मटीला के समर्थन में अब व्यापारी व टैक्सी संचालक भी उतर आए हैं। विद्यालय में शिक्षकों की तैनाती व मोटर मार्ग को दुरुस्त करने की मांग को लेकर शुरु हुई भूख हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। जल्द समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटे मटीला क्षेत्र के बीडीसी प्रतिनिधि रमेश सिंह भंडारी पूर्व में दी गई चेतावनी के तहत बीते मंगलवार से गांव में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक परिसर में भूख हड़ताल पर बैठे हैं। गुरुवार को प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल काकड़ीघाट इकाई अध्यक्ष काकड़ीघाट गोपाल सिंह कनवाल ने भी आंदोलन स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया। क्षेत्र के टैक्सी संचालकों ने भी समर्थन का ऐलान कर दिया है। काकड़ीघाट इकाई के अध्यक्ष गोपाल सिंह कनवाल ने कहा कि स्कूलों में शिक्षकों व गांव की सड़क को दुरुस्त करने की मांग एकदम जायज है अधिकारी लगातार गांवों की उपेक्षा पर आमादा है जिससे अब गांव के लोगों को भूख हड़ताल करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

आपसी सौहार्द का संदेश दे गया किट्टन खोला नाटक

संवाददाता, रामनगर

महोत्सव

- भारत रंग महोत्सव के दूसरे दिन बंगाली नाटक के दर्शक हुए मुरीद

अमृत विचार : भारत रंग महोत्सव के दूसरे दिन किट्टन खोला नाटक गांव की खुशहाली और आपसी सद्भाव का संदेश देता नजर आया। भारतीय बंगाली फिल्म, थियेटर के निर्देशक व अभिनेता सौरव पालोधी के निर्देशन में प्रस्तुत नाटक में हरे-भरे मैदानों व टेढ़े मेढे. रास्तों और नदियों की कतारों से घिरे किट्टन खोला गांव व उसके लोगों के आपसी प्रेम और सद्भाव को बखूबी दर्शाया गया है।

नाटक का कथानक गांव फसलों की कटाई की खुशी में लगने वाला तीन दिवसीय मेले के इर्द-गिर्द घूमता दिखाई दिया। यहां आसपास के गांवों से हजारों लोगों की लहरें आती हैं और समुद्र की तरह मिलती हैं। मेले में उनके जीवन की अलग-अलग कहानियां, प्यार, खुशियां, लालच, हास्य और खुशियां दर्शाने में कलाकार सफल रहे। इस बीच, गांव के सम्मानित ठेकेदार, इंदु साहब ने एक जात्रा प्रदर्शन और एक प्रसिद्ध 'जात्रा दल' के लंबे समय से वांछित कविगान की व्यवस्था की। जो गांव के लोगों के लिए एक नया आश्चर्य था। नाटक तब शुरू होता है जब इस जात्रा दल का प्रमुख सुबल आगे बढ़ता है। किट्टन खोला नाटक का मुख्य विषय मेले के इन तीन दिनों के दौरान ग्रामीणों के जीवन और उनके परिणामों की सरल कहानी है।

किट्टनखोला हमें दिखाता है कि कैसे अलग-अलग हिस्सों से लोग आते हैं और नदी के मुहाने की तरह एक-दूसरे से मिल कर आपसी प्रेम और सदभाव के साथ एक दूसरे से मिलते है। आज के दौर में जहां आदमी एक दूसरे से दूर होता जा रहा है।

ऐसे में किट्टन खोला हर इंसान को भाई चारे के साथ साथ खुशी-खुशी जीवन बिताने का संदेश देने में सफल रहा है। मंच पर शंकर देवबन्धु, अनुजोय चटोपाध्याय, शुभाशिश खामरु, शांतुनि मंडल, आदित्य, मानसी शाह, रितविका नाथ, शंकर देश बन्धु, गार्गी चक्रवर्ती, आकाश दत्ता ने अपने अभिनय की अमिट छाप छोड़ी। इस दौरान प्रोफेसर भरत गुप्त, उपाध्यक्ष राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय सोसाइटी, एनएसडी के सहायक प्रोफ़ेसर राम जी बाली, साइनिंग स्टार स्कूल के प्रबंधक डीएस नेगी मौजूद रहे।



किट्टन खोला नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

आयोजन कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ, विभिन्न जिलों के 73 खिलाड़ी कर रहे प्रतिभाग

चतुर्थ राज्य स्तरीय ओपन टेनिस प्रतियोगिता का आगाज

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: चतुर्थ राज्य स्तरीय ओपन टेनिस प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को चूनाखान, बैलपड़ाव स्थित ऑप्टिमम टेनिस एकेडेमी में हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने किया। जनपद टेनिस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों को बुके व सम्मान पट्टिका भेंट कर सम्मानित किया।

एसोसिएशन के सचिव हेम कुमार पांडेय ने बताया कि प्रतियोगिता में देहरादून, अल्मोड़ा, चंपावत, पौड़ी गढ़वाल, टिहरी, हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर, पिथौरागढ़ व नैनीताल जिले के 73 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं जिसमें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी शामिल हैं। शनिवार को अपराह्न तक खेले गये मैचों में मेंस ओपन में रजत कुमार सती ने सलिल भट्ट को 7-0 से, गौरांश कांडपाल ने जय कुमार राजपूत को 7-4 से, तनुज ने अतिन को 7-0, मानस ने रजत को 7-5 से हराया।

35+ के सिंगल्स इवेंट में देवेंद्र सिंह बिष्ट ने जय कुमार राजपूत 7-0 से, मोहित ने ठाकुर सिंह को 7-3 से व डबल्स इवेंट में रितेश व राजेश की जोड़ी ने राघवेंद्र व वीरेंद्र को 7-0 से हराया। 45+ सिंगल्स इवेंट में ललित ने 7-0 से गौरव पांडेय को, अक्षय ने केएस नेगी को 7-2 से, अमर जगाती ने डीएस रावत को 7-1 से हराया। 55+ के सिंगल्स इवेंट में प्रेम सिंह ने मान सिंह को 7-2 से, गिरीश कांडपाल ने हेमंत कुमार को 7-2 से हराया। हेम कुमार पांडेय ने बताया कि रात में भी फ्लडलाइट में मैच खेले जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण देहरादून के 45+ आयुवर्ग के इंडिया नं. 1 व वर्ल्ड रैंकिंग 52 वाली टीम है।

आज शनिवार को सुबह 8 बजे से मैच खेले जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ललित जोशी ने की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य कारिणी के सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, सुमित गोयल, मान सिंह, जीएल साह, देवेंद्र सिंह रावत, राजेश ठाकुर, ललित बेलवाल, ठाकुर सिंह मोपवाल, अमर जगाती, हर्ष गोयल मौके पर उपस्थित रहे।

ओपन टेनिस प्रतियोगिता में विजेता टीम को ट्रॉफी देते विधायक बंशीधर भगत।

उत्तराखंड क्रिकेट एकेडमी 110 रनों पर हुई ढेर

हल्द्वानी, अमृत विचार : कुमाऊं कप यू-16 क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांच दर्शकों के सिर चढ़ कर बोले रहा है। शुक्रवार को मैदान में दर्शकों की अच्छी खासी भीड़ व मैच टक्कर का होने की संभावना थी लेकिन जीएनजी की टीम ने उत्तराखंड क्रिकेट एकेडमी के बल्लेबाजों के पैर बांध दिए व मैच में एकतरफा जीत दर्ज की, जीएनजी ने उत्तराखंड क्रिकेट एकेडमी को 281 रनों से हराया।

जीएनजी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित कुमाऊं कप यू-16 टूर्नामेंट में शुक्रवार को खेले गए मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जीएनजी ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट पर 391 रन बनाए। अपनी टीम के लिए शास्वत सिंह ने 17 चौकों की मदद से 117 व कुशाग्र कोरंगा ने 15 चौकों व 3 छक्के की मदद से 116 रनों का योगदान दिया। उत्तराखंड क्रिकेट एकेडमी के लिए मनसिमर सिंह ने 3 व ओम बोरा ने 2 विकेट लिए। इसके जवाब में उतरी उत्तराखंड क्रिकेट एकेडमी की टीम 42वें ओवर में 110 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अपनी टीम के लिए विहान बवारी ने 7 चौकों की मदद से 42 व दिवज्योत ने 2 चौकों की मदद से 17 रन बनाए। जीएनजी के लिए देव बिष्ट ने 3, संजीवनी रावत, लक्ष्य राय चंदानी, हर्षित पडियार व दृष्टि ने 1-1 विकेट लिए। सारस्वत सिंह को मैन ऑफ द मैच व ओम बोरा फाइटर ऑफ द मैच रहे। मैच में अम्पायर हिमांशु चतुर्वेदी, खुशाल बिष्ट स्कोरर हर्षिता पंत रहे।

विधायक के आवास पर श्रीमद् भागवत कथा शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार : विधायक बंशीधर भगत के ऊंचापुल स्थित आवास में होने वाली श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। विधायक भगत ने बताया कि 16 से 22 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा आयोजित की जाएगी। इसमें मुख्य यजमान छोटे भाई कृष्ण चंद्र भगत एवं व्यास गद्दी पर पदम विभूषण स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य पंडित मनोज कृष्ण जोशी विराजमान होंगे। कलश यात्रा में आदित्य भगत, भोला भगत, भुवन भगत, मनोज जोशी, अशोक पडालनी, प्रकाश पटवाल आदि मौजूद रहे।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

सार-संक्षेप

श्रम कार्ड धारकों को किट वितरित करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

श्रम कार्ड धारक 500 से अधिक महिलाओं को किट बांटे

रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा ने उत्तराखंड भवन एवं सन्नि निर्माण कर्मकार बोर्ड के तहत पंजीकृत 500 से अधिक श्रम कार्ड धारकों को किट वितरित किये गये। इससे पूर्व सेवायोजन कार्यालय में श्रम विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम का विधायक अरोरा ने शुभारंभ किया। शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सौजन्य से मजदूर वर्ग के हित को ध्यान में रखते हुए उनको किट वितरण करने के लिए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि उनकी विधानसभा में 8 हजार से अधिक पंजीकृत श्रमिकों को किट वितरित की जानी है। जबकि पूरे जिले में 35 से 40 हजार श्रमिकों को किट वितरित की जानी है। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त दीपक कुमार, लेबर इंस्पेक्टर बलराम सिंह, भाजपा नेता सुशील गाबा, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, राधेश शर्मा, सोनू अनेजा, किरन विर्क, पार्षद कैलाश राठौड़, पार्षद निमित शर्मा, सुरेश शर्मा, डीके गंगवार, राजेंद्र राठौड़, मयंक कक्कड़ समेत कई लोग मौजूद रहे।

नेपाल से आए अधिवक्ताओं का स्वागत करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

नेपाल से आए अधिवक्ताओं का किया स्वागत

खटीमा। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के अधिवक्ता कौंसिल का एक प्रतिनिधिमंडल के खटीमा पहुंचने पर खटीमा अधिवक्ता संघ के अधिवक्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। बाद में एक सभा आयोजित कर दोनों देशों के बीच आपसी भाईचारा बनाए रखने के साथ ही एक दूसरे देश की कानूनी जानकारियों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर नेपाल से आने वालों में नेपाल अधिवक्ता कौंसिल के सदस्य प्रकाश पांडे, बाबूराम पांडे, एसोसिएशन नेपाल उपाध्यक्ष रणवीर सिंह, प्रमुख प्रशासन विदुर सापडेरा, अधिवक्ता मदन चंद, मीना पांडे, कमला पांडे और न्यायालय के परिवार न्यायाधीश उदय प्रताप सिंह, संघ अध्यक्ष सूरज प्रकाश राणा, सचिव जगदीश दिगरी, उपाध्यक्ष स्नेहा प्रभा, पूर्व अध्यक्ष एचएस कलसी, साबिर हुसैन, केडी भट्ट, रामबचन, चंचल सिंह, दया किशन कॉलोनी, केडी भट्ट, बृजेश शर्मा, जरनैल सिंह, आबिदा खातून, चंदन सिंह, नरेश पांडे उपस्थित थे।

रुद्रपुर में पत्रकारों से वार्ता करते सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजक।

18 फरवरी को होगा 41 जोड़ों का सामूहिक विवाह

रुद्रपुर। हर साल की भांति इस वर्ष भी लघु व्यापार मंडल द्वारा ट्रांजिट कैंप में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है। 18 फरवरी को होने वाले सामूहिक विवाह को लेकर आयोजकों ने सारी तैयारी पूर्ण कर ली है। शुक्रवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए सर्व व्यवस्था प्रमुख भारत भूषण चुघ ने बताया कि 18 फरवरी को 41 निर्धन परिवारों के जोड़ों का सामूहिक विवाह होगा। जिसमें पूरी टीम ने कड़ी मेहनत कर ऐसे परिवारों को चिह्नित किया है। जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह शहर के गणमान्य नागरिकों के सहयोग से किया जा रहा है। जिसमें महामंडलेश्वर एवं साधु संतों द्वारा नवदंपति को आशीर्वाद दिया जाएगा और बारात 18 फरवरी को गल्ला मंडी से शुरू होगी। जो गाजे बाजे के साथ वैवाहिक स्थल ट्रांजिट कैंप फुटबॉल मैदान पर आकर समाप्त होगी। यहां गायत्री परिवार द्वारा मंत्रोच्चारण के अलावा धार्मिक रीति रिवाज के साथ वैवाहिक कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि खाटू धाम सेवा समिति, बालाजी मंडल सेवा समिति, सुंदर कांड महिला मंडल, गायत्री परिवार, अग्रवाल महासभा, जिंदगी जिंदाबाद टीम, गायत्री परिवार, योगी सेना की अहम भूमिका है। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक दर्जा राज्यमंत्री उत्तम दत्ता, संयोजक संजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, विकास बंसल, अमित राठौर, सुरेंद्र गुप्ता, अशोक कुमार, कमल दीप सोनकर, विकास आर्य, राज कोली, रागिनी, ममता त्रिपाठी, शिवकुमार शिब्बू, सनी पासवान, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

युवक ने फांसी लगाकर जान दी

बाजपुर। नगरपालिका के वार्ड नंबर-11 मोहल्ला पहाड़ी कालोनी निवासी दिनेश सिंह उर्फ राहुल (27) पुत्र मनबोध सिंह ने शुक्रवार को अज्ञात कारणों के चलते कमरे के अंदर साड़ी से फांसी का फंदा लगा लिया। बताया गया कि घटना के वक्त घर पर बूढ़ी दादी थी, जोकि घर के बाहर बैठी थी। वहीं घटना की जानकारी से पुलिस प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया जिसे बाद में पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की मां मीरा देवी गश खाकर गिर पड़ी। मृतक दो भाइयों में बड़ा था और अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया फांसी लगाने से मौत होने की बात सामने आ रही है।

मांगों को लेकर वन विकास अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

काशीपुर। काशीपुर डेवलपमेंट फोरम (केडीएफ) का एक प्रतिनिधिमंडल वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी से मिला। केडीएफ ने शुक्रवार को बिजली कटौती की समस्या को लेकर अध्यक्ष गहतोड़ी को ज्ञापन दिया। उनका कहना था कि काशीपुर में ओवरलोडिंग की समस्या बनी हुई है। बाजपुर रोड स्थित बिजली घर से शहर के पार्क रोड स्थित बिजली घर से लाइन खींचने से समस्या का समाधान हो सकेगा। गहतोड़ी ने विभाग के संबंधित अधिकारी से फोन पर बात कर इसका समाधान करने को कहा। केडीएफ ने आरओबी की सर्विस लाइन पर लगे बिजली लाइन को अंडरग्राउंड करने की मांग की। इस दौरान केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई, योगेंद्र जिंदल, चक्रेश जैन, डॉ. योगराज सिंह रहे।

मिस्टर एंड मिस फेयरवेल के साथ स्कूल प्रबंधन। ● अमृत विचार

अस्मित मिस्टर और सिद्धिका मिस फेयरवेल

खटीमा। सिटी कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 12वीं के बच्चों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय, प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान, उपप्रधानाचार्य कैलाश पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। 11वीं के बच्चों द्वारा स्वयं विदाई समारोह की तैयारी की गई। 12 वीं के छात्र-छात्राओं ने रैम्प वॉक कर खूब तालियां बटोरीं। समारोह में छात्रों ने मनमोहक नृत्य, हास्य नाटिकाएं और मजेदार खेलों सहित कई कार्यक्रमों से समां बांधा। कार्यक्रम के अंत में अस्मित को मिस्टर फेयरवेल और सिद्धिका को मिस फेयरवेल चुना गया है। वहीं रिशी को मिस्टर सीसीएस एवं अनीशा को मिस सीसीएस के खिताब से नवाजा गया।

चाकू के हमले में युवक गंभीर रूप से घायल

जसपुर। वॉलीबॉल खेल के विवाद में युवक को उसके पड़ोसी ने पेट में चाकू मार कर घायल कर दिया। हमले में उसकी पेट की आंत बाहर निकल आई। सरकारी अस्पताल से युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

बीती देर शाम तहसील के समीप कुछ युवक वॉलीबॉल खेल रहे थे। बताते हैं कि इस दौरान तहसील रोड निवासी गुलशेर (20 वर्ष) पुत्र जमील अहमद की पड़ोसी युवक से खेल को लेकर नोकझोंक हो गई। गुस्साए युवक ने अपनी अंटी में से चाकू निकाला और गुलशेर के पेट में घोंप दिया। इससे उसकी आंतें बाहर आ गईं। परिजन घायल गुलशेर को अस्पताल लेकर पहुंचे। ईएमओ डॉ. महताब ने घायल का प्राथमिक उपचार कर उसे हल्द्वानी रेफर कर दिया है।

उद्योगपति शिवकुमार ने 21 विद्यालयों को लिया गोद, द्वारका फार्म हाउस में सेवाव्रती सम्मान समारोह आयोजित

एकल अभियान के तहत 67 विद्यालय गोद लिए

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: भारत लोक शिक्षा परिषद रुद्रपुर चैप्टर की ओर से भूरारानी स्थित द्वारका फार्म हाउस में सेवाव्रती सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष स्नेह पाल और उद्योगपति अशोक बंसल ने दीप जलाकर किया। इस दौरान एकल अभियान के तहत 67 विद्यालयों को गोद लिया गया है। इसमें शहर के उद्योगपति शिवकुमार अग्रवाल ने 21 विद्यालयों को गोद लेने का ऐलान किया।

शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाज के उद्योगपति और समाजसेवियों की बदौलत ही स्वच्छ समाज का निर्माण हो सकता है। यह बच्चे आने वाले कल का भविष्य हैं। इस दौरान एकल अभियान के खेलकूद प्रभारी भारत भूषण चुघ को रामनवमी पटका और भागवत गीता देकर सम्मानित किया गया। चुघ ने कहा कि एकल अभियान के तहत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों एकल अभियान के तहत नागपुर में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। यहां की बालिकाओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए कबड्डी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व कार्यक्रम में एकल अभियान से जुड़े छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दिनेश कपूर, सौरभ अग्रवाल, नीरज रायजादा, विजय भूषण गर्ग, विजय गुप्ता, अक्षत कपूर, ताराचंद अग्रवाल, दीप कुमार, अंजुल त्यागी, विनय बत्रा, प्रमोद कुमार, अभिषेक अग्रवाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

2025 तक सभी 7795 पंचायतों में बनेंगे भवन

662 न्याय पंचायतों में स्थापित भवनों को किया जाएगा दीनदयाल मिनी सचिवालय के रूप में विकसित

प्रशिक्षण कार्यक्रम

▸▸ कैबिनेट मंत्री महाराज रुद्रपुर में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को कर रहे थे संबोधित

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत गांधी पार्क में कुमांऊ मंडल के त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों एवं कार्मिकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने दीप जलाकर किया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों को विभाग से संबंधित और केंद्र और राज्य सरकार की ओर से किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गयी।

शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान पंचायतीराज मंत्री महाराज ने कहा कि विकास के रोडमैप के तहत 2025 तक राज्य की अवशेष सभी 7795 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों का निर्माण एवं कम्प्यूटर की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही 662 न्याय पंचायतों में स्थापित पंचायत भवनों को दीन दयाल उपाध्याय मिनी सचिवालय के रूप में विकसित किये जाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक विकास खंड को वीसी सेटअप से जोड़े जाने की योजना है। इससे एक ओर जहां आपदा से संबंधित घटनाओं की सूचना शासन, प्रशासन तक तत्काल पहुंच जाएगी।

उन्होंने कहा कि विकास खंड स्तर से पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधि एवं कार्मिक सीधे राज्य स्तर से संवाद स्थापित कर सकेंगे। उन्होने कहा कि पंचायतों के समग्र विकास, सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें अधिकार सम्पन्न बनाने के लिए राज्य सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जन आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्ग दर्शन में सरकार द्वारा निरंतर प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और कमजोर वर्ग के व्यक्तियों के उत्थान के लिए चलायी जा रही विभिन्न विकास योजनाओं के सफल संचालन लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होने कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था की मजबूती के लिए निर्वाचित जन प्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी भूमिका का जिम्मेदारी से निर्वहन कर सकें व गावों का सर्वांगीण विकास हो, इसी मूल भावना को देखते हुए पंचायतीराज विभाग द्वारा समस्त निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों एवं कार्मिकों का लगातार क्षमता विकास किया जा रहा है। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर/जिला पंचायत राज अधिकारी निदेशालय पंचायतीराज पूनम पाठक, परामर्शदाता पंचायतीराज मंत्रालय भारत सरकार मोहित गुप्ता, पूर्व वन संरक्षण कीर्ति सिंह, पूर्व निदेशक विश्वेश्वरैया सैनिटेशन एवं वाटर एकेडमी रांची अजीत कुमार ने कई जानकारियां दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज। ● अमृत विचार

यह लोग मौजूद

जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार, विधायक शिव अरोरा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, प्रदेश अध्यक्ष ग्राम प्रधान संगठन भास्कर संभल, जिला मंत्री भाजपा अमित नारंग, सदस्य जिला पंचायत जगदीश विश्वास, संयुक्त निदेशक पंचायतीराज राजीव कुमार नाथ त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी/जिला पंचायतराज अधिकारी गौरव पांडेय, मनीष बिष्ट, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह सहित बड़ी संख्या में कुमांऊ मंडल से आये त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

प्रदेश को मिली 1651 करोड़ की धनराशि

रुद्रपुर। पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि पंचायतों के विकास और सशक्तिकरण के लिए 15वें वित्त आयोग से प्रदेश को अब तक टाइट फंड से 933 करोड़ और अनटाइट फंड से 718 करोड़ सहित कुल 1651 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि विकासके मामले में सरकार किसी तरह की कोताही नहीं बरतेगी।

17 ग्राम पंचायतों में चल रहा है लर्निंग सेंटर का कार्य

रुद्रपुर। पंचायतीराज मंत्री ने कहा कि विगत वर्ष राज्य की 9 ग्राम पंचायतों को पंचायत लर्निंग सेंटर के रूप में विकसित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में 17 ग्राम पंचायतों को पंचायत लर्निंग सेंटर के थीम के आधार पर विकसित किये जाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा पिछड़े वर्ग की पंचायत चुनावों में प्रतिनिधित्व की पर्याप्तता के लिये एकल सदस्यीय समर्पित आयोग का गठन किया गया है।

दो सड़क हादसों में बाइक सवार चार लोग घायल

बाजपुर। अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। जिन्हें उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया।

शुक्रवार प्रातः करीब 8 बजे बिरहा फार्म निवासी सोनू सिंह पुत्र अवतार सिंह घर से बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिए बाजपुर आ रहा था। इसी बीच भगत सिंह चौक के नजदीक मुख्य मार्ग स्थित आदर्श कन्या इंटर कालेज के सामने विपरीत दिशा से आ रहे मोहल्ला आलापुर निवासी अजय की बाइक से सोनू की बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई जिसमें दोनों घायल हो गए। जिन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना केशोवाला-बन्नाखेड़ा रोड पर स्थित पॉलीप्लेक्स के पास हुई। जहानाबाद पीलीभीत उप्र निवासी सुहेल (17) पुत्र शहीद खां व फरीदपुर बरेली उप्र निवासी सोनू (18) पुत्र हीरा खां बाइक पर पीलीभीत से कोटाबाग जा रहे थे। सुबह करीब 9:30 बजे सोहेल पालीप्लेक्स के नजदीक सड़क किनारे बाइक खड़ी कर अपने पिता शहीद खां से फोन पर बात करने लगा। इसी बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार आल्टो कार ने सुहेल की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिसमें दोनों बाइक से उछलकर काफी दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में बाइक व कार क्षतिग्रस्त हो गए।

परिषद ने मनाया स्थापना दिवस

संवाददाता, रुद्रपुर/ पंतनगर

अमृत विचार: हल्दी स्थित उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद का 21वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि जैव प्रौद्योगिकी परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने स्वर्ण स्तंभ का अनावरण कर कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों से आये करीब 200 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। वहीं कार्यक्रम में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर बीज कंमडल निर्माण में प्रतिभाग करने के लिए आशियन वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण-पत्र भी वितरित किये गये।

शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि जैव प्रौद्योगिकी परिषद के निदेशक डॉ. कुमार ने परिषद के स्थापना वर्ष 2003 से लेकर अब तक की सभी उपलब्धियों व गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवा छात्र-छात्राओं से जैव प्रौद्योगिकी शिक्षा व शोध में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करने एवं अपना भविष्य जैव प्रौद्योगिकी में बनाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि एवं एनसीसी पंतनगर के कर्नल अशोक कुमार राठौर ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को जैव प्रौद्योगिकी के साथ सेना में जाकर अपना भविष्य बनाने एवं देश रक्षा का आह्वान किया। सम्मानित अतिथि कौशल कुमार ने छात्र-छात्राओं को जैव प्रौद्योगिकी को नवीन व उत्कृष्ट विधा बतायी और दैनिक जीवन में जैव प्रौद्योगिकी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

स्वर्ण स्तंभ का अनावरण करते निदेशक डॉ. संजय कुमार, कर्नल अशोक राठौर।

मेलाघाट में जगबूढ़ा नदी पर बनेगा पुल

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: भारत-नेपाल सीमा पर बहने वाली जगबूड़ा नदी पर पुल निर्माण की मांग ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से की थी। सीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि पुल बनेगा। ग्रामीणों की यह मुराद अब पूरी होती नजर आ रही है।

शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता नैनीताल और अधीक्षण अभियंता उधम सिंह नगर ने पुल निर्माण स्थल का भौतिक सत्यापन किया। मेलाघाट में जगबूड़ा नदी के उस पार भी यहां के किसानों की खेती बाड़ी का काम हमेशा ही रहता है। जिसके लिए किसानों को खेतों में आने जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है और उन्हें जगबूड़ा नदी को पारकर आना जाना पड़ता है। शुक्रवार को यहां पहुंचे लोक निर्माण विभाग नैनीताल के अधीक्षण अभियंता राजेंद्र सिंह और उधमसिंह नगर के अधीक्षण अभियंता हरीश कुमार शर्मा ने छठघाट के पास बनने वाले निर्माण स्थल का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने अमृत विचार को बताया कि पुल बनाने का स्थान का चयन किया जा रहा है जो शीघ्र ही पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पुल के 200-200 मीटर रोड के साथ ही करीब 120 मीटर लंबा पुल होगा। उन्होंने कहा कि पुल की चौड़ाई लगभग 5.5 मीटर होगी। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसका एस्टीमेट तैयार किया जाएगा और पुल निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

मेलाघाट में जगबूड़ा में पुल स्थल का सत्यापन करते लोनिवि के अधिकारी।

समारोह समारोह में महिलाओं को बांटी महालक्ष्मी किट, सौंपे उत्कृष्ट पत्र

नवजात बच्चों को कराया अन्नप्राशन

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार हो या फिर प्रदेश की धामी सरकार दोनों ही सरकार ने महिलाओं को सशक्तिकरण बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी कारण प्रदेश में नारी सम्मान समारोह के अलावा नारी वंदन कार्यक्रम कर सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। इसी के तहत आयोग द्वारा अन्नप्राशन, महालक्ष्मी किट और बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित कर रही है।

शुक्रवार को उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष माही सकलानी के साथ निगम कार्यालय पहुंची और सभागार में आयोजित नारी सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने पांच नवजातों को खीर का अन्न चखा कर अन्नप्राशन कराया। वहीं पांच महिलाओं को बेटी को जन्म देने पर महालक्ष्मी किट का वितरण किया। इसके अलावा पांच महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति देकर प्रोत्साहित किया।

उन्होंने अधीनस्थों को आदेशित किया कि नारी शक्ति योजनाओं के अलावा उत्पीड़न के मामलों में गंभीरता बनाए रखे। इस अवसर पर डीपीओ व्योमा जैन, सीडीपीओ आशा नेगी, किशन सिंह मेहरा, सोनाली जौहरी, बबीता देवी, मेघा रानी के अलावा एमएनए नरेश चंद्र दुर्गापाल रहे।

नवजात बच्चों को गोद में लेकर अन्नप्राशन करवाती महिला आयोग की अध्यक्ष। ● अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

रुद्रपुर की बिगवाड़ा मंडी में शुक्रवार को धरना देते किसान। ● अमृत विचार

रुद्रपुर की बिगवाड़ा मंडी में तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

आक्रोशित किसानों ने मंडी में ठप कराया कामकाज

बिगवाड़ा मंडी में किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, पुलिस ने मंडी को छावनी में किया तब्दील

आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद के आह्वान के बाद बिगवाड़ा मंडी परिसर में किसानों की हुंकार की सूचना ने पुलिस को सहमा कर रख दिया और परिसर में किसानों के एकत्रित होने की सूचना मिलते ही मंडी को छावनी में तब्दील कर दिया गया। खुद एसएसपी ने परिसर का मौका मुआयना किया और किसानों के तेबर की जानकारी ली। इस दौरान एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए किसानों ने सभा के माध्यम से केंद्र सरकार पर जमकर भड़ास निकाली और मंडी का कामकाज ठप कर दिया। किसानों ने ऐलान किया कि यदि उनकी मांगों पर केंद्र सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो दिल्ली के लिए सैकड़ों ट्रैक्टर कूच करेंगे।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन और तराई किसान संगठन ने मिलकर संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले मंडी परिसर में धरना प्रदर्शन किया। तराई किसान संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान बिगवाड़ा मंडी पहुंचे और मंडी का कार्य रुकवा दिया। जिसकी सूचना मिलते ही कोतवाल धीरेंद्र कुमार और बसंती आर्या भारी पुलिस बल के साथ मंडी पहुंची। जहां किसानों ने धरना प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। वक्ताओं का कहना था कि वर्तमान में देश का किसान, जवान और मजदूर केंद्र सरकार की नीतियों से परेशान हो चुका है। संयुक्त किसान मोर्चा ने भारत बंद का आह्वान करते हुए केंद्र सरकार से सभी फसलों का एमएसपी खरीद की गारंटी का कानून बनाने, किसानों का संपूर्ण कर्ज मुक्ति अध्यादेश पारित करने, श्रमिकों के लिए 26000 रुपये प्रतिमाह न्यूनतम वेतनमान लागू करने, श्रमिकों पर थोपे गए चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने, रोजगार की गारंटी का मौलिक अधिकार देने की मांग की।

इसके अलावा पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, रेलवे, रक्षा, बिजली सहित सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण को रद्द करने, नौकरियों का संविदाकरण बंद करने, 200 दिन का कार्य सहित 600 रुपये दैनिक मजदूरी करने, औपचारिक एवं अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में सभी की पेंशन व सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था लागू करने, प्रत्येक किसान परिवार को दस हजार रुपये मासिक पेंशन देने, आईपीसी 104 को समाप्त करने, एलएलआर अधिनियम का पुनर्वास व विस्थापन में उचित मुआवजा देने, लखीमपुर खीरी कांड के मुख्य आरोपी के पिता एवं केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी को बर्खास्त करने, केरल की तर्ज पर 13 सब्जियों पर खरीद का कानून बनाने, होम लोन की सुविधा मुहैया कराने, कृषि यंत्रों पर जीएसटी को समाप्त करने का मुद्दा उठाया। किसानों ने ऐलान किया कि उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर विक्रमजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, जसवीर सिंह, गुरजीत सिंह, सतनाम सिंह, हरपाल सिंह, हीरा विर्क, इकबाल सिंह, सर्वदयाल सिंह, गगन सिंह, जरनैल सिंह, अमृतपाल सिंह, जसवीर सिंह, हरपिंदर सिंह, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में चीनी मिल गेट पर धरना-प्रदर्शन कर नारेबाजी करते किसान। ● अमृत विचार

बाजपुर में मिल गेट पर किया धरना-प्रदर्शन, गन्ना सप्लाई कारवाई बंद

बाजपुर। संयुक्त किसान मोर्चा के ग्रामीण भारत बंद के आह्वान पर बाजपुर में विभिन्न किसान संगठनों से जुड़े ग्रामीण किसानों द्वारा खेती-बाड़ी के कामों को बंद रखा गया। वहीं बंद के समर्थन में किसानों ने चीनी मिल गेट पर गन्ना सप्लाई बंद करवा दी और गेट के आगे दरी बिछाकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया।संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान भारत सरकार ने तीन कृषि कानूनों को वापस लेते हुए किसानों से एमएसपी की गारंटी, बिजली बिल, कर्ज मुक्ति आदि विषयों पर आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी कारण संयुक्त किसान मोर्चा को भारत बंद की काल देनी पड़ी। कहा कि आंसू गैस के गोले, लाठीचार्ज में बहुत से किसान घायल हुए हैं, जो लोकतांत्रिक इतिहास में बेहद शर्मनाक है, इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने कहा कि किसानों पर की जा रही तानाशाही न रुकी तो जोरदार आंदोलन किया जाएगा। किसान यूनियन एकता उग्राहां के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह रंधावा ने कहा कि भारत सरकार किसानों के साथ अमानवीय व्यवहार कर रही है, जो किसी भी तरह से बर्दाश्त योग्य नहीं है। भाकियू के ब्लाक अध्यक्ष प्रताप सिंह संधू ने कहा कि सरकार की वादाखिलाफी व तानाशाही के खिलाफ किसान मजदूर शक्ति एकजुट होकर लड़ेगी। कार्यक्रम को भूमि बचाओ सत्याग्रह के अगुवा रजनीत सिंह सोनू, किसान नेता अजीत प्रताप सिंह रंधावा, बिजेंद्र सिंह डोगरा, अमरनाथ शर्मा, केके शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जसवीर सिंह, गुरमीत सिंह पिंकू, देवेश प्रताप सिंह, शेर सिंह, गुरजीत सिंह, जगतार सिंह, राजकिशोर, महा सिंह आदि थे।

भूमि बचाओ आंदोलन को 200 दिन पूरे : चीनी मिल गेट पर धरना-प्रदर्शन के दौरान बाजपुर के 20 गांव के भूमिधरी अधिकारों को लेकर चल रहे आंदोलन को लंबा समय होने के बावजूद भी हल न होने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि मुख्यमंत्री के आश्वासन के बावजूद भूमि बचाओ आंदोलन को 200 दिन पूरे हो गए हैं इस मसले का हल भी जल्द होना चाहिए, अब किसानों मजदूरों का जवाब धैर्य दे रहा है।

केंद्र सरकार पर जमकर बरसे विर्क

रुद्रपुर। लखीमपुर खीरी में हुए थार प्रकरण में घायल हुए तराई किसान संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार बार-बार संयुक्त किसान मोर्चा को भ्रमित कर रही है। एमएसपी मुद्दे को लेकर जहां तीन-तीन केंद्रीय मंत्री नेताओं से वार्ता कर रहे हैं। वहीं पुलिस प्रशासन किसानों की राह में कीले बिछा रही है। शांतिपूर्ण ढंग से शंभू बॉर्डर पर बैठे किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। जिसमें घायल एक किसान शहीद भी हो गया है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कांग्रेस महानगर अध्यक्ष शर्मा ने दिया समर्थन

रुद्रपुर। बिगवाड़ा मंडी में एमएसपी मुद्दे को लेकर धरना दे रहे किसानों को अपना समर्थन देते हुए कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार देश की जनता की भूख मिटाने वाले किसानों को जानबूझकर प्रताड़ित कर रही है। काला कृषि कानून मामले में भी सरकार को पीछे हटना पड़ा और लगातार किसान, जवान और मजदूरों का शोषण करना अंग्रेजी हुकूमत की याद दिलाता है। कांग्रेस पहले भी किसानों के साथ थी और वर्तमान आंदोलन में भी साथ रहेगी।

नहीं बनी बात तो जिले से 500 ट्रेक्टर करेंगे कूच

रुद्रपुर। धरना प्रदर्शन के दौरान किसान नेताओं ने कहा कि यदि केंद्र सरकार ने जल्द अपना इरादा साफ नहीं किया तो जिले से 500 ट्रैक्टर दिल्ली कूच करने के लिए तैयार हैं। बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा का आदेश आते ही किसान ट्रैक्टर से दिल्ली कूच करेंगे। किसान मन बना चुका है कि किसी भी कीमत पर मांगों को लेकर सरकार को झुकाया जाएगा।

किसानों के समर्थन में दिल्ली कूच की तैयारी

संवाददाता, काशीपुर

बैठक

- किसानों की बैठक में शनिवार को टोल प्लाजा पर सांकेतिक प्रदर्शन का निर्णय

अमृत विचार: एमएसपी व अन्य मांगों को लेकर किसानों की एक बैठक मंडी गेस्ट हाउस में आयोजित की गई। जिसमें शनिवार को टोल प्लाजा पर प्रदर्शन कर उन्हें टोल टैक्स फ्री करने की मांग की जाएगी। साथ ही किसानों के समर्थन में दिल्ली कूच करने के लिए भी तैयार रहने को कहा गया।

मुरादाबाद रोड़ स्थित मंडी गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई, जिसमें भारतीय किसान यूनियन के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह जीतू ने समस्त किसान बंधुओं से आहवान किया वह शनिवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक एमएसपी और किसानों की अन्य प्रमुख मांगों के समर्थन में कुमाऊं भर के टोल प्लाजा पर बैठेंगे। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा लगातार किसानों का शोषण किए जाने की घोर भर्त्सना भी की गई और किसानों की मांगों का पुरजोर समर्थन किया गया। साथ ही मुजफ्फरनगर में होने वाली किसानों की महापंचायत के बाद आगे की रणनीति बनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में हरविंदर सिंह, सुखवंत सिंह, दीपक चौधरी, हरपिंदर, धर्मेंद्र, राजू, राजू छीना, रवि ढींगरा, सुखबीर भुल्लर, मनदीप ढिल्लों, मनप्रीत सिंह, हरविंदर, बलविंदर सिंह, प्रदेश महासचिव अमनप्रीत सिंह, प्रताप विर्क अन्नदाता किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

काशीपुर मंडी गेस्ट हाउस में किसानों की बैठक में मौजूद किसान नेता व अन्य।

भाकियू का किसान आंदोलन को समर्थन देने का ऐलान

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: मंडी समिति में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों और किसानों की बैठक हुई। जिसमें भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिन मलूक सिंह खिंडा और भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष गुरसेवक सिंह के नेतृत्व में किसानों के साथ बैठक की गई। जिसमें किसान आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की गई।

किसान प्रतिनिधियों ने किसानों से कहा कि एमएसपी पर सरकार गारंटी दे जिससे किसानों को अपनी फसल का उच्चतम और उचित मूल्य मिल सके। इसी मांग को लेकर किसान आंदोलनरत हैं। जिलाध्यक्ष गुरसेवक सिंह ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किसानों को आंदोलन के लिए तैयार रहने को कहा गया है। इसी को लेकर किसान प्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के साथ बैठक की जा रही है। वहीं भाकियू प्रदेश सचिव मलूक सिंह खिंडा का कहना है कि जैसे ही संयुक्त किसान मोर्चा का आह्वान होगा तो किसान आंदोलन के लिए तैयार हो जाएंगे। इस अवसर पर जसविंदर सिंह बाजवा, अवतार सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव सिंह, अरविंद कुमार, बलजीत सिंह, मनजिंदर सिंह भुल्लर, चरणजीत सिंह रहे।

किसानों और कांग्रेसियों ने गन्ना सचिव को घेरा

आरोप

- किसानों को गन्ना पर्ची उपलब्ध नहीं होने का लगाया आरोप, मिल में बाहरी क्षेत्र का गन्ना खपाने का आरोप

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: गन्ना किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों एवं किसानों ने सहकारी गन्ना विकास समिति के कार्यालय पहुंचकर विभागीय अधिकारियों का घेराव किया और समस्याओं के जल्द निस्तारण की मांग की। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री एवं कांग्रेसी नेता डॉ. गणेश उपाध्याय के नेतृत्व में तमाम किसानों ने गन्ना सचिव संजीव चौधरी का घेराव किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि गन्ना समिति में इंडेंट के बंटवारे में अनियमिताएं होने से किसानों का करीब 70 प्रतिशत खेतों में खड़ा हुआ गन्ना बर्बाद हो रहा है। डॉ. उपाध्याय ने ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक महेश प्रसाद के समक्ष नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों को गन्ना पर्ची उपलब्ध नहीं हो रही है जबकि मार्च माह में किच्छा चीनी मिल के बंद होने की संभावना है, जिसके चलते सैकड़ों एकड़ गन्ना सूख जाएगा एवं अंतिम समय में अचानक पर्चियां आने से किसानों को दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान किसानों द्वारा चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया एवं गन्ना सचिव संजीव चौधरी के बीच फोन पर वार्ता कराई गई। दोनों अधिकारियों की वार्ता के बाद डॉ. उपाध्याय ने कहा कि किच्छा शुगर मिल की वर्तमान में 40 हजार कुंतल प्रतिदिन गन्ना पेराई की क्षमता है परंतु चीनी मिल प्रशासन एवं गन्ना विकास समिति में पर्चियों के बंटवारे की अनियमितता के चलते चीनी मिल को मात्र 20 हजार कुंतल गन्ना प्रतिदिन का इंडेंट दिया जा रहा है। जबकि बाहरी क्षेत्र के गन्ने को किच्छा चीनी मिल में खपाया जा रहा है। डॉ. उपाध्याय ने उत्तराखंड के गन्ना आयुक्त सीएस धर्मसत्तू से फोन पर वार्ता करते हुए पूरे मामले की जांच एसआईटी के माध्यम से कराने तथा किच्छा गन्ना कमांड क्षेत्र को 75 प्रतिशत गन्ना इंडेंट देने का आग्रह किया। मौके पर महिपाल सिंह बोरा, मेहरबान खान, मोहम्मद आरिफ, महेंद्र पाल, त्रिलोक बिष्ट, प्रताप सिंह, ताहिर मलिक, सतपाल सिंह, गोपेश पंत, जगदीश प्रसाद, बहादुर सिंह, राजेश प्रसाद रहे।

किच्छा में गन्ना सचिव से वार्ता करते कांग्रेसी एवं गन्ना किसान। ● अमृत विचार

ट्रेड यूनियनों ने की सभा, निकाला जुलूस

आक्रोश

- केन्द्र सरकार की नीतियों से मजदूर संगठनों में गुस्सा
- मजदूर, किसान और जन समर्थक नीतियां लागू करें

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) और ट्रेड यूनियनों ने केंद्र सरकार की मजदूर, किसान और राष्ट्र विरोधी नीतियों के खिलाफ गल्ला मंडी में विशाल सभा का आयोजन किया। इसके बाद शहर में जुलूस निकाला। इस दौरान किसान मोर्चा पदाधिकारियों और ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों ने मजदूर, किसान और जन समर्थक नीतियां लागू करने समेत कई मांगों को जोरशोर से उठाया।

शुक्रवार को सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने गारंटी के साथ सभी फसलों के एमएसपी, अजय मिश्रा टेनी को बर्खास्त कर मामला दर्ज करने, छोटे और मध्यम किसानों का ऋण माफ करने, श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 26 हजार प्रतिमाह, 4 लेबर कोड को निरस्त करना, आशा कर्मचारियों को सरकारी कर्मी घोषित करने समेत कई मांग रखी। साथ ही कहा कि सिडकुल में मजदूरों का शोषण चरम पर है। आए दिन मजदूरों को कंपनी से हक अधिकार की बात करने पर निकाला जा रहा है। वक्ताओं ने कहा कि आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से सरकारी विभाग के हर काम करा रही है, लेकिन उन्हें न तो सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जा रहा है और न ही उन्हें वेतन दिया जा रहा है। किसानों द्वारा एमएसपी की मांग करने पर उनका दमन किया जा रहा है। इस शोषण को और ज्यादा बढ़ाने के लिए मोदी सरकार चार श्रम कोड सहित रोज दमन उत्पीड़न के कानून बना रही है। उन्होंने आह्वान किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

यहां एक्टू प्रदेश महामंत्री केके बोरा, मुकुल, कैलाश भट्ट, दिनेश भट्ट, सिडकुल संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी, सुरेंद्र सिंह, ललित मटियाली, आशा यूनियन की जिला अध्यक्ष ममता पानू, रीता कश्यप, कुलविंदर कौर, पीडीपीएल यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश चिलवाल, अनिता अन्ना, नरेंद्र, मनोहर सिंह, दलजीत सिंह, सुरेंद्र बिष्ट, राजेंद्र गुप्ता रहे।

गल्ला मंडी में आयोजित सभा को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

उठाई आवाज

ऑल इंडिया इंश्योरेंस इंप्लाइज एसोसिएशन के आह्वान पर एलआईसी के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मुखर

मांगों को लेकर बीमा कर्मियों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऑल इंडिया इंश्योरेंस इंप्लाइज एसोसिएशन के आह्वान पर भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कार्यालय रुद्रपुर के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने दोपहर कुछ देर तक सांकेतिक प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के खिलाफ नाराजगी जतायी। आक्रोशित कर्मचारियों ने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि वे पिछले लम्बे समय से बीमा और बैंकों सहित सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण बंद किये जाने, श्रमिकों का वेतन 26 हजार रुपये तय किये जाने, नौकरियों में ठेकेदारी प्रथा को बंद किये जाने, एक अगस्त 2022 से एलआईसी के लंबित वेज रिवीजन को शीघ्र लागू करने समेत कई मांगों की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रबंधन किसी भी मुद्दे पर बात करने को तैयार नहीं है। मजबूरन उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ा रहा है। इस अवसर पर विपिन त्रिपाठी, उपदेश सक्सेना, बलवंत सिंह बोरा, अजय सक्सेना, संतोष कुमार मंगोली, राजेंद्र सिंह, जीवन चंद्र जोशी, नैनी गोपाल, राजीव सिंघल, दीपा चंद्रा, पूनम सरोज, राहुल मिश्रा, अजय कुमार आर्य, प्रेमराज, देव सिंह नेगी, भुवन चंद्र भट्ट, राजेंद्र सिंह बिष्ट, राहुल समेत कई लोग मौजूद रहे।

एलआईसी कार्यालय में प्रदर्शन करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

बीमा कर्मचारियों ने निजीकरण का किया विरोध

काशीपुर। विभिन्न समस्याओं को लेकर बीमा कर्मचारी संघ हल्द्वानी डिवीजन की एक बैठक का आयोजन किया गया। साथ ही बीमा व बैंक का निजीकरण किये जाने का विरोध किया गया। संघ के मंडलीय सचिव राकेश शर्मा ने कहा कि बीमा और बैंकों जैसे सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण नहीं किया जाना चाहिए। श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये प्रति माह करने, नौकरियों में ठेकेदारी समापत करने, पुरानी पेंशन योजना की बहाली और एनपीएस को खत्म करने की मांग को लेकर कर्मचारी आंदोलित है। मांगों में चार श्रम संहिताओं को रद्द करने और आईपीसी/सीआरपीसी में किए गए कठोर संशोधन निरस्त करने की मांग भी शामिल है। उन्होंने अगस्त 2022 लंबित वेतन संशोधन पर वार्ता शुरू करने और एनपीएस में प्रबंधकीय योगदान मूल वेतन और महंगाई भत्ते का दस प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने की मांग की। इस दौरान मनोज कुमार, बलदेव सिंह, राजीव कुमार, जीएस बिष्ट, शाहिद अली अंसारी, सुभाष शर्मा, नंदन सिंह चौहान, मो. शादाब, कृपाल चंद्र, सुदेश व महेश आदि शामिल रहे।

चीनी मिल का स्थापना दिवस मनाया

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: सहकारिता क्षेत्र की पहली बाजपुर चीनी मिल का 65वां स्थापना दिवस श्रद्धाभाव से मनाया गया। इस दौरान चीनी मिल प्रबंधन द्वारा मिल की नींव रखने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरण किया गया।

शुक्रवार को प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह के नेतृत्व में चीनी मिल का स्थापना दिवस पं.जवाहर लाल नेहरू पार्क में मनाया गया। जहां महाप्रबंधक सहित समस्त मिल अधिकारियों व कर्मचारियों ने पं. नेहरू की प्रतिमा का माल्यार्पण किया। श्री सिंह ने कहा कि एक समय बाजपुर चीनी मिल पूरे देश में जानी जाती थी। देश की प्रगति के साथ ही अन्य मिलें स्थापित हुईं, लेकिन बाजपुर चीनी मिल में लगी जापानी मशीन आज भी बरकरार है। उन्होंने चीनी मिल को गन्ना सप्लाई करने वाले सभी किसानों, कर्मकारों को बधाई देते हुए कहा कि बाजपुर मिल में काफी सुधार किया जा रहा है। उन्हें उम्मीद है कि आगे भी इसमें और बेहतर कार्य होगा। जीएम ने कहा कि चीनी मिल द्वारा अब तक 20 लाख क्विंटल से अधिक गन्ने की पेराई कर दी है और टू-डे रिकवरी में चीनी मिल का स्थान उत्तराखंड व उत्तर-प्रदेश की आसपास की चीनी मिलों में प्रथम है। अभी तक उनकी टू-डे रिकवरी 10.68 है। उनका प्रयास है कि इस पेराई सत्र में चीनी मिल सर्वाधिक रिवकरी का रिकार्ड कायम करे। इस मौके पर मुख्य लेखाकार वीरसेन राठी, मुख्य गन्ना अधिकारी डॉ. राजीव अरोड़ा, मुख्य रसायन विद समरपाल सिंह, मुख्य अभियंता नारायण सिंह आदि रहे।

पं.जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण करते प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह व अन्य।

एक नजर

डेंटल क्लीनिक संचालक की मौत मामले में मुकदमा दर्ज

काशीपुर। सड़क हादसे में डेंटल क्लिनिक संचालक की मृत्यु के मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में मृतक के भाई ने पुलिस को तहरीर सौंपी थी। यूपी रामपुर के दढियाल निवासी नासिर हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 फरवरी 2024 को उसका भाई आमिर सुहेल अपनी स्कूटी संख्या यूपी 22 एवाई 0813 पर सवार होकर काशीपुर से रामनगर जा रहा था। टांडा रेलवे क्रॉसिंग से आगे टांडा उज्जैन तिराहे के पास पहुंचे तभी एक ट्रक के चालक ने उसके भाई आमिर की स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। उसे राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अंतरराज्यीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज से

दिनेशपुर। वरिष्ठ समाजसेवी स्व. प्रेम सिंह धर्मशक्तु की स्मृति में दो दिवसीय अंतरराज्यीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 17 से 18 फरवरी तक शौका समाज दलीपनगर (कूल्हा) द्वारा आयोजित की गई है। यह जानकारी आयोजन कमेटी के अध्यक्ष बिरेंदर सिंह मर्तोलिया ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर की टीमों के अलावा उत्तर प्रदेश व हरियाणा की टीमें प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। उन्होंने क्षेत्र के खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की अपील की।

24 व 25 को होगी ओपन वॉलीबाल प्रतियोगिता

शांतिपुरी। शांतिपुरी नंबर चार चंद्रपुरी में आदर्श वॉलीबाल क्लब आगामी 24 व 25 फरवरी को ओपन वॉलीबाल टूर्नामेंट आयोजन करेगा। जिसमें विजेता टीम को 21 हजार व उपविजेता टीम को 15 हजार रुपये ट्रॉफी के साथ पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे। यह जानकारी ग्राम प्रधान रोहित तिवारी ने दी।

पुलिस ने दबोचे चार वारंटी

खटीमा। कोतवाली पुलिस ने चार वारंटियों कल्लू सिंह निवासी विगराबाग, अहमद हसन निवासी इस्लामनगर, कादिर अहमद निवासी वार्ड नंबर छह गोटिया और राकेश उर्फ बादशाह निवासी जमुना हॉस्पिटल के पीछे पीलीभीत रोड को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया।

घर से बाइक उड़ाई

खटीमा। गांगी निवासी पुष्पेंद्र सिंह पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि 31 जनवरी को शाम सात बजे वह अपनी बाइक बजाज पल्सर संख्या यूके06 बीएच 2546 तीन शेड में खड़ी थी की थी। और वहां से बाइक चोरी हो गई। काफी खोज वीन करने के बाद भी बाइक का कहीं पता नहीं चला। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है।

चोरी की लकड़ी के साथ चार दबोचे

बीते दिनों सरकारी भूमि से पर लगे कदम के 10 हरे पेड़ों को काट ले गए थे तस्कर

कार्रवाई

▸▸ आरोपियों के कब्जे से पिकअप वाहन व आरा भी बरामद, लकड़ी खरीदने वाले को भी पकड़ा

संवाददाता, किच्छा

किच्छा पुलिस के साथ पकड़े गए आरोपी एवं बरामद चोरी की लकड़ी। ● अमृत विचार

अमृत विचारः कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में विगत दिनों सरकारी भूमि से पर लगे हरे पेड़ों को तस्करों द्वारा चोरी करने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को चोरी की लकड़ी के साथ दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पिकअप जीप तथा चोरी की लकड़ी बरामद कर कब्जे में ले ली। इस मामले में पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले जिला रामपुर, थाना बिलासपुर निवासी लकड़ी व्यापारी को भी गिरफ्तार कर लिया।

फिलहाल पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। किच्छा कोतवाली परिसर में मामले का खुलासा करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि 4 दिन पूर्व 12 फरवरी को राजस्व उप निरीक्षक दीपक सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम रजपुरा क्षेत्र में चोरों ने कदम प्रजाति के करीब 10 पेड़ काट लिए तथा लकड़ी काटने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि राजस्व उप निरीक्षक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी तथा विवेचना उपनिरीक्षक विजय कुमार को सौंपी गई। सीओ शर्मा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में गठित की गई टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए बेनी मजार, ग्राम गडरिया बाग, थाना किच्छा निवासीगण खष्टी बल्लभ एवं अभिषेक सिंह, चीनी मिल कॉलोनी, थाना किच्छा निवासी संजय कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि आरोपियों ने लकड़ी चोरी करने की बात कबूलते हुए बताया कि उनके अलावा साथी संजय, मनमोहन एवं विजय कोहली ने लकड़ी चोरी करने की योजना बनाई थी और योजना के तहत रजपुरा के जंगल से पेड़ काटकर पिकअप वाहन संख्या यूके 05 सीए 0887 में भरकर सीमावर्ती क्षेत्र थाना बिलासपुर, जिला रामपुर (यूपी) निवासी मोहम्मद करीम की लकड़ी टाल पर ले गए थे तथा लकड़ी बेचने के बाद मिले 15 हजार रुपये सभी आरोपियों ने आपस में बांट लिया था। सीओ शर्मा ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने बिसारत नगर, वार्ड नंबर 9, थाना बिलासपुर, जिला रामपुर निवासी मोहम्मद करीम की लकड़ी टाल पर छापा मारकर चोरी के 22 गिल्टे बरामद कर लिए। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर पेड़ काटने में प्रयुक्त एक आरा भी बरामद कर लिया। फिलहाल पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त पिकअप जीप एवं बरामद आरा सीज करते हुए चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक विनोद फर्त्याल, उप निरीक्षक विजय कुमार, पुलिसकर्मी भागवत परिहार एवं देवराज सिंह शामिल रहे।

कलस्टर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना के लिए 1429 लाख का अनुमोदन

काशीपुर। काशीपुर कलस्टर की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना के लिए वित्त मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने 1429.89 लाख रुपये पर अपना अनुमोदन दिया है।

मंत्री डॉ. अग्रवाल ने बताया कि काशीपुर कलस्टर जिसमें काशीपुर, जसपुर और महुआडाबरा आदि की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना के लिए उनकी ओर से 1429.89 लाख रुपये को अपना अनुमोदन दिया है। उन्होंने बताया कि इसमें चतुर्थ राज्य वित्त आयोग से 571.956 लाख रुपये, स्वच्छ भारत मिशन से 500.46 लाख रुपये तथा काशीपुर कलस्टर से 357.4725 लाख रुपये स्वयं के वहन से करेगा। उन्होंने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का तात्पर्य है कि वातावरण एवं जन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ठोस कचरे के उपचार, निस्तारण, पुनः प्रयोग, पुनर्चक्रण व ऊर्जा में परिवर्तन करने की प्रक्रिया से है।

ठोस कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया के अनेक लाभ है इन लाभों में जन स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र को लाभ मिलता है, पर्यावरण स्वच्छ रहता है। साथ ही हमारे आसपास के सभी कचरे का उचित निपटान किया जाए तो हम पर्यावरण को आसानी से स्वच्छ रख सकते हैं। बताया कि कचरा प्रबंधन की पुनर्चक्रण प्रक्रिया से हमें नए उत्पादों के लिए कच्चा माल प्राप्त होता है।

सार-संक्षेप

ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित फेयरवेल पार्टी में मौजूद छात्र- छात्राएं।

12वीं के छात्र-छात्राओं को दी विदाई

शक्तिफार्म। ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल शक्तिफार्म में फेयरवेल पार्टी आयोजित कर 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय में आयोजित फेयरवेल पार्टी में केक काटा गया। कक्षा 11 के छात्रों ने विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अपने सीनियर्स का स्वागत व सम्मान किया। 11वीं के छात्रों ने सीनियर छात्रों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल कृष सिंह व मिस फेयरवेल महक बिष्ट को चुना गया। प्रबंधक नवीन जोशी, प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने सभी छात्रों को आगामी परीक्षाओं की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रबन्धक नवीन चंद्र जोशी, सदानंद विश्वास, प्रेमा बिष्ट, प्रकाश बोरा, विभा भांडार, संजना सक्सेना, कृष्णा वाला, महक बिष्ट, मानव सरकार, अमन रावत, कृष पांडे, चंदन भंडारी, प्रेमा रावत, सौम्या रावत, साक्षी, सौरभ घोष आदि रहे।

थाना अध्यक्ष से चोरी के खुलासे को लेकर वार्ता करते व्यापारी। ● अमृत विचार

व्यापारियों ने चोरियों के खुलासे पर दिया जोर

गदरपुर। एक ही रात में तीन दुकानों के ताले तोड़कर लाखों की चोरी के मामले में कोई कार्रवाई न होने पर व्यापार मंडल ने रोष जताया है। उन्होंने थाना अध्यक्ष से वार्ता कर जल्द मामलों का खुलासा करने की मांग की है। विदित है कि बीते दिनों महतोश मोड़ स्थित मार्केट की तीन दुकानों के ताले तोड़कर चोरों ने दुकानों से सामान के साथ ही लाखों रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। शुक्रवार को व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष राजकुमार भुडडी, महतोश व्यापार मंडल के अध्यक्ष विधान मंडल ने थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी से वार्ता कर चोरी के खुलासे की मांग की। थाना अध्यक्ष भुवनचंद जोशी ने कहा कि जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। इस मौके पर महामंत्री राजकुमार डुमरा, कोषाध्यक्ष गुरु चांद ढाली, इकबाल सिंह रहे।

कांग्रेस का आयकर दफ्तर पर विरोध प्रदर्शन आज

काशीपुर। कांग्रेस कमेटियों के विभिन्न बैंक खाते फ्रीज करने पर कांग्रेसियों ने रोष जताया है। साथ ही शनिवार को आयकर विभाग में विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। काशीपुर महानगराध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश अध्यक्ष करन महारा के निर्देश अनुसार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एवं राष्ट्रीय युवा कांग्रेस कमेटियों के बैंक खातों को मोदी सरकार द्वारा बिना किसी कारण के फ्रिज किया गया है। कहा कि इस क्रूर कदम के खिलाफ 17 फरवरी यानि शनिवार को आयकर विभाग कार्यालय काशीपुर पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

पिता ने बेटे-बहू पर लगाया मारपीट का आरोप

काशीपुर। एक वृद्ध ने अपने पुत्र व पुत्रवधू के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। साथ ही कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर सौंपी है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में मोहल्ला महेशपुरा निवासी सरफराज ने बताया कि उनकी उम्र 75 वर्ष से अधिक है। उसका पुत्र इरशाद और पुत्रवधू उसके साथ रोज मारपीट और गाली गलौज करते हैं। मारपीट से उसे काफी चोट आई हैं और हाथ भी फैक्चर है। उसने अपने पुत्र को प्रॉपर्टी से बेदखल भी किया हुआ है। आरोप है कि उन्होंने खाने में जहर इत्यादि देकर उसे मारने की कोशिश भी की।

4 महिलाओं समेत 25 वारंटी पकड़े

संवाददाता, किच्छा

किच्छा कोतवाली में गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

अमृत विचारः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने चार महिलाओं सहित 25 फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चार महिलाओं सहित 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटियों में धौरा डैम, थाना किच्छा निवासी सुखदेव सिंह, बलबीर सिंह, सोहन सिंह, मंगल सिंह, बूटा सिंह, बलजीत सिंह, डम्पी फॉर्म थाना किच्छा निवासी कृष्णा उर्फ किशन लाल, जीरो बंदा, थाना किच्छा निवासी मंगल सिंह, अमर सिंह, थाना किच्छा निवासी मंगल सिंह, वार्ड नंबर 7 ट्रक यूनियन गली, किच्छा निवासी आनंद, सिरौली कला, थाना पुलभट्टा निवासी आरिफ, वार्ड नंबर 9, इंदिरा नगर, किच्छा निवासी राशिद, ग्राम लालपुर निवासी गुरदीप सिंह, ग्राम भूड़ा देवरिया, लालपुर निवासी आनंद गोपाल उर्फ नंटू, वार्ड नंबर 18, किच्छा निवासी इम्तियाज, वार्ड नंबर 5 सुनहरी, किच्छा निवासी इरफान, आर्य समाज मंदिर गली, किच्छा निवासी दीपक सक्सेना, वार्ड नंबर 16, किच्छा निवासी नन्हें लाल, चीनी मिल कॉलोनी, किच्छा निवासी संजय कुमार, वार्ड नंबर 12, पुरानी गल्ला मंडी, किच्छा निवासी गुड्डू, वार्ड नंबर 13 किच्छा निवासी नरेश, ग्राम छिनकी, थाना किच्छा निवासी जितेंद्र सिंह, वार्ड नंबर 13, किच्छा निवासीगण आरती देवी, कमलेश रानी, संध्या देवी एवं मोनिका आदि वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

प्रधानाचार्या को चेक बाउंस मामले में तीन माह की सजा

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचारः तृतीय एसीजे की अदालत ने चेक बाउंस के मामले में एक निजी स्कूल की प्रधानाचार्या को तीन माह के कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

रामनगर रोड स्थित एआर इंटरनेशनल के प्रोपराइटर अभिनव अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता राकेश दुआ के माध्यम से कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया था कि एक निजी स्कूल की प्रधानाचार्या ने अपने स्कूल की मरम्मत के लिए 2 सितंबर 2021 को 40,141 रुपये का सरिया और 6 सितंबर 2021 को 46,909 रुपये का सीमेंट खरीदा था। बिल भुगतान की एवज में प्रधानाचार्य ने उसे 87 हजार रुपये का चेक दिया था। यह चेक उसने 4 अक्टूबर 2021 को केनरा बैंक की काशीपुर शाखा के अपने अकाउंट में लगाया, लेकिन 12 अक्टूबर 2021 को चेक बाउंस हो गया। परिवाद पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने आरोपी प्रधानाचार्य को तलब किया। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन कर अदालत ने आरोपी प्रधानाचार्या को धारा 138 एनआई एक्ट का दोषी पाया। तृतीय एसीजे हर्षिता शर्मा की अदालत ने आरोपी प्रधानाचार्या को तीन माह की कैद और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली

संवाददाता, जसपुर

जसपुर में जागरूकता रैली निकालते बीएड के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

अमृत विचारः जसपुर-अफजलगढ़ मार्ग स्थित गांव किशनपुर के आरएलएस मैमोरियल डिग्री कॉलेज के बीएड के छात्र-छात्राओं ने गांव किशनपुर में ठोस कूड़ा प्रबन्धन हेतु जागरूकता रैली निकाली। साथ ही घर-घर जाकर उन्हें ठोस कूड़ा प्रबन्धन के विषय में जानकारी दी और उन्हें जागरूक किया। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को बताया कि इसके 5 चरण होते हैं।

प्रथम चरण में अपशिष्ट पदार्थ उत्पन्न करने वालों द्वारा कचरे को सूखे और गीले कचरे के रूप में छांटकर अलग किया जाता है।

द्वितीय चरण में घर-घर जाकर कूड़ा इकट्ठा किया जाता है और छंटाई के बाद इसे प्रसंस्करण के लिए भेजा जाता है। तृतीय चरण में सूखे कूड़े में से प्लास्टिक, कागज, धातु, कांच आदि सामग्री को छांटकर अलग किया जाता है। चतुर्थ चरण में कूड़े के प्रसंस्करण की सुविधाओं जैसे कम्पोस्ट बनाने, बायो-मीथेन तैयार करने और कूड़े-करकट से ऊर्जा उत्पादन करने के संयंत्रों की स्थापना की जाती है। पंचम चरण में अपशिष्ट के निस्तारण की सुविधा लैंडफिल बनाना शामिल है। कहा कि अगर कूड़े-करकट को इकट्ठा कर उसकी छंटाई किए बिना ही प्रसंस्करण केन्द्र में पहुंचा दिया जाता है तो उसका प्रसंस्करण बड़ा मुश्किल होता है। इस मौके पर शगुन चौहान, फराह जमाल, भावना, निखिल, योगेन्द्र कुमार, प्रियम, सचिन मौजूद रहे।

टैक्सी चालक पर किया जानलेवा हमला

संवाददाता, रुद्रपुर

क्षतिग्रस्त टैक्सी। ● अमृत विचार

अमृत विचारः गाड़ी का दरवाजा खोलने को लेकर कार सवार और टैक्सी चालक में विवाद हो गया। कार सवारों ने चालक पर कातिलाना हमला बोल दिया। जान बचाकर भागे टैक्सी चालक के वाहन पर हमलावरों ने धारदार हथियार से हमला कर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और हमलवारों की तलाश शुरू कर दी है।

शुक्रवार को गांधी पार्क में आयोजित त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर हरबोला मुक्तेश्वर नैनीताल निवासी ग्राम प्रधान डूंगर सिंह प्रतिनिधियों को टाटा सूमो बुक कर लाए थे। शाम साढ़े सात बजे के करीब कार्यक्रम की समाप्ति के बाद डीडी चौक पर जैसे ही प्रधान ने टाटा सूमो गाड़ी का दरवाजा खोला तो अचानक सामने से आ रही कार दरवाजे से भिंड़ गई और कार व टाटा सूमो क्षतिग्रस्त हो गई। इस पर कार सवार व गाड़ी चालक में नोकझोंक हो गई। चालक ने कार की क्षतिपूर्ति देने का आश्वासन देकर मामला शांत करवाने का प्रयास किया। मगर कार सवारों ने चालक से हाथापाई शुरू कर दी। आरोप था कि कार सवारों ने धारदार हथियार निकालकर चालक पर हमला कर दिया। जिसमें चालक जख्मी होने के बाद मौके से जान बचाकर भाग निकला। आरोप है कि हमलावरों ने काफी दूर तक चालक का पीछा किया और असफल होने पर दोबारा वापस आकर टैक्सी पर धारदार हथियार से तोड़फोड़ शुरू कर दी। नैनीताल हाईवे पर गुंडई के बाद हमलावर फरार हो गए। जिसके बाद मुक्तेश्वर के प्रधान ने पुलिस को फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही बाजार चौकी प्रभारी पंकज मेहर मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। तहरीर आने के बाद घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जाएगा और हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

दो व्यक्तियों पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज

काशीपुर। गन्ने के खेत में ले जाकर किशोरी के एक रिश्तेदार ने दुष्कर्म का प्रयास किया। साथ ही विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना आईटीआई क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 फरवरी की शाम को क्षेत्र निवासी सतीश कुमार उसकी 12 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया और वहां उसके साथ अश्लील हरकत कर दुष्कर्म का प्रयास किया। साथ ही बच्ची के विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। उधर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार को उसकी 10 वर्षीय पुत्री के साथ शुगर मिल निवासी सतवीर ने अश्लील हरकत और अभ्रदता की। महिला की तहरीर अनुसार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

महाविद्यालय ने छात्र-छात्राओं को भी छात्रवृत्ति

गदरपुर। राजकीय महाविद्यालय ने उत्तराखंड शासन द्वारा मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 23- 24 की प्रथम छमाही 78 हजार रुपए की धनराशि डीबीटी के माध्यम से लाभान्वित छात्र-छात्राओं के खाते में हस्तांतरित कर दी है। महाविद्यालय के 'मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना' के संयोजक श्री प्रमोद वर्मा ने बताया कि महाविद्यालय के 7 छात्र- छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जानी है। जिसमें बीए तृतीय सेमेस्टर में अध्यनरत छात्रा सलोनी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 18000 रुपए, साइना को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 12000 रुपए, तृतीय वर्ष में अध्यनरत छात्र हेमंत गिरी को प्रथम स्थान के लिए 18000 रुपए, नव्या मौर्य को द्वितीय स्थान प्राप्त करने करने पर 12000 रुपए व सिमरन एवं सिया रानी को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 9000 रुपए की धनराशि छात्रवृत्ति हेतु प्रदान की गई है। कहा कि जो लाभार्थी रह गए हैं, उन्हें शीघ्र ही उच्च शिक्षा निदेशालय से बजट प्राप्त होते ही छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

पहल बांटी गई किट में बीपी मशीन, ग्लूकोमीटर, थर्मामीटर, क्रेप बैंडेज, शुगर स्ट्रिप शामिल हैं

50 पर्यावरण मित्रों को स्वास्थ्य संबंधी किट का वितरण

संवाददाता, काशीपुर

साहसी पर्यावरण मित्रों को सम्मानित और अन्य को किट वितरण करते अतिथिगण।

अमृत विचारः नगर निगम सभागार में 50 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 50 पर्यावरण मित्रों को स्वास्थ्य संबंधी किट का वितरण किया गया। किट में बीपी मशीन, ग्लूकोमीटर, थर्मामीटर, क्रेप बैंडेज, शुगर स्ट्रिप शामिल रहे। साथ ही पर्यावरण मित्रों को इस किट के प्रयोग की जानकारी भी दी।

शुक्रवार को नगर आयुक्त विवेक राय व एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने पर्यावरण मित्रों को स्वस्थ रखने के लिए एक नई पहल की है। जिसके तहत 50 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 50 पर्यावरण मित्रों को स्वास्थ्य संबंधी किट नगर निगम सभागार में बांटी गई। नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पहले स्वयं को स्वस्थ होना पड़ेगा। जिसके लिए आज 50 से अधिक की आयु वाले पर्यावरण मित्रों को एक स्वास्थ्य संबंधी किट दी गई है। किट में बीपी मशीन, ग्लूकोमीटर, थर्मामीटर, क्रेप बैंडेज, शुगर स्ट्रिप शामिल हैं। जिससे पर्यावरण मित्र समय-समय पर स्वयं कुछ बेसिक जांच कर अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे और समय रहते उसका इलाज कर सके। इस दौरान किट के उपयोग की जानकारी देते हुए उसके रख रखाव व जांच रिपोर्ट का आकलन इत्यादि की जानकारी भी दी। यहां सहायक नगर आयुक्त यशवीर सिंह राठ व विनोद लाल शाह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत साहनी आदि रहे।

छात्रा को बचाने वाले पर्यावरण मित्र सम्मानित

काशीपुर। बीते दिनों एक युवक ने एक तरफा प्यार में पड़कर कोचिंग जा रही छात्रा पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। इस दौरान वहां पर काम कर रहे कुछ पर्यावरण मित्रों ने छात्रा को आरोपी से बचाया था। जिससे बाद आरोपी वहां से भाग गया था और छात्रा की जान बच गई थी। उस समय अपने साहस का परिचय देकर छात्रा को बचाने वाले पांच पर्यावरण मित्रों को नगर निगम सभागार में एक कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किया गया और उनका हौसला बढ़ाया गया। बता दें कि खालसा निवासी बीएससी की एक छात्रा अपने बहन के साथ कोचिंग के लिए जा रही थी। तभी बड़े गुरुद्वारे के पास एक तरफा प्यार करने वाले एक युवक ने उसक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। युवक की योजना छात्रा को जान से मारने की थी। लेकिन शोर होने पर वहां पर काम कर रहे कुछ पर्यावरण मित्रों ने अपने औजारों की मदद से छात्रा को उस युवक के चंगुल से बचाया था और आरोपी युवक पर्यावरण मित्रों का साहस देख वहां से भाग गया था। शुक्रवार को ऐसे साहसी पर्यावरण मित्रों को नगर आयुक्त विवेक राय व एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने शॉल ओढ़ाकर व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही कहा कि इन पर्यावरण मित्रों को प्रदेश स्तर पर भी सम्मानित किया जाएगा। जिसके लिए इनका नाम शासन को भेजा जाएगा। सम्मानित होने वाले पर्यावरण मित्रों में रिंकु, सौरभ कुमार, विशाल कुमार, तुषार और आयुष शामिल है। जिनकी तारीफ शहर के हर लोग करते नजर आ रहे हैं।

निष्पक्ष चुनाव करना पहले प्राथमिकताः एसडीएम

खटीमा। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर तहसील सभागार में आयोजित बैठक में उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट ने सेक्टर व जनरल मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि वह मतदान केन्द्रों पर सभी सुविधाएं मुहैया कराने को कहा। बैठक में एसडीएम बिष्ट ने कहा कि ब्लॉक के 132 बूथों का निरीक्षण कर बूथों में सुविधाओं की जानकारी ली जाए। एसडीएम बिष्ट ने लोकसभा चुनाव के सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी 132 बूथों का निरीक्षण कर बूथों में प्रर्याप्त सुविधाओं व चुनाव को धन बल से प्रभावित करने वाले लोगों को चिन्हित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एसडीएम बिष्ट ने कहा कि चुनाव निष्पक्ष तरीके कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चुनाव में लगे सभी अधिकारी चुनाव को निष्पक्ष संपन्न कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान तहसीलदार हिमांशु जोशी, पीएन चौधरी, डॉ. गुरेन्द्र सिंह आदि रहे।

खटीमा में रास्ते की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

बिलहरी वासियों ने रास्ता खोलने की मांग उठाई

खटीमा। चकरपुर बिलहरी वासियों ने उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंप कर उनके घर तक आने-जाने के लिए रास्ता दिए जाने की मांग की है। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि उनके घर आने-जाने का रास्ता चकरपुर में स्टेडियम की चाहरदीवारी बनने के कारण बंद हो चुका है। यह भी कहा है कि इसी मार्ग पर काली मंदिर भी है। जिसका रास्ता भी स्टेडियम की चाहरदीवारी बनने के कारण बंद हो गया है। जिससे श्रद्धालुओं को भी मंदिर में आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा है कि ग्रामवासियों के रास्ते की समस्या को देखते हुए आवाजाही और खेती-बड़ी करने हेतु रास्ता देने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में राजकुमार, हरिप्रसाद, महेश्वरी देवी, सपना देवी, कमला देवी, आशा देवी, पार्वती, मीणा, लक्ष्मी, गुड्डी, मीना, ममता देवी, रेशमा, रीति आदि शामिल रहे।

सरकार की नीतियों पर भड़के ट्रेड यूनियनों से जुड़े संगठन

अल्मोड़ा के गांधी पार्क में जमकर की नारेबाजी, मांगों पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन को और अधिक तेज करने की दी चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : संयुक्त ट्रेड यूनियन के आह्वान पर अल्मोड़ा में भी विभिन्न ट्रेड यूनियनों से जुड़े संगठनों ने शुक्रवार को अल्मोड़ा में सरकार की नीतियों की खिलाफत करते हुए जमकर नारेबाजी की और घंटों नगर के गांधी पार्क में धरना दिया। ट्रेड यूनियनों के इस प्रदर्शन में आशा वर्कर्स समेत अन्य अनेक विभिन्न विभागों में काम कर रहे कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। ट्रेड यूनियनों के सदस्यों ने अपनी मांगों पर कार्रवाई न होने पर आंदोलन को और अधिक उग्र करने की चेतावनी भी दी।

शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर विभिन्न ट्रेड संगठनों से जुड़े सदस्य एकत्र हुए। उन्होंने यहां गांधी पार्क में सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और बाद में धरने पर बैठ गए। धरना सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वह ट्रेड यूनियन एक्ट व चारों श्रम संहिताओं को वापस लेकर श्रम कानूनों को मजबूत बनाए जाने, स्कीम वर्कर्स का वेतन न्यूनतम 26 हजार रुपये करते हुए उन्हें राज्य कर्मचारी घोषित किए जाने, सार्वजनिक संस्थानों का निजीकरण बंद किए जाने, आशा वर्कर्स, भोजनमाता, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सरकारी कर्मचारी घोषित किए जाने, पीटीसी कर्मचारियों का उत्पीड़न बंद कर उन्हें न्यूनतम वेतन दिए जाने, पुरानी पेंशन का बहाल किए जाने समेत अनेक मांगों पर लंबे समय से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार उनकी मांगों को पूरा करने के बजाय हमेशा नजरंदाज करती आई है। जिस कारण अब ट्रेड यूनियनों के सदस्य अपने आप को उपेक्षित महसूस करने लगे हैं। वक्ताओं ने कहा कि वह अभी मांगों को लेकर शांतिपूर्वक तरीके से संघर्ष कर रहे हैं। लेकिन जरूरत पड़ी तो वह उग्र आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे।

धरना सभा में दिनेश तिवारी, राजू बिष्ट, शिवराज नेगी, जीवन सिंह, इंदर सिंह, गिरीश, नारायण सिंह, विजय लक्ष्मी, नीमा जोशी, भगवती आर्या, ममता भट्ट, आनंदी मेहरा, दया आर्या, लक्ष्मी वर्मा, कमला बिष्ट, हेमा गुरुरानी, उमा आगरी, प्रेमा जड़ौत, गंगा, कमला, जानकी देवी समेत अनेक सदस्य शामिल रहे।

अल्मोड़ा के गांधी पार्क में प्रदर्शन कर धरना देते विभिन्न ट्रेड संगठनों के सदस्य। ● अमृत विचार

चम्पावत में धरना प्रदर्शन करते आशा वर्कर। ● अमृत विचार

आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने खोला मोर्चा

चम्पावत, अमृत विचार : जनपद की आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में अलग-अलग जुलूस निकालकर सरकार के विरूद्ध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि सरकार आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर रही है। शीघ्र लंबित मांगों का निस्तारण न होने पर आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी। शुक्रवार को आशा यूनियन की जिलाध्यक्ष सरोज पुनेठा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मोटर स्टेशन से लेकर कलक्ट्रेट तक आक्रोश रैली निकाली। उन्होंने सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि मानदेय बढ़ाने, सेवानिवृत के दौरान दस लाख रुपये दिए जाने, पल्स पोलियो के दौरान दैनिक मानदेय बढ़ाने सहित छह सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से कार्यकर्ता आंदोलन कर रही हैं। उन्होंने जल्द मांगें पूरी न होने पर देहरादून में प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। आंदोलन में ब्लाक अध्यक्ष रुक्मणी जोशी, हेमा जोशी, ज्योति उपाध्याय, संगीता प्रहरी, मीरा पंत, कौशल्या पांडेय, उमा, कविता देवी, पुष्पा बिष्ट, कविता देवी, लता बिष्ट सहित बड़ी संख्या में आशाएं मौजूद रहीं। दूसरी ओर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सेविकाओं ने मिनी कर्मचारी संगठन की जिलाध्यक्ष मीना बोहरा के नेतृत्व में सरकार के विरूद्ध प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि कम मानदेय में भी वे अपने कार्य को इमानदारी व निष्ठा के साथ कर रही हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी वर्कर्स ने रोजाना 600 रुपये मानदेय देने, सेवानिवृत्ति के बाद दो लाख रुपये देने, टेक होम राशन ढुलान को केंद्र तक पहुंचाने की राशि देने, मोबाइल फोन व रिचार्ज का खर्च दिए जाने आदि मांगें प्रमुखता से रखीं। प्रदर्शन करने वालों में कलावती देवी, विमला देवी, हेमा देवी, कविता देवी, पुष्पा देवी, जानकी देवी, कमला देवी, राधा देवी, माया देवी, चन्द्रा देवी, नीलावती देवी आदि मौजूद रहीं।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के होंगे प्रयास: कोंडे

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : आर्थिक व सामाजिक रूप से महिलाएं सशक्त व आत्मनिर्भर बन सकें, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं को और अधिक सक्षम बनाया जा सके, इसके लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

विकासखंड धौलादेवी के जागेश्वर धाम से लगे आरतोला में उजाला स्वायत्त सहकारिता के शिव शक्ति आउटलेट का शुभारंभ करते हुए मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तमाम योजनाओं का संचालन कर रही है, जिनका लाभ प्रशासन पात्रों तक पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अपनी क्षमताओं को पहचानें व आर्थिकी के क्षेत्र में मजबूत बनने के लिए निसंकोच कदम उठाएं। सीडीओ ने कहा कि इस क्लस्टर से 43 स्वयं सहायता समूहों की 276 महिलाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही, समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित स्थानीय उत्पादों को आउटलेट के माध्यम से विक्रय किया जाएगा। समूह से जुड़ी आठ महिलाओं को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अल्ट्रा पुअर के पैंतीस-पैंतीस हजार रुपये के चेक भी वितरित किए।

कार्यक्रम में ज्येष्ट प्रमुख योगेश भट्ट, जिला पर्यटन अधिकारी अमित लोहनी, खंड विकास अधिकारी सुंदर सिंह दरियाल, गंगा आर्या, गीता जोशी, पंकज सनवाल, मुकेश पुनेठा, अरविंद पांगती, कमला देवी, संदीप सिंह, इंद्रा अधिकारी, गौरव पाठक, उत्कर्ष गुप्ता, दीपक रमोला, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्य बहिष्कार पर डटे रहे उपनल कर्मी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मांगों को लेकर पिछले से कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन कर रहे उपनल कर्मियों में अपनी उपेक्षा से खासा आक्रोश व्याप्त है।

शुक्रवार को विभिन्न विभागों में कार्यरत उपनल कर्मचारी चौघापनाटा में एकत्र हुए और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उपनल कर्मियों ने कहा कि वह पिछले पांच दिनों से सरकार से अपने जायज अधिकारों को पूरा करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। जिलाध्यक्ष मनीष वर्मा ने कहा कि उपनल कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि करने, महंगाई भत्ता देने, पांच वर्ष से अधिक समय तक कार्य करने पर पद सृजित करने जैसी जायज मांग कर रहे हैं। लेकिन सरकार उनकी मांगों को पूरा करने के लिए कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं कर रही है। प्रदर्शन के दौरान जिला महामंत्री शेखर भट्ट, निशांत गोस्वामी, पूरन मेहरा, सुनील टम्टा, कमल बनकोटी, मुन्नी भाकुनी, किरन मठपाल, कमला आदि रहे।

चम्पावत में धरने पर बैठे उपनल कर्मचारी। ● अमृत विचार

चम्पावत में उपनल कर्मियों ने निकाली रैली

टनकपुर/चम्पावत : वेतनवृद्धि समेत सात सूत्रीय मांगों को लेकर शुक्रवार को टनकपुर में धरना देकर सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। वहीं चम्पावत में भी मोर्चा के संयोजक संदीप कलखुडिय़ा तथा पवन डुंगरिया के नेतृत्व में रैली निकाली। बाद में सभा का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने उपनल कर्मियों के वेतन में 20% की वृद्धि करने, महंगाई भत्ता देने, कर्मचारी को सेवा से न हटाने, मृतक आश्रित को नौकरी देने, माध्यमिक शिक्षा में कार्यरत प्रयोगशाला सहायकों को उच्च शिक्षा की तरह कुशल श्रेणी में बदलन आदि की मांग की। बाद में सीएम कैंप कार्यालय में विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। इस दौरान अनिल सिंह, चंचल जोशी, राकेश बिष्ट, भूपेंद्र जोशी, संतोष चौबे, कीर्ति चंद्र ओली, ललित रैंसवाल, भुवन चंद्र, दीपक पंत आदि मौजूद रहे।

विद्युत आपूर्ति सुचारू होने से ली राहत की सांस

अल्मोड़ा : नगर के दुगालखोला और पुलिस लाइन मोहल्ले में बीते दिवस खराब हो चुके बिजली के ट्रांसफार्मरों को शुक्रवाल को बदल दिया गया है। जिसके बाद इन इलाकों में बिजली की आपूर्ति सुचारू हो गई और लोगों ने राहत की सांस ली है। गुरुवार को दुगालखोल में 100 और पुलिस लाइन के पास 63 केवीए के दो ट्रासंफार्मर खराब हो गए थे। जिस कारण इनसे प्रभावित क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति ठप हो गई थी। शुक्रवार को बिजली विभाग के कर्मचारियों ने इन दोनों ट्रांसफार्मरों को बदल दिया है।

सार-संक्षेप

शिक्षक राम सिंह शैलेश मटियानी पुरस्कार से सम्मानित

रानीखेत : राजकीय आदर्श प्राइमरी विद्यालय, ताड़ीखेत, चिलियानौला के प्रधानाध्यापक राम सिंह जनी को शैलेश मटियानी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राम सिंह जनी ने वर्ष 2015 में विद्यालय के प्रधानाचार्य नियुक्त हुए, जिसके बाद स्कूल में छात्रों की संख्या मात्र 53 से 111 हो गई। विद्यालय से इस वर्ष 17 छात्र- छात्राओ का चयन राजीव गांधी, नवोदय विद्यालय व हिम ज्योति आदि विद्यालयों में चयन हुआ। राम सिंह जनी की उपलब्धि पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल, खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र सिंह चौहान, मनमोहन सिंह देव, सुरेंद्र सिंह चिलवाल, डॉ. शिवराज सिंह बिष्ट, शंभू गिरी गोस्वामी, कुंवर पपनै, राजीव खाती, मनोज कुमार, दीपा आर्य, तनुजा गोस्वामी, यशोदा कांडपाल आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

इंस्पायर अवार्ड के लिए दो छात्र हुए चयनित

अल्मोड़ा : राजकीय आदर्श इंटर कालेज हवालबाग के दो छात्रों का चयन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के इंस्पायर अवार्ड स्कीम के तहत हुआ है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. कपिल नयाल ने बताया इस बार विद्यालय के दो छात्र आदित्य भास्कर व तरुण सिंह कनवाल कर इस पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। बताया कि इस स्कीम के अंतर्गत प्रत्येक छात्र को नई सोच के साथ इन्नोवेटिव मॉडल बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा 10 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाती है। पिछले दिनों अल्मोड़ा दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार मॉडलों की सराहना भी की थी।

रोजगार के लिए सिडकुल स्थापित करने की मांग

टनकपुर : युवाओं को रोजगार दिए जाने के उद्देश्य से टनकपुर में सिडकुल की स्थापना करने की मांग उठी है। इंसाफ द पावर संगठन ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक ज्ञापन भेजा है। संगठन ने कहा है कि बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए टनकपुर में सिडकुल स्थापित करना जरूरी है, जिससे यहां के युवाओं को रोजगार मिल सके। ज्ञापन में बनबसा के जगबूढ़ा पुल से पूर्णागिरि मार्ग के ढुलीगाड़ तक सड़क का चौड़ीकरण कर बीच में रेलिंग लगाए जाने की मांग भी की गई है। ज्ञापन में संगठन के अध्यक्ष तिलक राम, पुष्कर राम, गिरीश कुमार, अरविंद कुमार आदि के हस्ताक्षर हैं।

जंगलों के संरक्षण को शीतलाखेत मॉडल जरूरी

अल्मोड़ा : स्याहीदेवी शीतलाखेत क्षेत्र में जंगल बचाओ जीवन बचाओ अभियान चला रहे पर्यावरण प्रेमियों ने जीबी पंत संस्थान के निदेशक से मुलाकत कर चार बिंदुओं पर आधारित मॉडल को पूरे हिमालयी राज्यों तक पहुंचाने का आह्वान किया है। ग्रामोद्योग विकास संस्थान के शिष्टमंडल ने जीबी पंत संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल से मुलाकात की। इस दौरान पर्यावरण प्रेमी गजेंद्र पाठक ने स्याहीदेवी शीतलाखेत मॉडल की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से उत्तराखंड के जल स्रोतों, जैव विविधता, खेती और बागवानी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। पाठक ने कहा कि जंगलों को आग से बचाने को ग्राम सभा स्तर पर वनाग्नि समिति का गठन व एक अप्रैल को ओण दिवस मनाए जाने की जरूरत है। शिष्टमंडल में आरडी जोशी, गोपाल बिष्ट, प्रताप सिंह, शंकर सिंह आदि शामिल रहे।

शिक्षा संकाय में सामुदायिक कार्यों पर कार्यशाला शुरू

अल्मोड़ा : सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय में बीएड और एमएड प्रशिक्षुओं के लिए सामाजिक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से सामुदायिक विकास कार्यशाला शुरू हो गई है। यह कार्यशाला सात दिनों तक चलेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. भीमा मनराल द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, घरेलू हिंसा, जल संरक्षण सहित अन्य कई सामुदायिक कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सामुदायिक गतिविधियों में प्रशिक्षुओं को जो चीजें सिखाई जाएंगी, उसको वह स्कूलों में जाकर बच्चों तक पहुंचाएंगे। इस मौके डा. रिजवाना सिद्दीकी, डा. संगीता पवार, डा. ममता असवाल, डा. देवेंद्र सिंह, मनोज आर्य, मनोज कार्की, सरोज जोशी, ललिता रावल, बीना कुमारी, अंकिता आदि रहे।

वर्ग पहेली-345

बाएं से दाएं

1. कक्ष, कमरा।
4. जो असहनीय हो, असह्य।
5. दूसरों की भलाई, दूसरे के हित का काम, उपकार।
7. 1. किसी द्रव को गले से नीचे उतारना 2. शराब पीना 3. हुक्का या सिगरेट आदि का धुआं खींचना 4. किसी तरल पदार्थ को सोख लेना 5. क्रोध को मन में ही दबा लेना।

ऊपर से नीचे

2. 1. जो सरकारी न हो, अराजकीय 2. जिसके लिए शासन जवाबदेह न हो 3. जनता द्वारा स्थापित या संचालित 3. ऋण, कर्ज़।
5. बच्चों का चुंबन, चुम्मी।
6. 1. पशुओं का खाद्य पदार्थ, जैसे- घास-भूसा, डंठल आदि 2. मछली पकड़ने के लिए कांटे में लगा केंचुआ आदि 3. उपाय, विकल्प 4. किसी को फंसाने के लिए दिया जाने वाला लालच। [मु.] -फेंकना : किसी को लोभ में फंसाने का प्रयास करना।



वर्ग पहेली - 344 का हल

1 चिं	2 गु	ड़	ना	■
■	ण	■	3 धा	■
■	सा	■	4 गो	र	सी
5 मं	ग	ल	पा	णि	■
■	र	■	6 च	क	ई
■	■	7 ब	ल	■	■
8 पां	व	■	■	9 झूं	क

छात्रों को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

टनकपुर, अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का सैलानीगोठ विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस शिविर जारी है। इस दौरान छात्रों ने गांव में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए।

बौद्धिक सत्र में छीनीगोठ विद्यालय के शिक्षक व नशा मुक्ति अभियान के संचालक त्रिलोचन जोशी ने राष्ट्रीय योजना के शिविरार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कहा कि समाज में आए दिन नशे की घटनाएं बढ़ रही हैं। नशा करने से परिवार में आर्थिक नुकसान के साथ स्वास्थ्य पर भी गलत असर पड़ता है। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुषमा मक्कड़, आशा आर्या, भुवनेश्वरी गहतोड़ी आदि मौजूद रहे।

किसानों की अनदेखी नहीं होगी बर्दाश्त

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : देश के किसानों, मजदूरों के राष्ट्रव्यापी आंदोलन के समर्थन में उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने गांधी पार्क में धरना देकर उनकी न्यायसंगत मांग को स्वीकार करने व उनके क्रूर दमन के प्रयासों के खिलाफ कड़ी नाराजगी जताई है। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि देश के अन्न दाताओं को दिल्ली जाने से रोकने के लिए उन पर जो जुल्म किए गए हैं ,उन्हें देश की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार उपपा कार्यकर्ताओं ने गांधी पार्क में पोस्टर व बैनरों के साथ उत्तराखंड व देश में बढ़ रही तानाशाही व माफियाराज का विरोध किया। धरना प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि एक ओर अपने देश की जनता व युवा पीढ़ी महंगाई, बेरोजगारी व प्राकृतिक संसाधनों की लूट से परेशान है। वक्ताओं ने कहा कि सरकारें सुनिश्चित रूप से रोजगार के अवसर खत्म कर युवा पीढ़ी को संविदा व ठेके के रोजगार देकर उनका भविष्य चौपट कर रही हैञ जिसे किसी कीमत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। धरने में वरिष्ठ अधिवक्ता गोविंद लाल वर्मा, उपपा के केंद्रीय महासचिव एडवोकेट नारायण राम, चंद्रशेखर सिंह बनकोटी, सरिता मेहरा, राजेंद्र प्रसाद, राजू गिरी, मोहम्मद वसीम, उछास के भास्कर तिवारी, दीपांशु पांडे, राकेश बाराकोटी, सुमित, सक्षम पांडे, नीरज पंत आदि रहे।

मांगों को लेकर अल्मोड़ा में प्रदर्शन करते उपनल कर्मचारी। ● अमृत विचार

नए छात्र मतदाताओं को किया प्रेरित

बनबसा, अमृत विचार: राजकीय महाविद्यालय, बनबसा में आगामी लोकसभा चुनाव में नए मतदाताओं को जागरूक किया गया।

प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा की अध्यक्षता में हुए चुनाव का पर्व, देश का गर्व कार्यक्रम के तहत नए छात्र मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। स्वीप कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार और डॉ. सुधीर मलिक ने मतदाता जागरूकता अभियान संबधी गतिविधियों की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा ने नए मतदाताओं से मतदान सूची में नाम दर्ज कराने के लिए बीएलओ से संपर्क करने की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. शशि प्रकाश सिंह, हेम गहतोडी, मोहन, अनिल, त्रिलोक कांडपाल, अमर, विनोद आदि रहे।

सुडोकू-62

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9			4					5
			9		3		1	
	8					6		9
		6			7			1
		3				7		
5			1				6	
6		1			8		3	
	2		3		9			6
4					5			7

सुडोकू - 61 का हल

1	2	8	9	5	4	3	6	7
6	5	3	2	1	7	9	8	4
4	7	9	3	6	8	2	5	1
9	4	2	5	7	3	8	1	6
8	6	5	1	4	2	7	9	3
3	1	7	8	9	6	5	4	2
2	9	1	6	3	5	4	7	8
5	3	4	7	8	1	6	2	9
7	8	6	4	2	9	1	3	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- अष्टमी 08.15 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 08.46 तक तत्पश्चात रोहिणी।

मेष — आज घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान को करियर में बेहतर विकल्प मिलने की संभावना बन रही है। गलत निर्णयों के कारण काफी परेशानी बढ़ सकती है। दोस्तों के साथ पारिवारिक समारोह में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

वृष — आज ऑफिस में आप अपने सहकर्मियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से आपको धन लाभ मिलेगा। आपको कहीं से शुभ सूचना मिलने की संभीवना बन रही है।

मिथुन — आज आप परिजनों की अपेक्षा पर खरे नहीं उतरेंगे। प्रदूषण वाली जगहों पर जाने से बचें। बैंकिंग से जुड़े लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। व्यवसाय में लापरवाही भारी पड़ सकती है। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में थोड़ा तनाव हो सकता है।

कर्क — आज संतान की उपलब्धियों से हर्षित होंगे। कमीशन आदि से धन लाभ मिल सकता है। प्रेमी जन से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। आप बौद्धिक चर्चाओं में सम्मिलित हो सकते हैं। विवाह आदि कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी।

सिंह — आज व्यवसाय में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। नए व्यावसायिक संपर्कों से आपको विशेष लाभ होगा। महिलाओं को करियर के अच्छे विकल्प मिल सकते हैं। शोधकार्यों से जुड़े लोग काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

कन्या — आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी वर्ग के साथ आपको अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। विनिर्माण कार्यों में प्रगति होने के योग बन रहे हैं। रोजगार में बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

तुला — आज कर्ज लेने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। बच्चों की संगत का ध्यान रखें। व्यवसाय में आपको संघर्ष करना पड़ेगा। माता-पिता का आशीर्वाद लेना न भूलें। रिश्तेदारों से कोई अप्रिय सूचना मिल सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

वृश्चिक — आज नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। आप प्रतिद्वन्दियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण करें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छी सफलता मिल सकती है। आप एक साथ कई कार्य करने का प्रयास करेंगे।

धनु — आज मन में चंचलता रहेगी। अध्यापन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। अपने व्यवसाय को बढ़ाने के विषय में योजना बना सकते हैं। छात्र पढ़ाई को लेकर गंभीर रहेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

मकर — आज किसी रिश्तेदार से कहासुनी हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से परेशानी होगी। आपको समस्याओं के बजाय समाधान ढूंढने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वन्दिता का वातावरण रहेगा।

कुंभ — आज धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। कुसंगति से बचें वरना आपकी छवि पर बुरा असर पड़ सकता है। दांपत्य संबंधों में अविश्वास उत्पन्न हो सकता है। मानसिक कष्ट की स्थिति बन सकती है।

मीन — आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के लिए आपको निमंत्रित किया जा सकता है। पुण्य कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। सामाजिक कार्यों को व्यक्तिगत कार्यों से भी अधिक महत्व देंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
कीमत — सुबह : 10.19
सपूत — रात : 07.00

SONY PIX
एज ऑफ टूमारो — सुबह : 10.54
बुलेट ट्रेन — रात : 09.00

SONY SMAX
जर्सी — सुबह : 09.53
आंख मिचौली — रात : 10.00

ZEE CINEMA
एलोन — सुबह : 10.30
रईस — रात : 07.30

colors CINEPLEX
दोस्ताना — दोपहर : 12.47
गोविंदा नाम तेरा — रात : 09.56

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

भिखारी - साहब 20 रुपये दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी- लेकिन कॉफी तो 10 रुपये की आती है!
भिखारी- मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ में है न।
आदमी-अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी- नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

पापा- बेटा आज तेरी मम्मी इतनी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बच्चा-उन्होंने मुझसे लिपस्टिक मांगी थी,गलती से मैंने फेवीस्टिक दे दी।
पापा (आंख में आंसू के साथ)- जुग-जुग जिओ मेरे लाल ऐसा बेटा भगवान सभी को दे।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढ़चेता नराधम : ।।

मूढ़ चित्त वाला नीच व्यक्ति बिना बुलाए ही अंदर चला आता है, बिना पूछे ही बोलने लगता है तथा जो विश्वास करने योग्य नहीं हैं, उन पर भी विश्वास कर लेता है।

संपादकीय

बिखरता विपक्षी कुनबा

2024 लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे सात माह पूर्व बना आइएनडीआइए गठबंधन बिखरता जा रहा है। उससे जुड़े सहयोगी दल चाहें कितना भी दावा करें कि हम गठबंधन के साथ हैं, लेकिन पार्टियों में चलता अंतर्द्वंद्व और असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से कोई मजबूत पहल सिरे चढ़ते नहीं दिख रही है। गुरुवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला ने अकेले दम पर चुनाव लड़ने की बात कही है। उनका कहना है कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं करेगी। हालांकि बाद में उनके बेटे उमर अब्दुल्ला ने सफाई देते हुए कहा कि हम आइएनडीआइए से अलग नहीं हो रहे हैं। आइएनडीआइए के साथ अभी सीटों पर तालमेल को लेकर कोई अंतिम बातचीत नहीं हुई है। यह कहना गलत नहीं होगा कि विपक्षी एकता की कमजोरी की मुख्य वजह क्षेत्रीय दलों में किसी भी कीमत पर समझौते की मंशा का न दिखना है। इसके अलावा एक के बाद एक गठबंधन के प्रमुख चेहरों का गठबंधन से दूरी बनाना मुख्य कारणों में से एक है। जैसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आइएनडीआइए के मुख्य सूत्रधार माने जा रहे थे, लेकिन उनका अचानक से एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए बहुत बड़ा झटका था। इसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गठबंधन के प्रमुख नेता जयंत चौधरी का भी एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। गौरतलब है कि सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी गठबंधन में शुरू से ही स्थिति साफ नहीं हो सकी है। जबकि सीटों के बंटवारे को लेकर कई बार बैठकें भी हुईं, लेकिन उन बैठकों का कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका। यदि सीटों की स्थिति पर बात करें तो बंगाल में टीएमसी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि उनकी पार्टी अकेले लोस चुनाव लड़ेगी। पंजाब में भी सत्ताधारी आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ सीटों के बंटबारे को लेकर ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। यही स्थिति दिल्ली और उत्तर प्रदेश में है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ही सभी राज्यों में अपनी पहचान रखती है, ऐसे में सभी क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस के साथ ही सीटों का बंटबारा करना होगा, लेकिन कोई भी दल कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने में खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। गठबंधन के दिन ब दिन बिखरने का मुख्य कारण यह भी है कि गठबंधन अपना प्रधानमंत्री का चेहरा स्पष्ट नहीं कर सका। इसकी मुख्य वजह है कि कांग्रेस अपनी पार्टी के किसी चेहरे को प्रधानमंत्री की दावेदारी के रूप में आगे करना चाहती है और इस पर वह कहीं पर भी समझौते की स्थिति में नहीं दिख रही है। टीएमसी ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाना चाह रही थी। कहना गलत नहीं होगा कि पार्टियों की असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में आपस में कोई सामंजस्य नहीं बना सका जिसकी वजह से गठबंधन बिखरता जा रहा है।

भारत की सांस्कृतिक विजय का प्रतीक अबू धाबी मंदिर

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई, उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है।

अबू धाबी में स्वामीनारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर का शुभारंभ बीती 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। संयुक्त अरब अमीरात में हिन्दू धर्म के अनुसार सार्वजनिक रूप से पूजा-पाठ विशेष रूप से मूर्ति पूजा की अनुमति नहीं थी, लेकिन बीते कुछ दशकों में कुछ छोटे-छोटे देशों के इस समूह में भारतीयों की संख्या जिस तेजी से बढ़ी उसने उन्हें अमीरात की जरूरत बना दिया। बदलते वक्त के साथ यूएई की सोच भी बदल रही है। उसी का नतीजा है कि वहां आज एक भव्य हिंदू मंदिर स्थापित हो पाया है। ये मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद हाईवे के पास अल रहबा में अबु मुरेखा नाम की जगह पर बना है। ये मंदिर बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बीएपीएस ने बनाया है। दुनियाभर में इस संस्था के 1200 से ज्यादा मंदिर हैं। दिल्ली और गुजरात में अक्षरधाम मंदिर इसी संस्था ने बनाया है। अबू धाबी में मंदिर की कल्पना बीएपीएस के प्रमुख स्वामी महाराज ने 5 अप्रैल 1997 को की थी। उनका मानना था कि अबू धाबी में भी एक मंदिर होना चाहिए जिससे देश, संस्कृति, समुदाय और धर्म और करीब आ सकें।

अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा, क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया। दुनिया के अनेक देशों में स्वामी नारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर बने हैं, किंतु अबूधाबी का यह मंदिर उन लोगों के मुंह पर तमाचा है, जो भारत में मंदिर बनाए जाने पर नाक सिकोड़ते हैं।

> अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा, क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया।

इसी के साथ ये मुस्लिम कट्टरपंथियों के लिए भी सबक है, जो अतीत में मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों पर हिंदुओं के दावे को स्वीकार करने की सौजन्यता दिखाने के बजाय उसमें अड़ंगे लगाया करते हैं। अयोध्या में गत 22 जनवरी को राममंदिर के शुभारंभ के अवसर पर समूचे विश्व के सनातन प्रेमियों ने हर्षोल्लास मनाया।

संयुक्त अरब अमीरात के रेगिस्तान में हिंदू मंदिर बना है। यह दुनिया के किसी अजूबे, करिश्मे और अभूतपूर्व मिसाल से कम नहीं है। इसके गहरे सामाजिक-सांस्कृतिक निहितार्थ भी हैं, जिन्हें दुनिया पढ़ेगी और समझेगी। अरब के इस्लामी देश अमूमन कट्टरपंथी, धार्मिक तौर पर संकीर्ण और असहिष्णु माने जाते रहे हैं। यह मंदिर उन धारणाओं को खंडित करता है। अबू धाबी शहर के मरुस्थल में बने हिंदू मंदिर में मिस्र, एजटेक, अफ्रीकी, यूरोपीय और चीनी सभ्यताओं के प्रतिचिह्न भी हैं और कहानियां भी हैं। कुरान को भी देखा जा सकता है, जो 'वॉल ऑफ हॉरमोनी' बनाई गई है, वह सर्वधर्म समभाव का दुर्लभ उदाहरण है। वोहरा समुदाय के मुसलमानों ने उसमें योगदान दिया है। हिंदू के अलावा बौद्ध, जैन, ईसाई संप्रदायों की प्रतिमाएं भी हैं। यकीनन यह मंदिर अध्यात्म और आस्थाओं का सामंजस्य है, सह-अस्तित्व का बेजोड़ नमूना है। करीब 27 एकड़ भूखंड के आधे भाग में बनाए गए मंदिर के लिए संयुक्त अरब अमीरात के इस्लामी शासक, राष्ट्रपति शेख मुहम्मद बिन जायद ने जमीन दान में दी और अरब देश में हिंदू स्वामीनारायण मंदिर बनाने की इजाजत भी दी। इससे व्यापक सहिष्णुता और धार्मिक उदारता और क्या हो सकती है? महत्वपूर्ण यह भी है कि हिंदू मंदिर बनाने का न तो कोई विरोध किया गया और न ही कोई दंगा-फसाद भड़का। किसी अन्य अरब देश ने भी आपत्ति नहीं की। असल में यही धर्मनिरपेक्षता है। मंदिर के सात शिखर सात महत्वपूर्ण भगवानों को समर्पित हैं। भगवान राम, भगवान शिव, भगवान कृष्ण, भगवान जगन्नाथ, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सात शिखर अरब के सात अमीरात के भी प्रतीक हैं। हिंदू मंदिर में गंगा, यमुना, सरस्वती नदियों को प्रतीक-रूप में बनाया गया है। समुद्री जहाजों से पवित्र नदियों के जल अबू धाबी में लाए गए और अब वही जल इन प्रतीकात्मक नदियों में प्रवाहित हो रहा है। मंदिर के आंगन में वाराणसी का घाट भी बनाया गया है।

ऐसे बिम्बात्मक भारत की कल्पना हमने तो कभी नहीं की थी। मंदिर में खासतौर पर 96 घंटियां बनाई गईं हैं। घंटियां हमारे मंदिर की सार्थक पहचान होती हैं। मंदिर को देखें, तो 'लघु हिंदुस्तान' प्रतीत होता है। मंदिर परिसर में एक 'दैवीय आंख' भी बनाई गई है जिसके जरिए क्या देखा जा सकता है, वह अनिर्वचनीय है। करीब 900 करोड़ रुपए की लागत से बने मंदिर में सफेद संगमरमर, राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर का ही प्रयोग किया गया है। नागर शैली में बनाए गए मंदिर में कोई लोहा, इस्पात जैसी धातु का इस्तेमाल नहीं किया गया है। मंदिर के 402 स्तंभों पर जो मूर्तियां, पशु-पक्षी, जानवर उकेरे गए हैं, उस नक्काशी का वर्णन एक आलेख में नहीं किया जा सकता। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए भारतीय पौराणिक कथाओं में हाथी, ऊंट और शेर जैसे महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले जानवरों के साथ संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी स्थान दिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि एक अरब, इस्लामी देश में हिंदू मंदिर बनाया गया है और भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने उसका उद्घाटन किया है। यह हमारे देश के लिए गरिमापूर्ण सम्मान है।

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई, उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है। करीब 39 लाख भारतीय यहां बसे हैं और काम कर रहे हैं। अमेरिका, सऊदी अरब, नेपाल के बाद संयुक्त अरब अमीरात चौथा देश है, जहां इतनी बड़ी संख्या में भारतीय बसे हैं। आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों के अलावा आध्यात्मिक आत्मीयता और सहिष्णुता ज्यादा मायने रखती है। वैसे तो इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे इस्लामिक देशों में भी हिंदू मंदिर प्राचीनकाल से हैं, परंतु किसी अरब देश में इतना भव्य नया मंदिर बनना भारत की कूटनीतिक से अधिक सांस्कृतिक विजय है।

संयुक्त अरब अमीरात ने इस्लामिक कानून से चलने वाली सत्ता होने के बावजूद अपने देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने हेतु उदारवादी रवैया दिखाते हुए पूरी दुनिया से लोगों को वहां आकर काम करने और कमाने का अवसर दिया, लेकिन हिंदू मंदिर बनाने के लिए पहले अनुमति और फिर भूमि प्रदान करना इस बात का प्रमाण है कि वहां के शासक भारत और भारतीयों के महत्व को महसूस कर उनके प्रति सम्मान का भाव रखते हैं। इस मंदिर को इसीलिए धर्म विशेष से न जोड़कर राष्ट्रीय गौरव के तौर पर देखा जाना चाहिए।

प्रसंगवश

चुनौतियां और किताबों से प्यार

रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

इस समय नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला चल रहा है, जो 18 फरवरी तक चलेगा। अक्सर इस दौर में पुस्तकों पर छाए संकट की चर्चा होती रहती है। इन चर्चाओं के बीच एक सुखद खबर आई है। हाल ही में आयोजित कोलकाता पुस्तक मेले में 29 लाख लोगों ने दौरा किया और 27 करोड़ रुपये की ब्रिकी दर्ज की गई। इस दौर में हिंदी की किताबों को लेकर कई तरह की चुनौतियां हैं। एक तरफ पुस्तक मेले में स्टाल का किराया काफी बढ़ गया है तो दूसरी तरफ छोटे प्रकाशकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सरकार प्रकाशन उद्योग को अपेक्षित छूट नहीं दे रही है। हालांकि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद किताबों से प्यार का रिश्ता कायम है। कोरोना काल में हमने पुनः किताबों का महत्व महसूस किया है। लॉकडाउन के दौरान पढ़ने-लिखने वाले लोगों ने किताबों के माध्यम से अपनी निराशा को दूर किया। यह सुखद ही है कि इंटरनेट के इस युग में भी किताबों का महत्व बरकरार है। इंटरनेट आगमन के शुरूआती दौर में यह चिंता व्यक्त की गई थी कि सूचना का यह आधुनिक माध्यम किताबों के लिए नुकसानदायक साबित होगा, लेकिन इंटरनेट का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ किताबों की उपयोगिता भी बढ़ती चली गई। आज जबकि डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा जन्म ले चुकी है तो ऐसे में पुनः किताबों का अस्तित्व खतरे में बताया जा रहा है, लेकिन सवाल यह है कि विदेशों में जहां डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा हमारे देश से अधिक परिपक्व हो चुकी है, क्या किसी संकट की आहट सुनी गई है? विदेशों में इंटरनेट और डिजिटल लाइब्रेरी का अधिक उपयोग हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद वहां किताबों की लोकप्रियता बरकरार है। हालांकि कुछ लोग 'किताबों पर संकट' जैसे जुमले उछालते रहते हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि न ही तो आज किताबों पर कोई संकट है और न ही भविष्य में रहेगा। किताबों से हमारा रिश्ता बहुत पुराना है और यह यूं ही कायम रहेगा, लेकिन आज जरूरत इस बात की है कि किताबें पाठकों तक भी पहुंचे। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस दौर में हिन्दी के ज्यादातर प्रकाशक किताबों को पाठकों तक पहुंचाने की ईमानदार कोशिश नहीं कर रहे हैं।

महानता और अंधविश्वास

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

> यह अकारण नहीं, बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं।

आज हम रोम की महानता के गुण गाते हैं, किंतु यह भूल जाते हैं कि रोम की महानता का आधार अंधविश्वास था। रोम की महानता के बारे में पोलिबियस ने लिखा कि मैं साहसपूर्वक यह बात कहूंगा कि संसार के शेष लोग जिस चीज का उपहास करते हैं, वह रोम की महानता का आधार है और उस चीज का नाम अंधविश्वास है।

इस तत्व का उसके निजी और सार्वजनिक जीवन के सभी अंगों में समावेश कराया गया है और इसने ऐसी खूबी से उनकी कल्पनाशक्ति को आक्रांत कर लिया है कि उस खूबी को बेहतर नहीं बनाया जा सकता। संभवतः बहुत से लोग इसकी विशेषता समझ नहीं पाएंगे, लेकिन मेरा मत है कि ऐसा लोगों को प्रभावित करने के लिए किया गया है। यदि किसी ऐसे राज्य की संभावना होती जिसके सभी नागरिक तत्वज्ञ होते तो इस तरह की चीज से हम बचे रह सकते थे, लेकिन सभी राज्यों में जनता अस्थिर है, निरंकुश भावनाओं, अकारण क्रोध और हिंसक आवेगों से ग्रस्त है। इसलिए केवल यही किया जा सकता है कि जनता को अदृश्य के भय से और इसी किस्म के पाखंडों से काबू में रखा जाए। यह अकारण नहीं, बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं। हमारी मूर्खता और विवेकहीनता यह है कि हम इस प्रकार की भ्रांतियों को दूर करना चाहते हैं।

अंधविश्वास की बुनियादी विशेषता है अंधानुकरण, वैज्ञानिक विवेक का त्याग और स्वतंत्र चिंतन का विरोध। सामाजिक जीवन में इसका लक्ष्य था आम लोगों को अपने श्रेष्ठजनों के किसी भी आदेश के पालन का अभ्यस्त बनाया जाए। दूसरा वे उन्हीं पर भरोसा करना सीखें जो हर मामले में समान भाव से धार्मिक विधि-विधानों का पालन करते हों। कलाओं की दुनिया में इसने नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीतों की सृष्टि की। नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीत-संगीत को मंदिरों में मानदंड के रूप में स्थापित किया गया। कला के क्षेत्र में किसी को यह इजाजत नहीं थी कि उनमें परिवर्तन करे। इसके कारण कलाओं के रूप सैकड़ों वर्षों तक अपरिवर्तित रहे। किसी ने यह साहस नहीं दिखाया कि कलाओं और मधुर गीतों में परिवर्तन करे। ये कलारूप सैकड़ों वर्षों से एक जैसे हैं। मिस्र के कलारूप इस अंधानुकरण के आदर्श उदाहरण हैं। कई हजार साल से उनकी शैली में किसी तरह का परिवर्तन नहीं हुआ है। इस दौरान वे न तो बेहतर बन पाए और न बदतर ही बन पाए।

इसी तरह अंधविश्वास को जनप्रिय बनाने में झूठ खासकर इष्टकर झूठ की बहुत बड़ी भूमिका रही है। एक ऐसा झूठ, उदात्त झूठ जिसके सहारे संपूर्ण समुदाय को संभव हो सके तो शासकों को भी स्वीकार करने के लिए राजी किया जा सके। इस तरह के झूठ के आदर्श उदाहरण हैं हमारे रीति-रिवाज और संस्कार जिनकी प्रशंसा करते हुए हमारे शास्त्र थकते नहीं हैं। रीति-रिवाज और संस्कारों की प्रशंसा के क्रम में सबसे ज्यादा हमला स्वतंत्र चिंतन पर किया गया, उन लोगों पर हमले किए गए जो स्वतंत्र चिंतन के हिमायती थे, जो प्रत्येक बात पर शंका करते थे। प्रश्न करते थे। अंधविश्वास का ही एक आयाम है चमत्कार वर्णन और दंतकथा। चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं ने अंधविश्वासों को आम जनता के जीवन में उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। किसी भी दर्शनवेत्ता और धर्मशास्त्री के उपदेशों के द्वारा पुरुषों और औरतों के समूहों को श्रद्धा, भक्ति और विश्वास की ओर नहीं मोड़ा जा सकता था। इनको प्रभावित करने के लिए अंधविश्वास का लाभ उठाना पड़ता था। यह कार्य चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं के बिना संभव नहीं था। कालांतर में इसने नागरिक जीवन की प्राचीन व्यवस्था और साथ ही, वास्तविक सृष्टि संबंधी स्थापनाओं में मिथकशास्त्र के रूप में सम्मान जनक स्थान प्राप्त कर लिया।

कौटिल्य का अंधविश्वास में विश्वास नहीं था, किंतु उन्होंने राज्य के कौशल के तौर पर अर्थशास्त्र में अंधविश्वास की चर्चा की है। उनका न तो राजा के दैवी अधिकार और उसकी सर्वज्ञता की सच्चाई में विश्वास था और न वे यह चाहते थे कि स्वयं शासक इस तरह की वाहियात बात को सच मानें। वे सुझाव देते हैं कि राज्य को अपनी आंतरिक और बाह्य स्थितियों को सुदृढ़ करने के लिए सामान्य लोगों की अंधमान्यताओं का लाभ उठाना चाहिए। अंधविश्वास के साथ-साथ पुनर्जन्म और कर्मफल की प्राप्ति की धारणा का भी व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। इसका साहित्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ा। हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार साहित्य में काव्य-रूढ़ियों का चलन शुरू हुआ।

सोशल फोरम

अनिवार्य मिलिट्री सेवा

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

इस उन्माद, नफरत, क्रोध और बदला लेने की इच्छा से भरे माहौल में अक्ल की बात करने वाले को भी लोग देशद्रोही ठहरा देंगे, लेकिन इसके बावजूद भी एक बात तो मैं जरूर कहूंगा कि जिनको युद्ध का, उसकी विभीषका कोई अनुभव ही नहीं वो ही युद्ध की बाते ज्यादा करते हैं। खास कर हमारे राजनेता।

इधर इजराइल का नाम लेकर और उसकी बहादुरी की तारीफ में कसीदे पढ़ने वाले लोगों की एक बाढ़ सी आ गई है तो उन लोगों को बता दूं कि वहां के प्रधानमंत्री नेतान्याहू ने 1967 से 1973 तक इस्राइल डिफेंस सेवा में नौकरी भी की। अपनी नौकरी के दौरान उन्होंने कई खतरनाक मिशन में हिस्सा भी लिया। ऐसे ही एक मिशन में उनके कंधे पर गोली भी लगी।

इजराइल के हर उस नागरिक के लिए सैनिक सेवा अनिवार्य है जो 18 वर्ष की उम्र से अधिक है। पुरुषों के लिए ये अवधि 2 साल आठ महीने और स्त्रियों के लिए 2 साल की है। इजराइल के अरब नागरिकों के लिए ये सेवा अनिवार्य नहीं है। अमेरिका में प्रेसिडेंट बनने के लिए मिलिट्री का अनुभव अनिवार्य नहीं है। फिर भी अमेरिका के 45 प्रेसिडेंट में से 29 के पास मिलिट्री में काम करने का अनुभव था और वो अच्छे पदों पर थे। इंग्लैंड में भी राजशाही के साथ जुड़े लोगों को मिलिट्री में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि उन्हें सेना का बेहतर अनुभव मिल सके। यह वहां की परंपरा भी है। अब अगर हमारे देश से तुलना करें तो यहां वही कौम सबसे बड़ी देशभक्त है जिनका सेना में सबसे कम योगदान है। देशभक्ति के सारे तगमे उनके सीने पर सजे हैं जिनका सेना में अनुभव का रिकॉर्ड सबसे खराब है। जहां सैनिक बनने की कोई परंपरा ही नहीं आज वही सबसे बड़े देशभक्त हैं।

सेना का अनुशासन और ईमानदारी एक बेहतर नागरिक बनने में सहायक होती है। आज भी अन्य क्षेत्रों की तुलना में सेना में भ्रष्टाचार सबसे कम है। यहां जाति धर्म के नाम पर आपस मे नफरत भी नहीं है। इसलिए सरकार सबसे पहले ऐसा ही अनिवार्य मिलिट्री सेवा का नियम यहां भी लाए। खासकर उनके लिए तो ये बिल्कुल जरूरी होना चाहिए, जो देशसेवा करना चाहते हों।

-फेसबुक वॉल से

भाजपा के एजेंडे का मुख्य हिस्सा है यूसीसी

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> 1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी, जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी।

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा आज का नहीं है। ये मुद्दा कई दशकों से चल रहा है। 1967 के आम चुनाव में जनसंघ ने चुनाव जीतने पर देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का वादा किया था, लेकिन 1967 के आम चुनाव में जनसंघ की हार हुई। इसके बाद कुछ सालों तक यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा गायब रहा। इसके बाद साल 1980 जनता पार्टी टूटी, इसी साल जनता पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ जिसमें 17-14 के बहुमत से जनसंघ से आए नेताओं को पार्टी के बाहर करने का फैसला लिया गया और इसके बाद बीजेपी का गठन हुआ। 1980 में लोकसभा चुनाव के करीब चार महीने बाद बीजेपी का गठन हुआ। इसके बाद 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणापत्र में यूसीसी का कोई जिक्र नहीं किया। इस चुनाव में बीजेपी को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। पार्टी के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी को बुरी हार का सामना करना पड़ा था। बाद में 1980 का मध्य आते-आते लालकृष्ण आडवाणी की अगुवाई में बीजेपी ने तीन एजेंडों-यूनिफॉर्म सिविल कोड, अनुच्छेद 370 की वापसी और राम मंदिर के निर्माण पर बेहद आक्रामक तरीके से काम करना शुरू किया। साल 1985 में शाहबानो मामले के बाद समान नागरिक संहिता का मामला जोर-शोर से गरमाया। बीजेपी और आरएसएस ने आक्रामक तरीके से यूनिफॉर्म सिविल कोड की मांग करनी शुरू की। 1989 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया कि अगर वह सत्ता में आई तो अलग-अलग पर्सनल लॉ की समीक्षा के लिए एक कमीशन गठित करेगी।

1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी, जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी। बीजेपी सांसद लगातार संसद में भी यह मामला उठाते रहे। इसी बीच अल्मोड़ा से बीजेपी के सांसद बच्ची सिंह रावत 20 दिसंबर 1996 को यूसीसी पर प्राइवेट मेंबर बिल लेकर आए जिसका शीर्षक था 'यूनिफॉर्म मैरिज एंड डायवोर्स बिल'। हालांकि यह संसद में पास नहीं हो सका। 1986 में संघ ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में संविधान का हवाला देते हुए सरकार से यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की मांग की।

1995 में आरएसएस के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल ने एक प्रस्ताव पारित कर देशभर के सांसदों से अपील की कि वे भले ही किसी पार्टी से ताल्लुक रखते हों, लेकिन नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने का समर्थन करें। 1996 और 1998 में भी बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड का जिक्र किया और लॉ कमीशन गठित करने की बात कही। 1991 में बीजेपी को और लाभ हुआ और उनकी सीटों की संख्या बढ़कर 100 के पार हो गई। इन लोकसभा चुनावों में बीजेपी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड, राम मंदिर, धारा 370 के मुद्दों को जमकर उठाया। ये सभी मुद्दे बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र में शामिल थे, मगर संख्या बल के कारण ये पूरे नहीं हो पाए थे। इसके बाद 1996 में बीजेपी ने 13 दिन के लिए सरकार बनाई। 1998 में बीजेपी ने 13 महीने सरकार चलाई। 1999 में बीजेपी ने अपने सहयोगियों के साथ बहुमत से सरकार बनाई। तब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने। इस बीच बीजेपी के मुद्दे रह-रह कर उछाले जाते रहे। इसके बाद 2005 के लोकसभा चुनाव में एनडीए की हार हुई। तब कांग्रेस ने सहयोगियों के साथ सरकार बनाई। इसके बाद साल 2014 में पहली बार बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हुई और केंद्र में मोदी सरकार आई। मोदी सरकार ने पूरे जोर-शोर से अपने चुनावी वादों पर काम करना शुरू किया। इसमें सबसे पहले मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म किया। इसके बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड और राम मंदिर को लेकर आंदोलन तेज किया गया। यूसीसी बीजेपी के मुख्य तीन एजेंडों में हमेशा ही शामिल रहा है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को हटाने और अयोध्या राममंदिर निर्माण के बाद अब बीजेपी देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए काम कर रही है। बीजेपी ने घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता को शामिल कर इसे लैंगिक समानता से जोड़ा है। पार्टी के मुताबिक 'पार्टी सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए कटिबद्ध है।' लोकसभा चुनाव 2024 से पहले यूसीसी लागू करवाना बीजेपी के एजेंडे का सबसे मुख्य हिस्सा है।

आपका पत्र

सिव समान प्रिय मोहि न दूजा

बलिहारी है लोकसभा चुनावों की निकटता की जिसके कारण भगवानों का भी राजनीतिकरण हो गया है और जबरदस्त खींचातानी हो रही है। राजनेता तो ऐसा अपने स्वार्थवश करते हैं, किंतु लेखक भी यदि खेमेंबंदी करें और किसी एक भगवान के शिविर में बैठकर दूसरे को कमतर बता दें, तो आपत्ति दर्ज करना जरूरी हो जाता है ताकि गलत परंपरा न पड़ने पाए। इनमें बड़ा-छोटा कोई नहीं होता। एक ही विराट शक्ति अपनी अलग-अलग हैसियतों से सृष्टि का सृजन, पालन और लय करती है, बस नाम का ही भेद है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का यजमान बनना बहुत प्रचार पा गया और उन्हें चुनावी लाभ मिलता दिखने लगा। ऐसे में अलग-अलग दलों ने भी अपने अपने धार्मिक एजेंडे बनाए। इस क्रम में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इटावा में केदारेश्वर शिव मंदिर को अपना चुनावी भगवान बनाया और वे भी कुछ मिलता जुलता आयोजन, प्राण प्रतिष्ठा आदि करवाने जा रहे हैं। इसे लेकर एक लेखक ने दैनिक अमृत विचार के 16 फरवरी अंक में लिखे अपने एक लेख में समाजवादी पार्टी और अखिलेश को नीचा दिखाने के लिए भगवान शंकर को ही राम के मुकाबले नीचा दिखा दिया। ऐसा करते समय विद्वान लेखक ने रावण का उदाहरण दिया। लेखक ने कहा कि रावण शिव भक्त था, लेकिन राम के मुकाबले उसका जो हुआ, वह सब कोई जानता है। यहां सवाल यह है कि क्या रावण की हार भगवान शिव की हार है? कदापि नहीं। भगवान राम तो स्वयं बहुत बड़े शैव थे। उन्होंने रामेश्वरम की स्थापना की थी, जो आज भी उनकी शिव भक्ति की गवाही दे रहा है और प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। गोस्वामी तुलसीदास के शब्दों में -लिंग थापि करि विधिवत पूजा। सिव समान प्रिय मोंहि न दूजा।। सिव द्रोही मम दास कहावा। सो नर मोहि सपनेउ नहि भावा।। "विनय पत्रिका" में तुलसी बाबा ने एक पद लिखा है 'हरिशंकरी'। इसमें एक पंक्ति में हरि की स्तुति और दूसरी में हर की। इसी क्रम से पूरा पद उन्होंने लिखा है। यह है बड़ों का आदर्श, न की एक (हरि) को बड़ा और दूसरे (हर) को छोटा बता देना। विश्व के अन्यतम दर्शन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय-4/11 में भी भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, "हे अर्जुन! जो भक्त जिस भाव से मेरी शरण लेता है, मैं उसे उसी भाव (रूप) से आश्रय देता हूं" ये यथा माम् प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।

अतः भगवानों में अभेद मानते हुए, उन्हें किसी राजनीतिक खेमें का मानकर, अपनी अपनी निष्ठानुसार बड़ा छोटा घोषित करने से लेखक बंधु बचें। **-शारदा शुक्ला,** वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

देवभूमि उद्योग नगर व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने निकाली आभार रैली

नामांकन वापसी के दिन सभी आठ पदों पर पदाधिकारियों का निर्वाचन हुआ निर्विरोध

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : देवभूमि उद्योग नगर व्यापार मंडल अल्मोड़ा के चुनाव निर्विरोध व शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होने के बाद नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अल्मोड़ा बाजार में आभार रैली निकाली। इस दौरान पदाधिकारियों ने चुनाव समिति के पदाधिकारियों व अल्मोड़ा के व्यापारियों का सहयोग के लिए आभार प्रकट करते हुए उनकी सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन भी दिया।

अल्मोड़ा में आभार रैली निकालते व्यापार संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

गुरुवार को देवभूमि उद्योग नगर व्यापार मंडल के नामांकन वापसी के दिन व्यापार संघ के सभी आठ पदों पर पदाधिकारियों का निर्वाचन निर्विरोध रूप से कर लिया गया था, जिसके बाद शुक्रवार को नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अल्मोड़ा के बाजारों में आभार रैली निकाली। रैली शिखर तिराहे से मुख्य बाजार, मिलन चौक, लाला बाजार, चौक बाजार, लोहे के शेर, कारखाना बाजार, कचहरी बाजार, खजांची बाजार, जौहरी बाजार, गंगोला मोहल्ला, थाना बाजार, पल्टन बाजार होते हुए चौघानपाटा में समाप्त हुई। रैली के दौरान नवनिर्वाचित व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष संजय साह रिक्खू ने अल्मोड़ा के समस्त व्यापारियों का देवभूमि नगर उद्योग व्यापार मंडल के समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ आभार प्रकट किया। साह ने कहा कि अल्मोड़ा के व्यापारियों के हितों को लेकर नगर व्यापार मंडल द्वारा कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन भी दिया। इधर व्यापार मंडल चुनावों में एसएसजे के टाईगर ग्रुप के दो प्रत्याशियों के चुने जाने पर संगठन के पदाधिकारियों ने परिसर में मिष्ठान वितरण किया। संगठन के संस्थापक आशीष जोशी ने कहा कि संगठन आनंद भोज और जयप्रकाश पांडे निर्विरोध चुने जाने के बाद संगठन की साख और बढ़ी है।

रैली में मनु गुप्ता, दीपक जोशी, आनंद सिंह भोज, दीप चंद्र जोशी, रोहित साह, जयप्रकाश, अमन टकवाल आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय खेलों को राज्य में खेल संस्कृति से जोड़ेंगे

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य में विश्व स्तरीय खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर व सुविधाएं निर्धारित समय सीमा में विकसित करने के निर्देश दिए। राज्य में प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों को एंटी ड्रग्स अभियान, ग्रीन नेशनल गेम्स व राज्य में खेल संस्कृति विकसित करने के अभियान से जोड़ा जाएगा।

प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों के दृष्टिगत सड़कों के सुधार व मजबूती के लिए इस सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग व अन्य सम्बन्धित विभागों के साथ एक बैठक तत्काल आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों का आयोजन उत्तराखंड को ग्रीन स्पोर्ट्स व ग्रीन टूरिज्म के विश्व स्तरीय मेजबान के रूप में स्थापित करने का स्वर्णिम अवसर है।

उन्होंने निर्देश दिए कि खेल सुविधाओं एवं खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास इस प्रकार किया जाना चाहिए ताकि राज्य के खिलाड़ी एवं युवा भविष्य में लम्बी अवधि तक इन सुविधाओं का लाभ उठा सके तथा राज्य में स्पोर्ट्स स्प्रिट एवं खेल संस्कृति का विकास हो।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य में प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों को एंटी ड्रग्स अभियान, ग्रीन नेशनल गेम्स तथा राज्य में खेल संस्कृति विकसित करने के अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों को ग्रीन नेशनल गेम्स के रूप में आयोजित करने अवधारणा पर बल देते हुए मुख्य सचिव ने रिसाइक्लड मेडल के उपयोग के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि विभिन्न अवसरों पर अधिकारियों को मिलने वाले स्मृति चिन्ह् इस कार्य के लिए दान किये जा सकते हैं। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने प्रस्तावित राष्ट्रीय खेलों के स्टेडियम एवं खेल स्थलों को ग्रीन कॉन्सेप्ट तथा सेल्फ सस्टेनबल की अवधारणा पर विकसित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने स्टेडियम तथा खेल स्थलों पर उरेडा के सहयोग से सोलर लाइट आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के दौरान इंटरनेट सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं।

सार-संक्षेप

कार्यक्रम के दौरान मौजूद बीएड कॉलेज के छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

बनबसा : देवभूमि कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बनबसा में बीएड प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विषय पर सेमीनार का आयोजन किया। कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित सेमीनार में प्राचार्या दिशा थपलियाल ने बदलते दौर में नई शिक्षा नीति की अवश्यकता के बारे में बताया। छात्रा आरती ढेक व सुनीता कठायत ने फाउंडेशन लेवल को महत्वपूर्ण बताया तो दिव्या पुनेठा व हिमानी जोशी ने प्राइमरी लेवल की शिक्षा, स्वास्थ्य व योग की भूमिका को आवश्यक बताया। छात्र अमन कुमार, साधना बिष्ट, नीरज सिंह, शोभा आदि ने भी अपने अपने विचार रखे। प्रवक्ता सावित्री करायत ने बोझ रहित शिक्षा की संकल्पना पर चर्चा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता आकांक्षा जोशी, संचालन छात्राध्यापिका सौम्या जोशी व सुनीता चन्याल ने किया। इस दौरान प्रवक्ता सुरेश जोशी, मनीष कुमार, अजय कुमार, अंकिता भट्ट, सावित्री करायत आदि उपस्थित रहे।

डीएम ने जागरूकता अभियान चलाने के दिए निर्देश

देहरादून : जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी सोनिका ने जनपद में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित करते हुए लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए समस्त विकासखंडों में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें स्कूली बच्चे जागरूकता कार्यक्रम, रैली और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं शासकीय कार्यालयों में मतदाता शपथ कार्यक्रम के साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ती घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान की शपथ दिला रहे हैं। इसके अतिरिक्त स्वयं सहायता समूहों की ओर से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

अधिकारी गंभीरता से करें अपने दायित्वों का निर्वहन

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में ऋषिपर्णा सभागार कलैक्टेट में बैठक लेते सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी नोडल निर्वाचन में अपने दायित्वों को भली-भांति समझ लें व उसके अनुरूप चैकलिस्ट तैयार करें तथा कार्मिकों व उपकरणों की समय पर मांग कर लें। निर्वाचन में किसी प्रकार की गलती की कोई गुजाईश नहीं होती, इसके लिए सभी अधिकारी गंभीरता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

जिलाधिकारी ने स्वीप एक्टीविटी के तहत नगर निगम/नगर निकाय के कूड़ा उठान वाहनों पर जिंगल प्रसारित करने तथा वोटर जागरूकता वैन चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहन अधिग्रहण की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक सेवा वाले विभागों के वाहनों को अधिग्रहण से मुक्त रखने के निर्देश दिए। कहा कि निर्वाचन की विभिन्न गतिविधि हेतु चलाई जा रही पत्रावली को उचित स्तर पर प्रस्तुत करें। इस कार्य में किसी प्रकार का विलम्ब न हो, इसके लिए नोडल अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करेंगे।

डीएम ने लिया गैस के रिसाव का संज्ञान

देहरादून, अमृत विचार: शहर के पुलिस लाइन में क्लोरीन गैस के रिसाव की सोशल मीडिया पर चल रही खबर का डीएम सोनिका ने संज्ञान लिया। पुलिस लाइन में क्लोरीन गैस के रिसाव की खबर से लोगों में डर पैदा हो रहा था, जिस पर डीएम ने खबर को संज्ञान में लेते हुए तत्काल अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व रामजी शरण को आपदा कंट्रोल रूम से तत्काल प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इस पर आपदा कंट्रोल रूम से जानकारी मिली कि पुलिस लाइन में गैस रिसाव से निपटने की तैयारी को लेकर मॉक ड्रिल किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों से अनुरोध किया कि यह एक मॉक ड्रिल अभ्यास है।

बच्चों ने 18 किमी पदयात्रा कर किया जागरूक

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले के द्वाराहाट तहसील की प्रमुख रिस्कन नदी के संरक्षण के लिए अब स्कूली बच्चों ने भी प्रयास शुरू कर दिए हैं। नदी के गिरते जल स्तर के कारणों को जानने और नदी के संरक्षण के लिए आदर्श इंटर कालेज बिठौली सुरईखेत के स्कूली बच्चों ने संबंधित क्षेत्रों में अठारह किमी की पदयात्रा की और लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने कई पेयजल स्रोतों की सफाई भी की।

पानी बोओ, पानी उगाओ अभियान के संयोजक मोहन कांडपाल के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने ग्राम वलना, रणा, बेढुली, सिमलगांव समेत अनेक गांवों की

रिस्कन नदी को बचाने के जन जागरूकता फैलाते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

पदयात्रा की। इस दौरान स्कूली बच्चों ने क्षेत्र के कई बुजुर्गों से रिस्कन नदी के पौराणिक इतिहास के बारे में जानकारी ली। साथ ही नदी के गिरते जल स्तर के कारणों के बारे में भी उनकी राय जानी। बुजुर्गों ने स्कूली बच्चों को बताया कि एक दौर में रिस्कन नदी एक बड़े क्षेत्र की जीवन देती थी। लेकिन वह आज सूखने के कगार पर है। जिसका मुख्य कारण जंगलों में लग रही आग, बंजर होती खेती और मानव द्वारा की जा रही कई अन्य गलतियां भी हैं। बुजुर्गों ने रिस्कन नदी को बचाने के लिए चौड़ी पत्ती के अधिक से अधिक पौधों का रोपण करने बंजर खेतों को आबाद करने और सरकार द्वारा पलायन को रोकने के लिए ठोस नीति बनाने के सुझाव दिए। कांडपाल ने बताया कि स्कूली बच्चों द्वारा पदयात्रा के दौरान कई नौलों के पुराने पेयजल धारों की साफ सफाई भी की गई। साथ ही ग्रामीणों को नदी के संरक्षण के लिए आगे आने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को किताबी शिक्षा देने के साथ साथ हमें अपने आसपास के परिवेश से भी जोड़ना चाहिए। जिससे वह पर्यावरण, जंगल और नदियों के प्रति जिज्ञासु बनें और ग्रामीण जनजीवन के चक्र को आसानी से पहचान सकें। पदयात्रा में विनीत बसेड़ा, विक्की बिष्ट, सुजल कुमार, दिवाकर पुजारी, दक्ष बिष्ट, सोनाक्षी, भवना बिष्ट, शीतल नेगी, हर्षित पुजारी, हर्षिता कांडपाल समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

राज्य की 108 सड़कों को दी मंजूरी

देहरादून, अमृत विचार : सूबे के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह मुलाकात कर उनका आभार प्रकट किया।

केंद्र सरकार ने उत्तराखंड में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना पीएमजीएसवाई-3 के तहत केंद्र ने अनुमानित लागत 967.73 करोड़ रुपये से बनने जा रही 1197.207 किलोमीटर लंबाई की 108 सड़कों को स्वीकृति प्रदान की है। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह के साथ-साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार भी जताया है।

उत्तर प्रदेश

झादी ताल में दिखी दुर्लभ प्रवासी पक्षी मरेका फाल्कटा

संवाददाता, पलिया कलां(खीरी)

अमृत विचार : दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग की किशनपुर रेंज में गुरुवार को यूपी ग्रासलैंड प्रोजेक्ट पर कार्य करते हुए दि हैविटेट्स ट्रस्ट की टीम को झादी ताल में पहली बार दुर्लभ प्रवासी पक्षी फाल्कैटेड डक (मरेका फाल्कटा) दिखाई दी है।

दुर्लभ प्रवासी पक्षी फाल्कैटेड डक।

दुधवा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. रंगा राजू टी ने बताया कि हैविटेट ट्रस्ट टीम के कौशिक सरकार व हरिषा एएस ने झादी ताल में जब अन्य प्रवासी पक्षियों के साथ मरेका फाल्कटा को देखा तो वह खुशी से उछल पड़े। क्योंकि मंगोलिया और साइबेरिया जैसे ठंडे देशों में प्रजनन करने वाली इस प्रजाति के पक्षी को दुधवा टाइगर रिजर्व में पहली बार देखा गया था। उन्होंने कहा कि इस दुर्लभ प्रवासी पक्षी का संरक्षण आवश्यक है। संरक्षण न किए जाने पर यह पक्षी यहां खतरे में पड़ सकती है। इसको वर्ल्ड लाइफ इंटरनेशनल द्वारा नियर थ्रिएटेंड श्रेणी में रखा गया है। बताया कि डीटीआर प्रभाग के किशनपुर रेंज के झादी ताल में इस प्रजाति के पक्षी को पाए जाने से यह स्पष्ट हो गया है की झादी ताल प्रवासी पक्षियों के लिए उपयुक्त एवं सुरक्षित वासस्थल है। क्षेत्रवासियों से यह अपील भी की है कि यदि किसी व्यक्ति को कोई विशेष प्रकार का पक्षी दिखाई दे तो उसकी सूचना वन विभाग को अवश्य दें।

ग्रेटर नोएडा में बिल्डर प्लॉट्स की होगी नीलामी

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में समेकित विकास का खाका खींच रही राज्य सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन के साथ ही ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हाउसिंग व कमर्शियल एक्टिविटीज को बढ़ावा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 8 प्रकार के बिल्डर प्लॉटों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि 18215 से लेकर 38711 वर्ग मीटर प्रसार क्षेत्र वाले इन प्लॉटों का रिजर्व प्राइस 83.78 करोड़ से लेकर 178.34 करोड़ रुपये के बीच निर्धारित किया गया है। खास बात यह भी है कि बिल्डर प्लॉट आवंटन स्कीम के जरिए जिन प्लॉटों का ऑक्शन किया जाएगा वह ग्रेटर नोएडा में बन रहे जेवर एयरपोर्ट के पास ही स्थित हैं। जिन सेक्टर्स में इस स्कीम के जरिए बिल्डर प्लॉट्स की नीलामी का मार्ग प्रशस्त होगा वह कनेक्टिविटी के लिहाज से भी बेहद अहम होगी।

बेटे ने की ईंट मारकर मां की हत्या, गिरफ्तार

संवाददाता, मलिहाबाद

अमृत विचार : रहीमाबाद थानाक्षेत्र अन्तर्गत कल्याणपुर गहदो गांव में गुरुवार रात जमीन के विवाद को लेकर दो भाईयों के बीच झगड़ा होने लगा। इस पर मां मुमताज (65) बीच-बचाव करने लगी। तभी बेटा मां का सिर ईंट से कूंचकर घटनास्थल से भाग निकला। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने महिला को सीएचसी माल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने हत्यारोपी बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पिता से शुरू हुआ था झगड़ा

एसीपी मलिहाबाद वीरेंद्र विक्रम सिंह के मुताबिक, कल्याणपुर गहदो गांव में जमील पत्नी मुमताज समेत तीन बेटों और एक बेटी के संग रहते हैं। जमील ने बताया कि गुरूवार देर शाम करीब 08.00 बजे बेटा खलील नशे में धुत होकर घर पहुंचा और रुपयों की मांग को लेकर उनसे झगड़ा करने लगा। इसी बड़ा बेटा सुफियान भाई खलील का विरोध करने लगा। जिसको लेकर दोनों भाईयों में झगड़ा बढ़ गया। जिसमें दोनों भाईयों के बीच मारपीट होने लगी। जमील ने बताया कि बेटों को आपस में लड़ता देख पत्नी मुमताज बीच-बचाव करने लगी। इस बीच पत्नी ने बड़े बेटे सुफियान को वहां से भगाया दिया और छोटे बेटे खलील को अकेले में समझाने लगी, लेकिन बेटे ने ईंट मां के सिर पर मारकर घटनास्थल से भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक अनिल वर्मा ने बताया कि महिला ने तीसरे बेटे शानू ने भाई खलील पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस हत्यारोपी की गिरफ्तारी कर उसे जेल भेज दिया है।

यूपी में मजबूत है कानून व्यवस्था

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्यंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत है और इसका ही परिणाम है कि जीआईएस-23 में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जबकि 2017 से पहले प्रदेश में निवेश के लिए कोई आना नहीं चाहता था। मुख्यमंत्री शुक्रवार को 67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में यह बात कही। इससे पहले उन्होंने मीट की स्मारिका का विमोचन किया। साथ ही विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को ट्रॉफी भी प्रदान की।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाने में पुलिस के विभिन्न बलों की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। इतना ही नहीं पब्लिक परसेप्शन तय करने में भी पुलिस बल का अहम रोल है। उन्हें यह परसेप्शन बनाने में काफी चुनौतियों का सामना किया है।

सार-संक्षेप

नसीमा खातून ने मीनाक्षी बन महेश संग लिए सात फेरे

बरेली : बिहार की तीन तलाक पीड़िता नसीमा खातून अपना प्यार पाने के लिए बरेली चली आई। सनातन धर्म अपना कर मीनाक्षी बनी। इसके बाद प्रेमी महेश के साथ मंदिर में सात फेरे लिए। दंपती ने डीएम और एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर जान का खतरा बताया है। क्योलड़िया थाना क्षेत्र के साहबगंज दलेलनगर गांव के रहने वाले महेश शर्मा की जान-पहचान कुछ समय पहले बिहार के पूर्णिया जिले की रहने वाली नसीमा खातून से सोशल मीडिया के जरिए हुई। बातचीत बढ़ी तो प्यार के अंकुर फूटने लगे। नसीमा ने महेश को अपने तलाकशुदा होने और डेढ़ साल की बेटी के बारे में बताया। महेश ने उसे इस स्थिति में भी स्वीकार करने की हामी भरी इसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया। नसीमा अपनी डेढ़ साल की बेटी को लेकर बरेली आ गई। यहां महेश और नसीमा आचार्य केके शंखधार से मिले। केके शंखधार ने अगस्त्य मुनि आश्रम में नसीमा का शुद्धीकरण कर मीनाक्षी शर्मा नाम दिया।

परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा 115 केंद्रों पर होगी

बरेली : रुहेलखंड विवि की परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा 20 फरवरी से नौ जिलों में 115 केंद्रों पर होगी। विश्वविद्यालय ने बरेली में बरेली कॉलेज समेत 19 केंद्र बनाए हैं। परास्नातक की परीक्षा के साथ नर्सिंग और पैरामेडिकल की भी परीक्षा शुरू होगी। परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा समाप्त होने के बाद स्नातक और परास्नातक की वार्षिक यानी मुख्य परीक्षा शुरू हो जाएगी। अभी इसके फार्म भरवाए जा रहे हैं। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बरेली में 19, पीलीभीत में नौ, बदायूं में छह, रामपुर में आठ, शाहजहांपुर में 14, मुरादाबाद में 15, बिजनौर में 26 केंद्र बनाए गए हैं।

रिटायर्ड दरोगा के बेटे ने गोली मारकर जान दी

बरेली : सुभाषनगर की तिरुपति विहार कॉलोनी में रिटायर्ड दरोगा प्रेमप्रकाश सिंह का इंजीनियर बेटा 30 वर्षीय सोनू कैंसर से जूझते हुए हौसला हार बैठा। बृहस्पतिवार रात उन्होंने तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। प्रेमप्रकाश सिंह के दो बेटों में बड़े योगेंद्र पुलिस सेवा में ही हैं। छोटे सोनू हार्डवेयर इंजीनियर थे। कुछ समय पहले सोनू कैंसर की चपेट में आ गए थे जिसकी वजह से तनाव में रहते थे। बृहस्पतिवार रात सोनू ने खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन सोनू के कमरे में पहुंचे तो वह लहूलुहान हालत में पड़े मिले। फौरन उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

युवती को ब्लैकमेल कर कराया धर्म परिवर्तन

बरेली : मीरगंज थाना क्षेत्र में एक युवती ने दूसरे समुदाय के युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसका नहाते समय वीडियो बना लिया और फिर उसका धर्म परिवर्तन कराकर शादी का दबाव बनाया। युवती ने शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है। युवती के मुताबिक उसने बैचलर ऑफ एलिमेंट्री एजुकेशन की पढ़ाई की है। आरोप है कि अगस्त 2015 में गांव के ही दूसरे समुदाय के युवक ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया और किसी से बताने पर पिता की हत्या करने की धमकी दी। आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली। उसने एक मौलवी के पास ले जाकर धर्म परिवर्तन कराकर निकाह का दबाव बनाया। उसकी शादी करने के लिए उसके पिता ने 10 लाख रुपये की जमीन बेच दी। जब आरोपी को पता चला तो 30 दिसंबर 2023 को साथियों के साथ आकर बेचे गए जमीन के रुपये और कुछ जेवरात भी लेकर गया।

ग्रामीण की हत्या के छह दोषियों को आजीवन कारावास

रामपुर : रुपये के लेन देन में कुछ लोगों ने घर में सो रहे ग्रामीण की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में एडीजे द्वितीय की कोर्ट ने शुक्रवार को छह आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और सभी पर जुर्माना भी लगाया है। मामला गंज थाना क्षेत्र के काशीपुर गांव का है। यहां के रहने वाले बब्बू के अनुसार, 11 जुलाई 2010 को उसके घर में उसके बच्चे की छठी का कार्यक्रम था। रात करीब 11 बजे गोली चलने की आवाज आई। गोली की आवाज सुनकर बब्बू और उसके भाई ने बाहर जाकर देखा, तो उसके छोटे लाल को गोली मार दी गई थी। छोटे लाल की मौत हो गई थी। इस मामले में छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई थी। हांलाकि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद विवचेना कर मनोज और बलवीर के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी।

ट्रेन की चपेट में आई किशोरी, मौत

गजरौला, अमृत विचार : रेलवे ट्रैक पार कर रही किशोरी की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने मौके पर घटना की जानकारी की। जीआरपी के पहुंचने से पहले ही परिजन शव उठाकर ले गए।

शहर के तिगरिया भूड़ मोहल्ला निवासी नीलम (16) पुत्री सतपाल अपनी छोटी बहन के साथ शुक्रवार की शाम चौपला पर किसी काम से जा रही थी। रेलवे ओवरब्रिज के निकट दोनों रेलवे ट्रैक पार कर रही थीं। तभी ट्रेन की चपेट में आकर नीलम की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना मिलने पर नीलम के परिजन भी पहुंचे। वह नीलम के शव को उठाकर घर ले गए। जीआरपी चौकी इंचार्ज श्याम बाबू ने बताया कि परिवार वालों ने कार्रवाई करवाने से मना कर दिया है।

पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या, पिता-पुत्र गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबा

अमृत विचार: जनपद के मैनाठेर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह छह बजे घर के बाहर बुलाकर पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारोपी ने पूर्व प्रधान के सिर से सटाकर तमंचे से गोली मारी। जिससे पूर्व प्रधान की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की सूचना मिलने पर एसपी देहात संदीप कुमार मीना पुलिस फोर्स और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। पूर्व प्रधान की मौत से उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

थाना मैनाठेर क्षेत्र के रसूलपुर गोसर गांव निवासी राजवीर सिंह के परिवार में बेटा सोमवीर उर्फ सोनू, बेटी अंशु है और उनकी पत्नी नीतू की मौत हो चुकी है। बताया गया कि वर्ष 2000 में राजवीर सिंह ग्राम प्रधान पद पर चुनाव लड़े थे और जीत गए थे। पूर्व प्रधान के घर से कुछ दूरी पर जगदीश कुमार रहता है। शुक्रवार सुबह लगभग छह बजे जगदीश अपने खेतों की ओर से जा रहा था। इसी दौरान उसने पूर्व प्रधान के घर के पास रुककर आवाज लगाई। आवाज सुनते ही पूर्व प्रधान राजवीर बाहर आ गए। दोनों बातचीत करते हुए घर से 50 कदम आगे चले। आरोप है कि इसी दौरान जगदीश ने तमंचा निकालकर पूर्व प्रधान के सिर में गोली मार दी। जिसके बाद आरोपी जगदीश मौके से फरार हो गया।

खंडसारी में डेढ़ करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी

बरेली, अमृत विचार : हाफिजगंज में बरेली-पीलीभीत हाईवे पर खंडसारी में जीएसटी की एसआईबी की जांच दूसरे दिन पूरी हो गई। जांच में डेढ़ करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी गई। 29 करोड़ की राब बेचने पर टैक्स नहीं जमा किया गया।

राज्यकर विभाग के अपर आयुक्त ओपी चौबे ने बताया कि गुरुवार को जीएसटी की एसआईबी ने डिप्टी कमिश्नर राजीव पांडेय के नेतृत्व में हाफिजगंज में कांडूपुल के पास क्रधा खंडसारी पर छापा मारा था। टीम ने राब की पैकिंग समेत कई सामानों की चैकिंग की थी। स्टाक के मिलान पर कर चोरी की आशंका के चलते देर शाम टीम अभिलेख कब्जे में लेकर लौट गई थी। दूसरे दिन कब्जे में लिए अभिलेखों की जांच में करीब डेढ़ करोड़ रुपये की चोरी मिली।

इमामबाड़े के मुतावल्ली की धारदार हथियार से हत्या

संवाददाता, सैदनगर (रामपुर)

अमृत विचार : अजीम नगर थाना क्षेत्र में झाड़ फूंक करने वाले व इमामबाड़े के मुतावल्ली की धारदार हथियार से गर्दन काटकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने इमामबाड़े में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने परिजनों व पड़ोसियों से मामले की जानकारी ली। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाली है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि इमामबाड़े में रहने वाले मुतावल्ली की हत्या कर दी गई है। इस मामले में जांच की जा रही है। बताया कि गांव परचई निवासी तस्वीर मियां (60) इमामबाड़े में रहकर झाड़ फूंक का काम करते थे। शुक्रवार सुबह 11 बजे वह इमामबाड़े में आराम कर रहे थे। परिजनों का आरोप है कि इस दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने इमामबाड़े में घुसकर धारदार हथियार से उनकी गर्दन पर प्रहार किए। जिससे उनकी मौत हो गई। कुछ देर बाद इलाज कराने आई पड़ोसी गांव की महिला ने खून से लथपथ तांत्रिक को जमीन पर पड़ा देखा। प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा ने बताया अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जल्दी ही घटना का खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	72,426.64	22,040.70
बढ़त	376.26	129.95
प्रतिशत में	0.52	0.59

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, शनिवार, 17 फरवरी 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1865, राज श्री 1370, फ़ॉर्चून कि. 1705, रविन्द्रा 1765, फॉर्चुन ली0 1565, जय जवान 1440, सचिन 1445, सूरज 1460, अवसर 1550, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1435, क्लासिक (किलो) 1625, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1670, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7300, लाल हिंदुस्तान 7500, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

पेटीएम से रिचार्ज नहीं होगा फास्टैग

एनएचएआई की आईएचएमसीएल ने फास्टैग जारी करने वाले अधिकृत बैंकों की सूची से हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टोल संग्रहण इकाई भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) ने राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को परेशानी से बचने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक के अलावा 32 अधिकृत बैंकों से फास्टैग सेवाएं लेने की सलाह दी है। आईएचएमसीएल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी देते हुए लिखा अपना फास्टैग'32 अधिकृत बैंकों से खरीदें। इन 32 अधिकृत बैंकों में एयरटेल पेमेंट्स बैंक, इलाहाबाद बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

और यस बैंक शामिल हैं।

एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत में आठ करोड़ से अधिक 'फास्टैग' उपयोगकर्ता हैं और पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की बाजार हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है। इससे पहले, आईएचएमसीएल ने 19 जनवरी 2024 को लिखे एक पत्र में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए 'फास्टैग' जारी करने से रोक दिया था। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम की इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट व फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का 31 जनवरी को निर्देश दिया था। हालांकि, कोई भी ब्याज, 'कैशबैक' या 'रिफंड' ग्राहकों के खातों में किसी भी समय वापस जमा किया जा सकता है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा था कि निर्देश लगातार निरंतर गैर-अनुपालन के बाद दिए गए। हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सेवाएं जारी रखने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। इसके तहत किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट और फास्टैग में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार नहीं करने के आदेश की अब अंतिम तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है।

ये बैंक प्रदान करेंगे फास्टैग सेवा

आईएचएमसीएल ने कहा कि वह फास्टैग उपयोगकर्ताओं को आरबीआई दिशा-निर्देशों के तहत नवीनतम फास्टैग केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, त्रिशूर जिला सहकारी बैंक, साउथ इंडियन बैंक, सारस्वत बैंक, नागपुर नागरिक सहकारी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, करूर व्यास्य बैंक, जेएंडके बैंक, इंडसइंड बैंक, इंडियन बैंक, आईडीएफसी बैंक, फिनो बैंक, इक्विटेबल स्मॉल फाइनेंस बैंक, कॉसमॉस बैंक, सिटी यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और एक्सिस बैंक फास्टैग सेवा प्रदान करने के लिए अधिकृत अन्य बैंक हैं।

सोने के दाम 180 रुपये और चांदी में 900 रुपये की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोना 180 रुपये की मजबूती के साथ 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 62,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 900 रुपये चढ़कर 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक रुख से दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 180 रुपये बढ़कर 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार पर रही। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स में सोना 2,003 डॉलर प्रति औंस पर रहा है।

स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने गो फर्स्ट के लिए लगाई संयुक्त बोली

नई दिल्ली, एजेंसी

विमानन कंपनी स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने बिजी बी एयरवेज के साथ मिलकर दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई है।

स्पाइसजेट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बिजी बी एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ सिंह ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली जमा की है। हालांकि इसमें बिजी बी एयरवेज के बारे में कोई भी विवरण नहीं दिया गया है। लेकिन कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, बिजी बी एयरवेज का गठन 29 अप्रैल, 2017 को दिल्ली में किया गया था और इसके पास एक लाख रुपये की चुकता पूंजी है। सिंह ने यह बोली ऐसे समय लगाई है जब खुद स्पाइसजेट संकट से उबरने के लिए वित्त जुटाने की कोशिशों और छंटनी कर लागत घटाने में लगी हुई है। इस बीच शरजाह स्थित स्काई वन एफजेडई ने भी गो फर्स्ट के लिए बोली लगाने की सूचना दी है। गंभीर वित्तीय संकट में फंसी गो फर्स्ट ने पिछले साल मई में उड़ानें बंद कर दी थीं और वह इस समय दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। स्पाइसजेट ने कहा-नई एयरलाइन के लिए परिचालन भागीदार के तौर पर स्पाइसजेट की भूमिका जरूरी कर्मचारी, सेवाएं और उद्योग विशेषज्ञता मुहैया कराने की है।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,050
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,415
गिन्नी (प्रति नग)	47,250-47,450

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,000
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	63,600
सोना जेवरात गिन्नी	62,600
चांदी पक्की	722 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	63,750
चांदी आभूषण	73,000।

हल्द्वानी मंडी

चावल-शरबती 77-85 मसूरी 55-75 1121 बासमती 115, **दाल दलहन**-काला चना 67-70 साबुत चना दाल 75-77 मूंग साबुत 105-108 राजमा 112- 113 दाल उड़द 120-130 साबुत मसूर दाल 80-96 मसूर दाल 73-110 उड़द साबुत 109-115 काबुली चना 157-168 अरहर दाल 133-135 लोबिया/करमानी 109 सोयाबीन 65-70 मूंगफली 117-120 मटर (सूखी) 55-61 मक्का 27-30 रुपये।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल 94 रुपये।

कंपनी कानून के तहत फाइलिंग की केंद्रीकृत व्यवस्था शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- **व्यवस्था से कारोबारी सुगमता को मिलेगा बढ़ावा**

सरकार ने कंपनी कानून और सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) अधिनियम के तहत फाइलिंग को 'समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये' पूरा करने के लिए केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र की शुरुआत की है। इससे देश में कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।

शुरुआत में केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) में कंपनी कानून के तहत 12 फॉर्म और आवेदन प्रसंस्कृत किए जाएंगे। इसके बाद एक अप्रैल से अन्य प्रपत्रों और आवेदनों का निपटारा भी केंद्र के माध्यम से किया जाएगा। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा- परिचालन शुरू होने के बाद अब तक सीपीसी को 4,910 फॉर्म मिले हैं। फॉर्म को समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये तरीके से प्रसंस्कृत किया जाएगा। इसके बाद सीमित देयता भागीदारी अधिनियम के तहत जमा फॉर्म/ आवेदन को भी केंद्रीकृत करने का प्रस्ताव है। मंत्रालय ने कहा कि उम्मीद है कि सीपीसी के पूरी तरह से चालू होने के बाद सालाना लगभग 2.50 लाख फॉर्म इसके माध्यम से प्रसंस्कृत किए जाएंगे।

सस्ते मकानों के लिए कर्ज में 30% वृद्धि की संभावना

मुंबई, एजेंसी

- **केयरएज रेटिंग्स ने रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद**
- **कहा-2022-23 के दौरान 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी**

केयरएज रेटिंग रिपोर्ट के अनुसार कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज सहायता में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 29 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2024-25 में 30 प्रतिशत की वृद्धि होने का है।

केयरएज रेटिंग की ओर से शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान छोटे मकानों के लिए कर्ज में वृद्धि की दर धीमी रही लेकिन उसके बाद, कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज देने वाली कंपनियों ((एएचएफसी)) के कर्ज वितरण में सुधार दिखा

और 2022-23 के दौरान इसमें साल-दर-साल 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी। रिपोर्ट में कहा गया है, यह वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है।

केयरएज रेटिंग्स ने एएचएफसी के लिए 31 मार्च, 2024 तक संपत्ति (कर्ज) की गुणवत्ता में सुधार होने और सकल अवरुद्ध ऋण (जीएनपीए) सकल कर्ज के 1.2 प्रतिशत के आरामदायक स्तर पर रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजी की बढ़ी हुई लागत और उच्च परिचालन व्यय के साथ, वित्त वर्ष 2023-24 में कुल पूंजी (दिए गए कर्ज) पर निवेश प्रतिफल के 3.2 प्रतिशत पर रहने की के साथ लाभप्रदता में कमी आने का अनुमान है। एएचएफसी मुख्यतः स्व-रोज़गार वाले ग्राहकों को कर्ज सुविधाएं करती हैं और ऋण वसूली में जोखिम के मामले में संवेदनशील बनी रहती हैं।

राष्ट्रीय

एक नजर

जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

जयपुर। जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा जांच एजेंसियों ने संयुक्त रूप से हवाई अड्डे की सघन जांच की। हवाई अड्डा थानाधिकारी ममता मीणा ने बताया कि हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी हवाई अड्डे के आधिकारिक ईमेल पर दी गई थी। साइबर प्रकोष्ठ मेल भेजने वाले के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और श्वान दस्ते के सहयोग से हवाई अड्डे पर जांच की गई। जांच के दौरान हवाई अड्डा परिसर में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है।

कोर्ट ने महेंद्रू की जमानत बढ़ाने से किया इनकार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार शराब करोबारी समीर महेंद्रू को दी गई अंतरिम जमानत की मियाद बढ़ाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह इस तथ्य को नजर अंदाज नहीं कर सकती कि आरोपी के खिलाफ 'गंभीर मामला' है। विशेष न्यायधीश एम के नागपाल ने शराब वितरण कंपनी इंडोस्प्रिट के प्रबंध निदेशक महेंद्रू को उनकी पत्नी की सर्जरी के आधार पर अंतरिम जमानत दी थी।

जो भगवान राम को काल्पनिक कहते थे, वह अब जय सिया राम के नारे लगा रहे हैं: मोदी

रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री बोले-जो गारंटी दी वह पूरी की

रेवाड़ी (हरियाणा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर पर कांग्रेस के रुख को लेकर शुक्रवार को उसकी आलोचना की और कहा कि जो लोग भगवान राम को 'काल्पनिक' कहते थे और मंदिर निर्माण नहीं चाहते थे, वे भी अब 'जय सिया राम' के नारे लगा रहे हैं। हरियाणा के रेवाड़ी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखने और कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा में उन्होंने कहा कि भारत ने आज दुनिया में नई ऊंचाइयों को छुआ है और यह लोगों के आशीर्वाद से संभव हुआ है।

कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोले पर जनता का सुरक्षा कवच साथ है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोल दिए हैं, लेकिन मेरे पास देश की जनता का 'सुरक्षा कवच' है जो हर बार मेरी रक्षा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की 'गारंटी' पूरी करेंगे।

मोदी ने राजस्थान में 17,000 करोड़ रुपये की परियोजना का किया लोकार्पण

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान से जुड़ी 17,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से लोकार्पण और शिलान्यास किया और कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का निर्माण बहुत जरूरी है। मोदी ने 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को वीडियो कान्फ्रेस के जरिए संबोधित करने से पहले रिमोट दबाकर इन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत पारेषण, पेयजल सहित कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

इस सप्ताह संयुक्त अरब अमीरात और कतर की अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को अब दुनिया के हर कोने से जो सम्मान मिल रहा है, वह केवल मोदी का नहीं है बल्कि हर भारतीय का है। दुनिया में भारत की बढ़ती साख, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने और वन रैंक-वन पेंशन दिए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को जो 'गारंटी' दी वह पूरी की है।

नड्डा ने विकसित भारत पर आधारित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। राजधानी के प्रगति मैदान में नवनिर्मित भारत मंडपम में आयोजित होने वाली भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के राष्ट्रीय अधिवेशन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार शाम यहां पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने विकसित भारत पर आधारित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

भारत मंडपम के प्रांगण में सजाई गई इस विकसित भारत के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करने वाली प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के 10 साल की उपलब्धियों को भी चित्रित किया गया है। जेपी नड्डा के प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचने पर पार्टी महासचिव विनोद तावड़े, राधामोहन अग्रवाल एवं तरुण चुघ और दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उनका स्वागत किया।

मोदी फिर सत्ता में आए तो क्षेत्रीय दलों के लिए संकट खड़ा हो जाएगा

कोलकाता, एजेंसी

- **इंडिया के भविष्य को लेकर अनुमान नहीं लगा सकते: चिदंबरम**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने शुक्रवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने एक बार फिर से सत्ता में वापसी की तो क्षेत्रीय दलों के लिए अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा।

उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि वह विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के भविष्य को लेकर कोई अनुमान नहीं लगा सकते क्योंकि वह पार्टी की राष्ट्रीय गठबंधन समिति का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर आगामी लोकसभा चुनाव में एक कारक हो सकता है लेकिन यह निर्णायक होगा या नहीं, यह तो समय ही बताएगा। पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम ने कहा-मैं 'इंडिया' गठबंधन के भविष्य के बारे में कुछ नहीं कह सकता क्योंकि मैं राष्ट्रीय गठबंधन समिति का हिस्सा नहीं हूं और गठबंधन की बैठकों का भी हिस्सा नहीं रहा हूं, लेकिन मुझे पूरी उम्मीद है कि बाकी सभी पार्टियां समझेंगी कि मोदी जी और भाजपा की केंद्र में वापसी से राज्य-विशिष्ट क्षेत्रीय दलों के लिए अस्तित्व का संकट पैदा हो जाएगा। अपनी नई किताब 'द वाटरशेड ईयर-व्हिच वे विल इंडिया गो?' पर चर्चा के लिए चिदंबरम कोलकाता पहुंचे थे।

आय से अधिक संपत्ति मामले में करोड़पति क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा के भ्रष्टाचार रोधी सतर्कता अधिकारियों ने शुक्रवार को आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) बसंत कुमार महापात्रा को गिरफ्तार कर लिया। सिलसिलेवार छापेमारी किए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सतर्कता विभाग ने कहा गया है कि महापात्रा की संपत्तियों की पड़ताल के दौरान आय से अधिक संपत्ति का पता चला, जिसमें भुवनेश्वर में दो फ्लैट और दो वाणिज्यिक शॉपिंग आउटलेट, भुवनेश्वर और बेंगलुरु में फ्लैट खरीदने के लिए रि 2.23 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान, 1.16 लाख रुपये नकद आदि शामिल हैं।

बिल्डर के आवास और कार्यालय पर ईडी की छापेमारी

कोलकाता, एजेंसी

बंगाल स्कूल भर्ती घोटाला

पश्चिम बंगाल के प्राथमिक विद्यालयों में भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को एक बिल्डर के आवास और कार्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी जारी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

इस बिल्डर को पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी का करीबी माना जाता है। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ पहुंची ईडी की टीम ने व्यवसायी के एक कार्यालय और तीन फ्लैट पर छापा मारा, जिनमें से एक कोलकाता के दक्षिणी हिस्से में नकताला में चटर्जी के घर के ठीक सामने है। ईडी अधिकारी ने बताया-घोटाले में बिल्डर की अहम भूमिका है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसने (बिल्डर) घोटाले से प्राप्त धन को विभिन्न परियोजनाओं में निवेश करने में चटर्जी की मदद की थी। केंद्रीय एजेंसी ने भर्ती के सिलसिले में चटर्जी को जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था।

झारखंड में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार, 8 नए मंत्री शामिल

रांची। झारखंड में आज मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार कर उसमें 8 नए मंत्रियों को शामिल किया गया जबकि मंत्रिमंडल में एक सीट अभी भी रिक्त रखा गया है। मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस के तीन और झारखंड मुक्ति मोर्चा के पांच विधायकों को मंत्री बनाया गया। हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल जोबा मांझी को इस बार मंत्री नहीं बनाया गया जबकि चम्पाई सोरेन मंत्रिमंडल में नई चेहरे की रूप में हेमंत सोरेन की छोटे भाई बसंत सोरेन और दीपक बिरूआ को शामिल किया गया है।

केजरीवाल ने विस में रखा विश्वास प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को विधानसभा में विश्वास मत पेश किया जिसपर सदन में शनिवार को चर्चा होगी। विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए केजरीवाल ने कहा-दो विधायक मेरे पास यह कहते हुए आए थे कि भाजपा सदस्यों ने उनसे संपर्क किया है और उन्हें 25-25 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। उन्हें बताया गया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और सरकार गिरा दी जाएगी।

दिल्ली आबकारी नीति मामले के फर्जी होने का दावा करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को अपदस्थ करना चाहती है। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े एक मामले में जारी समन पर अमल नहीं करने की शिकायत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से किए जाने के बाद केजरीवाल को 17 फरवरी को पेश होने को कहा है। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया आप प्रमुख इसका अनुपालन करने के लिए 'कानूनी रूप से बाध्य' हैं।

न्यायालय को आवंटित जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया

आम आदमी पार्टी (आप) ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने यहां राउज एवेन्यू में दिल्ली उच्च न्यायालय की भूमि पर 'अतिक्रमण' नहीं किया और पार्टी को 2015 में यह जगह आवंटित की गयी थी। राष्ट्रीय राजधानी के राउज एवेन्यू में स्थित पार्टी कार्यालय को तत्काल प्रभाव से खाली करने के निर्देश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाली 'आप' ने कहा कि इससे आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता और पार्टी की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। न्यायिक अवसंरचना से संबंधित लंबित मामले में 'आप' ने एक अर्जी दाखिल करते हुए दावा किया कि उस स्थान पर 'अतिक्रमण' का कोई सवाल ही नहीं उठता जो उसे 2015 में विधिवत तरीके से आवंटित किया गया था और तब से वह भूमि उन्हीं के कब्जे में है। आप' ने अर्जी में कहा कि पार्टी मौजूदा परिसर को खाली करने के लिए तैयार है।

तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी की हिरासत बढ़ी

चेन्नई। चेन्नई की एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी.सेंथिल बालाजी की हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले में पिछले साल जून में गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने केंद्रीय कारागार में बंद बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश एस.अली के समक्ष वीडियो कांफ्रेंस के जरिये पेश किया। इसके बाद अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान बालाजी के अधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता ने धनशोधन के आरोप से मुक्त करने के लिए अर्जी दी है।

बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

संदेशखालि हिंसा

- **एनसीएससी के प्रतिनिधिमंडल ने द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट**
- **आयोग के लोगों ने संदेशखालि का किया था दौरा**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के प्रमुख अरुण हलदर ने शुक्रवार को कहा कि आयोग ने संदेशखालि में टीएमसी समर्थकों द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न के बारे में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की है।

आयोग के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि का दौरा किया था, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर बलपूर्वक जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए हलदर ने संदेशखालि में कथित अत्याचार और हिंसा के बारे में संक्षिप्त विवरण साझा किया। उन्होंने कहा-हमने सिफारिश की है कि पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखते हुए वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत एनसीएससी को मिले अधिकारों के अनुसार अनुसूचित जाति के संवैधानिक सुरक्षा कार्यों के बारे में वार्षिक रूप से या जब उचित लगे, राष्ट्रपति को रिपोर्ट देना आयोग का कर्तव्य है। हलदर ने कहा कि राष्ट्रपति ने आयोग को आश्वासन दिया कि वह इस मामले पर गौर करके उचित कार्रवाई करेंगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में अपराधियों ने वहां की सरकार से गठजोड़ कर लिया है। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में हिंसा का असर अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों पर भी पड़ रहा है।

भाजपा की केंद्रीय टीम ने राज्यपाल से मुलाकात की

कोलकाता। संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोकी गई भाजपा की एक केंद्रीय टीम ने शुक्रवार शाम पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस से मुलाकात की और कहा कि पार्टी वहां जाने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख करेगी। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक ने कहा कि पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की टीम को संदेशखालि जाने की अनुमति नहीं दी। संदेशखालि ब्लॉक के रास्ते में रामपुर गांव में रोके जाने के बाद भाजपा के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने धरना शुरू कर दिया। बाद में, वे कोलकाता लौट आए और बोस से मिलने राजभवन पहुंचे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संवाददाताओं से कहा-पुलिस ने हमें बेहद अलोकतांत्रिक तरीके से संदेशखालि जाने से रोका। हमने राज्यपाल को सूचित कर दिया है और वह स्थिति को लेकर बहुत व्यथित हैं।

खेल डायरी

मैं व्यक्तिगत रूप से बजरंग, विनेश और साक्षी को ट्रायल के लिए आमंत्रित करूंगा: संजय सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने शुक्रवार को आश्वासन दिया कि विरोध करने वाले पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा और वह महाराष्ट्र में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क कर आमंत्रित करेंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएफआई पर लगाया निलंबन इस शर्त पर हटाया कि किसी भी पहलवान से भेदभाव नहीं होना चाहिए। पूनिया, फोगाट और मलिक ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। ये डब्ल्यूएफआई प्रमुख के तौर पर संजय सिंह के चुनाव के भी खिलाफ हैं उनका कहना है कि वह बृजभूषण के समर्थक हैं। संजय सिंह ने कहा कि हम जल्द महाराष्ट्र में ओलंपिक क्वालीफाइंग के लिए ट्रायल्स करेंगे। इस राज्य में अच्छा बुनियादी ढांचा है। मैं बजरंग, विनेश और साक्षी से सबकुछ भूलकर ट्रायल्स की तैयारी शुरू करने और देश के लिए पदक जीतने के लिए कहूंगा।

परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा: हरमनप्रीत

मुंबई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को लगता है कि महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में खिताब बरकरार रखने के लिए विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप ढलना अहम होगा। डब्ल्यूपीएल 23 फरवरी से 17 मार्च तक बेंगलुरु और नई दिल्ली में खेला जाएगा। पिछले साल शुरूआती चरण मुंबई में खेला गया था और मेजबानों ने चिर परिचित परिस्थितियों और दर्शकों के समर्थन से हरमनप्रीत की अगुआई में खिताब जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि बेंगलुरु में परिस्थितियां मुंबई से अलग होंगी। मुझे दिल्ली में खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है इसलिए मुझे नहीं पता कि दिल्ली में कैसा विकेट होगा। अगर हम इन चीजों से जल्दी सामंजस्य बिठा लेते हैं तो इससे पता चलेगा कि बतौर टीम हम कितने अच्छे हैं।

अनाबेल ने महिला टेस्ट में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा

पर्थ, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड ने शुक्रवार को महिला टेस्ट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने द.अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन 248 गेंद में यह किया। इससे पहले सबसे तेज दोहरे शतक का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की ही केरेन रोल्टन के नाम था, जिन्होंने 2001 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 306 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था। अनाबेल 256 गेंद में 210 रन बनाकर आउट हुईं। उनके दोहरे शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी 9 विकेट पर 575 रन बनाकर घोषित की जो महिला टेस्ट क्रिकेट में किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। पहली पारी में द. अफ्रीका की टीम सिर्फ 76 रन पर ढेर हो गई थी और दूसरी पारी में भी उसने दिन का खेल खत्म होने तक 67 रन पर तीन विकेट गंवा दिए।

आयहिका और श्रीजा ने दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों को हराया, चीन से मिली हार

बुसान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला ने शुक्रवार को दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों क्रमश: सुन यिंगशा और वैंग यिदी को हराया, लेकिन भारत को विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में गत चैंपियन चीन के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 155वें नंबर की खिलाड़ी आयहिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी यिंगशा को 12-10 2-11 13-11 11-6 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता श्रीजा ने यिदी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 (11-7 11-9 13-11) से हराया। भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा ने हालांकि निराश किया और वह दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी वैंग मान्यु (3-11 8-11 15-13 7-11) और यिंगशा (3-11 6-11 13-11 9-11) के खिलाफ अपने दोनों एकल मुकाबले हार गई। मुकाबला इसके बाद 2-2 से बराबर था। छब्बीस साल की आयहिका भी इसके बाद मान्यु के खिलाफ सीधे गेम में 9-11 11-13 6-11 से हार गई जिससे भारत को शिकस्त झेलनी पड़ी।

डकेट का शतक, इंग्लैंड के दो विकेट पर 207 रन

दूसरे दिन भारत की पहली पारी 445 रन पर सिमटी, इंग्लैंड की टीम अब 238 रन पीछे

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

राजकोट, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन 500 टेस्ट विकेट के आंकड़े को छूने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज बने, लेकिन इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट के नाबाद तूफानी शतक से भारत के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 2 विकेट पर 207 रन बनाकर पलड़ा भारी रखा।

डकेट 118 गेंद में 21 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 133 रन बनाकर खेल रहे हैं। उन्होंने जैक क्राउली (15) के साथ पहले विकेट के लिए 89 और ओली पोप (55 गेंद में 39 रन, 5 चौके, 1 छक्का) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। स्टंप के समय जो रूट नौ रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। भारत के पहली पारी के 445 रन से इंग्लैंड अब 238 रन पीछे है। इंग्लैंड ने 35 ओवर में 32 बाउंड्री लगाई हैं जिसमें 29 चौके और 3 छक्के हैं। ध्रुव जुरेल (104 गेंद में 46 रन, 2 चौके, 3 छक्के) और अश्विन (89 गेंद में 37 रन, 6 चौके) के बीच आठवें विकेट की 77 रन की साझेदारी से पहली पारी में 445 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा (131) और रविंद्र जडेजा (112) ने कल शतक जड़े थे। जसप्रीत बुमराह (26 रन, 28 गेंद, 3 चौके, 1 छक्का) और मोहम्मद सिराज (नाबाद 03) ने अंतिम विकेट के लिए 30 महत्वपूर्ण रन जोड़े। डकेट ने 19 चौकों की मदद से 88 गेंद में अपना तीसरा शतक पूरा किया। क्राउली ने उनकी गेंद को स्वीप के प्रयास में शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार को कैच दे बैठे। डकेट ने बुमराह पर पारी का पहला चौका जड़ने के बाद अगले ओवर में दो और चौके मारे। डकेट ने कुलदीप का स्वागत दो चौकों से किया और 39 गेंद में अर्धशतक बनाया। अश्विन ने दूसरे ओवर में क्राउली को आउट किया। डकेट को पोप के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। पोप ने कुलदीप पर छक्का जड़ा जबकि डकेट ने अश्विन की गेंदों पर छक्का और चौका मारा। डकेट ने सिराज की गेंद पर दो चौकों के साथ 88 गेंद में शतक पूरा किया। सिराज ने पोप को पगबाधा किया। मैदानी अंपायर ने आउट नहीं दिया लेकिन डीआरएस पर फैसला भारत के पक्ष में गया। सुबह के सत्र में 2 विकेट जल्दी गिरने के बाद जुरेल और अश्विन ने पारी संभाला। अश्विन रेहान अहमद (85 रन पर 2 विकेट) की गेंद को मिड ऑन पर जेम्स एंडरसन के हाथों में दे बैठे। जुरेल अर्धशतक बनाने में 4 रन से चूक गए जब रेहान ने उन्हें विकेटकीपर बेन फोक्स के हाथों कैच कराया। जुरेल ने मार्क वुड (114 रन पर 4 विकेट) की शॉर्ट गेंद को स्लिप के ऊपर से 6 रन के लिए भेजकर अपनी पहली बाउंड्री लगाई। भारत ने दिन की शुरुआत 5 विकेट पर 326 रन से करते हुए सुबह के सत्र में 2 विकेट गंवाकर 62 रन जोड़े। जडेजा (225 गेंद में 112 रन, 9 चौके, 2 छक्के) अपने कल के स्कोर में सिर्फ दो रन जोड़ने के बाद रूट को कैच देकर पवेलियन लौटे। भारत ने पहले दिन के चौथे ओवर में ही कुलदीप यादव (4) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने एंडरसन की गेंद पर फोक्स को कैच थमाया।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी)			445/10 (130.5 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड	10	10	2/0
रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड	131	196	14/3
शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड	00	09	0/0
रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली	05	15	1/0
रविंद्र जडेजा का एवं बो रूट	112	225	9/2
सरफराज खान रन आउट	62	66	9/1
कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन	04	24	0/0
ध्रुव जुरेल का फोक्स बो रेहान	46	104	2/3
रविचंद्रन अश्विन का एंडरसन बो रेहान	37	89	6/0
जसप्रीत बुमराह पगबाधा बो वुड	26	28	3/1
मोहम्मद सिराज नाबाद	03	21	0/0

अतिरिक्त: 09, **विकेट पतन:** 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, 6-331, 7-331, 8-408, 9-415, 10-445, **गेंदबाजी:** एंडरसन 25-7-61-1, वुड 27.5-2-114-4, हार्टली 40-7-109-1, रूट 16-3-70-1, रेहान 22-2-85-2

इंग्लैंड (पहली पारी)			207/2 (35 ओवर)
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन	15	28	2/0
बेन डकेट नाबाद	133	118	21/2
ओली पोप पगबधा बो सिराज	39	55	5/1
जो रूट नाबाद	09	13	1/0

अतिरिक्त: 11, **विकेट पतन:** 1-89, 2-182, **गेंदबाजी:** बुमराह 8-0-34-0, सिराज 10-1-54-1, कुलदीप 6-1-42-0, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 4-0-33-0

500 विकेट लेने वाले अश्विन दूसरे भारतीय गेंदबाज

राजकोट, एजेंसी

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दौरान पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। अश्विन यह उपलब्धि हासिल करने वाले सिर्फ तीसरे ऑफ स्पिनर हैं। वह कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज भी हैं। कुंबले के नाम 619 टेस्ट विकेट दर्ज हैं। सैंतीस साल के अश्विन ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। उन्हें यह उपलब्धि हासिल करने के लिए सिर्फ एक विकेट की दरकार थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली उनकी गेंद को स्वीप करने के प्रयास में हवा में उछाल गए और शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार ने आसान कैच लपका। अश्विन से पहले संन्यास ले चुके श्रीलंका के महान ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन (800) और ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (517 विकेट) यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट के आंकड़े को छूने वाले दुनिया के नौवें गेंदबाज हैं। वर्ष 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने 98वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। चेन्नई के इंजीनियरिंग स्नातक अश्विन ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में शुरुआत की और ऑफ स्पिनर की भूमिका निभाने से पहले मध्यम गति की गेंदबाजी में भी हाथ आजमाया। किशोरावस्था में पीठ की चोट के कारण उन्हें स्पिन गेंदबाजी को अपनाना पड़ा। कुंबले और हरभजन सिंह के युग के बाद अश्विन से काफी उम्मीदें थीं और उन्होंने निराश नहीं किया। उन्होंने अपने शुरुआती 16 टेस्ट मैच में नौ बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए और सबसे तेज 300 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अश्विन ने छोटे प्रारूपों में भी अपनी योग्यता साबित की है। उन्होंने 116 एकदिवसीय मैचों में 156 विकेट जबकि 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 72 विकेट लिए हैं।

जडेजा, अश्विन की गलती से इंग्लैंड को हुआ पांच रन का फायदा

राजकोट। भारत पर तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहले सत्र में आर अश्विन के पिच के संरक्षित हिस्से में दौड़ने से इंग्लैंड की टीम को 5 रन का फायदा हुआ है। इससे पहले रवींद्र जाडेजा तीसरे टेस्ट के पहले दिन पिच के संरक्षित हिस्से पर दौड़ने पर चेतावनी दी गई थी। इंग्लैंड को 102वें ओवर में 5 रन का फायदा उस समय हुआ जब भारत का स्कोर 7 विकेट पर 358 रन था। अश्विन ने गेंद को कवर की ओर खेला और रन के लिए पिच पर दौड़ पड़े, लेकिन जुरेल ने उनको वापस भेजा। अंपायर जोएल विल्सन और अश्विन के बीच बातचीत हुई जो पेनाल्टी का सिग्नल देने से पहले निराश दिखे। इंग्लैंड ने पारी की शुरुआत 5 रन से की। नियम में बल्लेबाजों के पिच को खराब करने के बारे में बताया गया है, जिसमें पिच को जानबूझकर या ऐसी स्थिति जहां वह हट सकता था लेकिन ऐसा नहीं किया तो इसे क्षति पहुंचाना अनुचित है।

घरेलू चरण में ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका का सामना करेगी महिला हॉकी टीम

राउरकेला, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम सप्ताहांत प्रो लीग मुकाबलों में जब ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से भिड़ेगी तो उसकी नजरें घरेलू सरजमीं पर अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही सविता पूनिया की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रही है और उसने छह में से पांच मैच गंवाए हैं।

पहले मैच में चीन से मिली 1-2 की शिकस्त के बाद भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 1-3 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-3 से हार झेलनी पड़ी। भुवनेश्वर के अंतिम मैच में भारत ने अमेरिका को 3-1 से हराया। राउरकेला के पहले मैच में भारत ने शुरुआती बढ़त बनाई लेकिन चीन ने 2-1 से जीत दर्ज की। भारत इसके बाद नीदरलैंड के खिलाफ 0-1 से हार गया। पिछले मैच में भारत की रक्षापंक्ति ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के मामले में टीम पिछड़ गई।

भारतीय महिला टीम ने पदक सुनिश्चित किया, पुरुष टीम जापान से हारी

ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद सिंधू, अस्मिता और अश्विनी तथा तनीषा की युगल जोड़ी ने हांगकांग को हराया

बीएटीसी

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को हांगकांग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का किया लेकिन पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में जापान से 2-3 से हार गई।

चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया। अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। भारतीय पुरुष टीम ने साहसिक प्रयास किया लेकिन नर्वस किदाम्बी श्रीकांत अंत में निर्णायक पांचवें मैच में हार गए। सिंधू ने लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की। तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की जोड़ी को हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर आसान जीत से भारत की जीत के साथ टीम के लिए कांस्य पदक पक्का किया। पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने बताया कि यह महिला टीम के लिए एक सहज परिणाम है। मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।

स्पर्धा में जापान की पुरुष टीम अपने शीर्ष खिलाड़ियों के बिना खेल रही थी, जिसमें दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी कोडाई नारोका तथा ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की 2021 विश्व चैम्पियन युगल जोड़ी मौजूद नहीं थी। लेकिन भारतीय पुरुष टीम के लिए यह मुकाबला कड़ा रहा। एचएस प्रणय को केंटो निशिमोटो से हार मिली, जिससे जापान ने 1-0 से बढ़त बना ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए केन्या मितसुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को पराजित कर भारत को मुकाबले में वापसी कराई। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन ने फिर कोको वाटानाबे को हराकर भारत को 2-1 से आगे किया। एमआर अर्जुन व ध्रुव कपिला अपना मैच हार गए। उन्हें अकिरा कोगा और काजुकी शिबाटा से पराजय मिली और जापान ने स्कोर 2-2 कर दिया। अब जिम्मेदारी श्रीकांत के कंधों पर थी। उन्होंने केंटो मोमोटा से पहला गेम जीता लेकिन अगले दो गेम गंवा दिए और भारत मुकाबला हार गया।

बॉलीवुड हलचल

'फाइटर' ने की 200 करोड़ की कमाई

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'फाइटर' ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म फाइटर 25 जनवरी को प्रदर्शित हुयी है। यह फिल्म एरियल एक्शन ड्रामा है, जिसमें एयर फोर्स के फाइटर पायलट्स की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म फाइटर में ऋतिक और दीपिका की रोमांटिक जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म को रिलीज हुए आज तीन हफ्ते हो चुके हैं। फिल्म फाइटर ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। 'फाइटर' में ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण के अलावा अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर की भी अहम भूमिका है।

जॉन अब्राहम ने दंगे का ट्रेलर किया लांच



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने हर्षवर्धन राणे की आने वाली फिल्म दंगे का ट्रेलर सोशल मीडिया पर लांच किया है। बॉलीवुड निर्देशक बिजॉय नांबियर फिल्म दंगे लेकर आ रहे हैं, जिसमें हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। दंगे का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर को जॉन अब्राहम ने लॉन्च किया है। जॉन अब्राहम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर दंगे का ट्रेलर साझा किया है। फिल्म दंगे कॉलेज के दो गुटों के बीच की तनातनी की कहानी है। हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट के अलावा फिल्म दंगे में निकिता दत्ता, टीजे भानू की अहम भूमिका है। फिल्म दंगे 01 मार्च 2024 को रिलीज होगी।

वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री त्रिप्ति डिमरी ने आईएमडीबी की वैलेंटाइन वीक की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट में पहला स्थान पाया है। वैलेंटाइन सप्ताह को चिह्नित करते हुए, आईएमडीबी ने दुनिया भर में 200 मिलियन से अधिक मासिक विजिटर्स में से निर्धारित सप्ताह की 10 सबसे लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट का अनावरण किया। इस सप्ताह सूची में शीर्ष त्रिप्ति डिमरी हैं, जिन्हें एक्शन ड्रामा 'एनिमल' में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए काफी प्रशंसा मिल रही है। फिल्म में ज़ोया की भूमिका निभाते हुए, त्रिप्ति डिमरी ने ग्रे शेड वाले किरदार को चित्रित करके अपनी वर्सटाइल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फिल्म में त्रिप्ति ने अपनी दमदार स्क्रीन उपस्थिति, संवाद अदायगी और शानदार लुक से दिल जीत लिया, जिससे वह आईएमडीबी सूची में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। त्रिप्ति डिमरी के बाद शाहिद कपूर सातवें नंबर और भूमि पेडनेकर 23वें नंबर पर हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर उनकी बढ़ती लोकप्रियता और मजबूत हो गई है।

कुछ रीत जगत की ऐसी है का अनुभव शानदार: सेजल

मुंबई, एजेंसी। जानी मानी चरित्र अभिनेत्री सेजल शाह का कहना है कि कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। नंदिनी की परवरिश उसके मामा और मामी ने की है, जिनका किरदार जगत रावत और सेजल साह ने निभाया है। सेजल शाह ने बताया, कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना शानदार अनुभव रहा। इस शो में आप सभी को शानदार क्रियेटिव वर्क देखने को मिलेगा।

शोटाइम, फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा: इमरान



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है कि उनकी आने वाली वेबसीरीज शो टाइम फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आने वाली वेबसीरीज शोटाइम को लेकर चर्चा में है। हाल ही में शोटाइम का ट्रेलर रिलीज किया गया है। इसमें सिनेमा जगत के पर्दे के पीछे के दिलचस्प राज से पर्दा उठता हुआ नजर आ रहा है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शोटाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। इमरान ने शोटाइम में फिल्म निर्माता रघु खन्ना का किरदार निभाया है, जो कर्मशियल सिनेमा बनाता है। उन्होंने बताया, शो टाइम दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही उन्हें संदेश भी देगा। फिल्म इंडस्ट्री में सुने-सुनाए किस्सों के बारे में लोग जानते है। इंडस्ट्री के बारे में लोगों को बहुत कम पता है। शो टाइम लोगों को फिल्म इंडस्ट्री की दुनिया से रूबरू कराएगा। शो टाइम की कहानी दिलचस्प है। शोटाइम, बॉलीवुड की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। फिल्म इंडस्ट्री में मुझे दो दशक हो गए हैं। मैंने इंडस्ट्री के अच्छे और बुरे दोनों पक्ष देखे हैं। जब मुझे शोटाइम के लिय अप्रोच किया गया तो मैंने तुरंत हां कर दी। डिज़्नी+हॉटस्टार और धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। हमने दर्शकों को हमेशा यह जानने के लिए उत्सुक देखा है कि बॉलीवुड के बंद दरवाजों के पीछे क्या चल रहा है और मैं बस इतना कहना चाहता हूं, हमने आप सभी को सुना है।

शिवानी का गाना रील वाला लईका रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका शिवानी सिंह का गाना रील वाला लईका रिलीज हो गया है। गाना रील वाला लईका एक लड़की की ख्वाहिश का इजहार है, जिसमें लड़की को रील बनाने वाला लड़का पसंद आ जाता है। शिवानी सिंह ने इसी चाहत को अपने स्वरों से सजाया है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में श्वेता शर्मा उस लड़की के किरदार में नजर आ रही हैं, जिससे रील वाला लईका यानी मैंगो मैन पसंद आ गया है। गाना रील वाला लईका के गीतकार अजीत मंडल है, जिन्होंने इस गाने के लिरिक्स को लिखा है और संगीतकार आर्य शर्मा है। इस गाने का निर्देशन वेंकट महेश ने किया है और क्रिएटिव डायरेक्टर नितेश सिंह है। गाने की कोरियोग्राफी प्रेम शर्मा ने की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

हवाई अड्डे पर अनुरोध के बाद भी नहीं मिली व्हीलचेयर, पैदल चलने से बुजुर्ग की मौत

मुंबई, एजेंसी

मुंबई हवाई अड्डे पर एक बुजुर्ग को बुकिंग के बाद भी व्हीलचेयर नहीं मिली, जिसके कारण व्यक्ति मौत हो गई। हालांकि, इस घटना पर एयर इंडिया ने सफाई देते हुए कहा कि यात्री से व्हीलचेयर मिलने तक इंतजार करने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल जाने का विकल्प चुना।

एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, 12 फरवरी को न्यूयॉर्क से मुंबई जा रहे हमारे एक मेहमान अपनी पत्नी के साथ इमिग्रेशन क्लियर करने के लिए जाते समय बीमार पड़ गए। बुजुर्ग यात्री ने व्हीलचेयर की मांग की

थी। व्हीलचेयर की भारी मांग के कारण हमने यात्री से थोड़ा इंतजार करने का अनुरोध किया था लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल चलने का विकल्प चुना। ऐसे में बुजुर्ग इमिग्रेशन काउंटर तक पैदल चलकर गए। ऐसे में उनकी हालत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 80 साल के बुजर्ग ने न्यूयॉक से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। दंपति ने अपने लिए व्हीलचेयर की बुकिंग की थी। मुंबई एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की फ्लाइट जब लैंड हुई तो दंपति को सिर्फ एक व्हीलचेयर मिली।

ऐसे में पति ने उसपर अपनी बुजुर्ग पत्नी को बैठाया और खुद पैदल चलने लगे। विमान से लेकर 1.5 किलोमीटर की दूरी पर टर्मिनल में बने इमिग्रेशन काउंटर तक बुजुर्ग को पैदल जाना पड़ा। काउंटर पर पहुंचने के बाद बुजुर्ग को चक्कर आया और हार्ट अटैक के बाद बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद बुजुर्ग को नानावती अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन इससे पहले मौत हो गई।

तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को मिल रही छूट : यूएन

संयुक्त राष्ट्र। तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को पूरी छूट मिल रही, जिससे वह तेजी से फलफूल रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बात के कोई हालिया संकेत नहीं हैं कि तालिबान ने युद्धग्रस्त देश में विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की गतिविधियों को सीमित करने के लिए कोई कदम उठाया हो।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस की ओर से रिपोर्ट में सदस्य देशों की चिंता भी व्यक्त की गई है कि तालिबान शासित अफगानिस्तान में आतंकवादी समूहों को हाल के इतिहास में किसी भी समय की तुलना में अधिक स्वतंत्रता प्राप्त है। विशेष रूप से खतरनाक आइएस आतंकवादी समूह की ताकत लगभग दोगुनी हो गई है।

84 हजार करोड़ के रक्षा सौदे को डीएसी ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेना की ताकत बढ़ाने को सरकार का बड़ा फैसला, बहुउद्देशीय विमान व अन्य की होगी खरीद

रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों की समग्र लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए बहुद्देशीय समुद्री विमान सहित 84,560 करोड़ रुपये के सैन्य हार्डवेयर की खरीद को शुक्रवार को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इन खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी।

डीएसी ने जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी है उनमें नई पीढ़ी की टैंक रोधी माइंस (एंटी टैंक), वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार, भारी वजन वाले टॉरपीडो, मध्यम दूरी की समुद्री टोही व बहुद्देश्यीय समुद्री विमान, फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट तथा सॉफ्टवेयर

डिफाइंड रेडियो शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डीएसी ने भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल की निगरानी और हस्तक्षेप क्षमताओं को मजबूत करने के लिए मध्यम दूरी के समुद्री टोही विमानों और बहुद्देश्यीय समुद्री विमानों की खरीद को मंजूरी दी।

वायुसेना को मिलेगा रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट

वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने के उद्देश्य से वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। यह विशेष रूप से धीमी, छोटी और कम उड़ान वाले लक्ष्यों का पता लगाने की क्षमताओं को मजबूत करेगा। बयान में कहा गया कि डीएसी ने भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमताओं और पहुंच को बढ़ाने के लिए फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दे दी। एक अनुकूल रक्षा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए भी डीएसी ने पहल किया है। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) और स्टार्ट-अप व एमएसएमईएस से उन्नत तकनीकों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी) 2020 में संशोधन

को मंजूरी दी है। इसके तहत बेंचमार्किंग, लागत गणना, भुगतान अनुसूची और खरीद की मात्रा तय की जाती है। यह आईडीईएक्स और टीडीएफ योजनाओं के तहत स्टार्ट-अप और एमएसएमईएस के लिए एक सहायक व्यावसायिक वातावरण के साथ-साथ बहुत आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करेगा। यह वास्तव में ईज ऑफ डूइंग की भावना से प्रेरित होगा।

एक नजर

गाजा के अस्पताल में ऑक्सीजन आपूर्ति बंद होने से पांच की मौत

राफा। दक्षिणी गाजा के मुख्य अस्पताल पर इजराइली सैनिकों के हमले से अफरा-तफरी की स्थिति है। ऑक्सीजन आपूर्ति बंद होने से शुक्रवार पांच लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी देते हुए कहा कि दक्षिणी शहर खान यूनिस में नासिर अस्पताल को लगभग एक सप्ताह तक घेरकर रखने के बाद इजराइली सैनिकों ने इस पर धावा बोल दिया। अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार, बृहस्पतिवार को इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में एक मरीज की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इजराइली सेना के मुख्य प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा कि सेना ने बृहस्पतिवार को अस्पताल में प्रवेश किया क्योंकि उसके पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी।

भारत से जुड़े धनशोधन मामले में हांगकांग में सात लोग गिरफ्तार

बीजिंग/हांगकांग। हांगकांग के सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को 1.8 अरब डॉलर के धनशोधन मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया। इस मामले में भारत से जुड़े एक मोबाइल एप का भी खुलासा हुआ है। हांगकांग के सीमा शुल्क व उत्पाद शुल्क विभाग ने कहा कि गिरोह ने छद्म बैंक खातों और मुखौटा कंपनियों का इस्तेमाल किया। सीमा शुल्क वित्तीय जांच ब्यूरो की प्रमुख सुजेट इप तुंग-चिंग ने बताया कि यह अभियान भारत में एक मोबाइल ऐप घोटाले और देश की दो आभूषण कंपनियों से जुड़ा है, जिन्होंने लगभग 37.1 करोड़ डालर की हेरफेर की। खाते में प्रतिदिन 1.28 करोड़ डॉलर आते थे और उसमें 50 से अधिक दैनिक लेनदेन होते थे। उन्होंने कहा-आगे की जांच की जा रही है।

ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में भारतीय महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में 28 वर्षीय एक भारतीय महिला कार में मृत पाई गई। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि टीम इस मामले में सभी आवश्यक सहायता के लिए संपर्क में है। उच्चायोग ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में दिल दहला देने वाली घटना। उच्चायोग की एक टीम सभी आवश्यक सहायता के लिए संपर्क में है। मीडिया के अनुसार, माउंट ईसा पुलिस जिला अधीक्षक टॉम आर्मिट ने बताया कि पुलिस महिला की मृत्यु की परिस्थितियों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि, मृतका का वाहन बाढ़ के पानी में आंशिक रूप से डूबा हुआ पाया गया था। महिला की पहचान उजागर नहीं की गई है।

अमेरिका के चेयेने में गोलीबारी, एक युवक की मौत, दो घायल

चेयेने। अमेरिकी राज्य व्योमिंग की राजधानी में सड़क पर गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। चेयेने पुलिस विभाग की प्रवक्ता एलेक्जेंड्रा फार्कस ने कहा कि गुरुवार को आवासीय क्षेत्र में गोलीबारी हुई। फार्कस ने कहा कि जांच अधिकारी गोलीबारी के कारणों और पीड़ितों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। अधिकारी इस बात का भी पता लगा रहे हैं कि घटना में घायल हुए लोग वयस्क थे या नहीं।

पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों के घर छापेमारी, इमरान की बहन अलीमा तलब

इमरान की पार्टी के कई नेता गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनाव के नतीजे आने के बाद प्रधानमंत्री पद को लेकर संशय बरकरार है। इसी बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को गिरफ्तार कर पूरे पंजाब प्रांत में उनकी संपत्तियों पर छापेमारी जारी है।

जानकारी के अनुसार, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में मुख्यमंत्री पद के लिए पीटीआई द्वारा नामांकित उम्मीदवारों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। इसके अलावा, संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने इमरान खान की बहन अलीमा खान को भी तलब किया है। इधर, पीटीआई ने प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार के रूप में उमर अयूब आगे किया, जिन्हें संसद में जाने से रोका जा सकता है और इसके लिए उनकी गिरफ्तारी की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, आशंका को देखते हुए एक स्थानीय अदालत से उन्हें जमानत मिल गई है। वहीं, पीटीआई के पीएम पद के उम्मीदवार उमर अयूब ने खुफिया एजेंसियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि सियालकोट से पीटीआई समर्थित एमएनए (नेशनल असेंबली के सदस्य) असलम घुम्मन का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है। इसके अलावा लाहौर में नौ मई को हुए दंगों के मामले में पुलिस ने पीटीआई समर्थित नेता अहमर रशीद भट्टी को रायविंड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से पहले अहमर रशीद भट्टी अपनी का जश्न मना रहा थे। इसी तरह, पंजाब पुलिस ने गुजरांवाला से पीटीआई समर्थित नवनिर्वाचित एमएनए- मोबीन आरिफ जट और एहसानुल्लाह विर्क के कारखानों, मिलों और गोदामों पर छापा मारा और उन्हें सील कर दिया। साथ ही पंजाब पुलिस ने नौ मई के मामलों में पीटीआई नेता असलम इकबाल के खिलाफ नए वारंट जारी किए।

इमरान खान से बैकडोर वार्ता कर रही पाकिस्तानी सेना

पाकिस्तान में चुनावी नतीजों से साफ हो गया कि आम पाकिस्तानी लोगों ने शरीफ या जरदारी

परिवार के खिलाफ वोट नहीं, बल्कि पाकिस्तान की सेना के खिलाफ वोट दिया है। सेना ने पाकिस्तान तहरीके इंसाफ (पीटीआई) के नेता इमरान खान को सत्ता से हटाने और चुनाव लड़ने से रोकने के लिए कई कदम उठाए। इससे इमरान के निर्दलीय प्रत्याशियों को बड़े पैमाने पर सेना विरोधी वोट मिले। इस चुनाव ने पाकिस्तान में पिछले 75 साल से चले आ रहे सत्ता समीकरण बदल दिए। अब सेना ने बैकडोर से इमरान के संपर्क शुरू कर दिया है। चुनाव परिणाम आने के बाद सेना ने अदियाला जेल में इमरान से दोबारा संपर्क किया गया। पहला संपर्क ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल सहर द्वारा किया गया था। इसके बाद इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी से संपर्क किया गया, जो बानीगाला आवास पर नजरबंद हैं। बुशरा बीबी से चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल अवैस दस्तगीर मिले थे। बताया जाता है कि जनरल अवैस दस्तगीर पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के बेहद करीबी माने जाते हैं। जनरल दस्तगीर ने इमरान और बुशरा से कहा कि सेना उन्हें आने वाले समय में कई राहत देगी और पीटीआई को केपीके में सरकार बनाने की अनुमति दी जाएगी। सेना ने इमरान से कहा है कि वे गठबंधन सरकार बनने दें ताकि पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता आ सके और अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके।

मणिपुर : उग्र भीड़ ने अफसरों के दफ्तार जलाए

इंफाल, एजेंसी

- हिंसा में दो लोग की मौत, 42 घायल, पांच दिनों तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित की

मणिपुर में जारी हिंसा के कारण स्थिति नाजुक बनी हुई है। राज्य में गुरुवार को एक बार फिर से हिंसा भड़क गई, जिससे वहां की स्थिति खराब हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि चुराचांदपुर में गुरुवार रात करीब 400 लोगों ने एसपी और डीसी ऑफिस पर धावा बोल दिया। इस दौरान भीड़ ने सरकारी परिसर में घुसकर आगजनी और तोड़फोड़ भी की।

पुलिस ने बताया कि, सुरक्षा बलों ने भीड़ को काबू करने के लिए फायरिंग की, जिसमें कम से कम दो लोग मारे गए और 42 लोग घायल हो गए। हिंसा के बाद राज्य सरकार ने जिले में पांच दिनों तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी है।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कई बसों और ट्रकों को आंदोलनकारियों ने जला दिया। अधिकारी ने बताया कि सैकड़ों लोग कार्यालय के कमरों में घुस गए और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए

आंसू गैस के गोले दागे। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि सुरक्षा बलों के साथ झड़प में दो व्यक्ति की मौत हो गई और 40 से अधिक लोग घायल हो गए।

इससे पहले मणिपुर पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स में कहा कि लगभग 300-400 की संख्या में भीड़ ने एसपी कार्यालय पर धावा बोलने का प्रयास किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया। पोस्ट में कहा गया कि सुरक्षा बल आंसू गैस चलाकर प्रदर्शनकारियों को उचित जवाब दे रहे हैं और स्थिति नियंत्रण में है।

हथियार लूटने के आरोप में 7 जवान निलंबित

मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में विशेष बल के चिंगारेल शिविर से हथियारों और गोला-बारूद की लूट के मामले में इंडिया रिजर्व बटालियन के सात जवानों को निलंबित कर दिया गया है। उन पर कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में कार्रवाई की गई है। इससे पहले गुरुवार को 5वीं इंडिया रिजर्व बटालियन के कमांडेंट के एक आदेश के मुताबिक, उन्हें पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना अपना मुख्यालय नहीं छोड़ने के लिए कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि तीन दिन पहले शिविर से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने के बाद सात कर्मियों को गंभीर लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को बताया था कि हथियार लूट मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। ईआरबी कैंप से लूटी गई चार इंसास राइफलें, एक एके घटक, एसएलआर की दो मैगजीन और 9 एमएम गोला बारूद के 16 छोटे बक्से भी बरामद किए गए हैं। बता दें कि 13 फरवरी को भीड़ चिंगारेल में 5वीं आईआरबी के शिविर में घुसी और हथियार और गोला-बारूद लेकर भाग गई।

अमेरिका में भारतवंशी परिवार की हत्या में परिवार के मुखिया पर शक

न्यूयॉर्क, एजेंसी। कैलिफोर्निया में रह रहे भारतवंशी परिवार का शव उसके 21 लाख डॉलर के घर में सोमवार को मिला था। जांच के दौरान पुलिस परिवार के मुखिया पूर्व मेटा इंजीनियर आनंद हेनरी को संदिग्ध मान रही है। सैन मेटो पुलिस विभाग ने कहा है कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आनंद हेनरी, उसकी पत्नी और चार वर्षीय जुड़वां बच्चे का शव पड़ा था।

हेनरी और उसकी पत्नी एलिस प्रियंका बेंजिगर बाथरूम में मृत पड़े थे। उनके शरीर पर गोलियों के निशान थे। नौ एमएम का गन फर्श पर पड़ा था। यह हेनरी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस को दोनों बच्चों के शव बेडरूम में मिले थे। उनके शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। बाथरूम में मिले बेंजिगर के शरीर पर गोलियों के कई निशान थे, जबकि हेनरी के शरीर पर केवल एक गोली का निशान था। अभी तक बच्चों की मौत का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने कहा कि आनंद की लिंक्डइन प्रोफाइल से उसकी पहचान मेटा और गूगल में पूर्व साफ्टवेयर इंजीनियरिंग मैनेजर के रूप में हुई है।

न्यूक्लियर प्लांट...

लंदन : ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा न्यूक्लियर प्लांट बनाया है, जो जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मददगार होगा। इस प्लांट में 0.2 मिलीग्राम ईंधन से 5 सेकंड तक 69 जूल ऊर्जा पैदा हुई, यह 5 सेकंड तक 41 हजार घरों की बिजली सप्लाई के बराबर है। यह एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड है। ● एजेंसी

अमेरिका: कोर्ट ने हत्या के दोषी को सुनाई 99 साल की सजा

अलास्का। अमेरिका में ऑनलाइन मोटी कमाई के चक्कर में अपनी ही दोस्त की हत्या करने वाली 23 वर्षीय डेनाली ब्रेहमर को अलास्का कानून विभाग ने 99 साल कैद की सजा सुनाई है। ब्रेहमर को एक वर्ष पहले हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। उसने दो अन्य किशोरों के साथ मिलकर दो जून, 2019 को अपनी दोस्त 19 वर्षीय सिंथिया हाफमैन की हत्या कर दी थी। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेहमर 18 साल की थी जब उसे और दो अन्य किशोरों को 21 वर्षीय डारिन शिलमिलर ने ऑनलाइन फंसाया था। शिलमिलर ने खुद को टायलर नाम का करोड़पति बताया और सिंथिया की हत्या के फोटो और वीडियो के बदले ब्रेहमर को 90 लाख डॉलर देने का वादा किया। इसके बाद तीनों ने साजिश के तहत गोली मारकर सिंथिया की हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि ब्रेहमर ने शिलमिलर को हत्या के कई स्नैपचैट वीडियो और तस्वीरें भेजीं।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा संदेशखाली विवाद, सीबीआई जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में संदेशखाली विवाद अब सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। दरअसल वकील आलोक अलख श्रीवास्तव ने संदेशखाली के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल (जनहित याचिका) दायर की है और याचिका में मांग की है कि कोर्ट की देखरेख में सीबीआई या एसआईटी की टीम मामले की जांच करें।

याचिका में संदेशखाली के पीड़ितों के लिए मुआवजे की भी मांग की गई है, साथ ही अपनी जिम्मेदारी ठीक तरह से न निभाने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में संदेशखाली मामले की जांच राज्य से बाहर ट्रांसफर करने की भी मांग की है। संदेशखाली मामले की जांच तीन जजों की कमेटी से कराने की मांग भी की गई है। चीफ जस्टिस ने कहा कि 'आप हम पर दबाव नहीं बना सकते। हम इसे लिस्ट करेंगे और दोपहर बाद इस पर विचार करेंगे।

शरद की याचिका पर तत्काल सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अजित पवार गुट को असली एनसीपी के रूप में मान्यता देने वाले चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करेगा। बता दें कि शरद पवार ने चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। शरद पवार ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। शरद पवार का कहना है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार गुट द्वारा व्हिप जारी किया जा सकता है। इसलिए, शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की।

वांछित को यूएई से भारत लाया गया, कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अबू धाबी में इंटरपोल चैनलों के साथ घनिष्ठ समन्वय में हत्या और दंगा मामले में वांछित आरोपी नरेंद्र सिंह की वापसी की सुविधा प्रदान की, जिसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था।

इसकी जानकारी एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को दी गई। सिंह की हरियाणा पुलिस को टोहाना पुलिस स्टेशन, फतेहाबाद, हरियाणा में हत्या, दंगा और स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने के अपराध में एक मामले में तलाश थी। सीबीआई के वैश्विक संचालन केंद्र ने इंटरपोल एनसीबी, हरियाणा पुलिस, अबू धाबी में भारतीय दूतावास, विदेश मंत्रालय अबू धाबी के साथ समन्वय किया है। इसके अलावा, आज एक रेड नोटिस विषय को हरियाणा पुलिस की एसटीएफ की ओर से सुरक्षा विवरण के साथ संयुक्त अरब अमीरात से भारत लौटाया गया।

जेल में बंद पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवेलनी की मौत

मॉस्को, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर-विरोधी माने जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई है। मीडिया के अनुसार, एलेक्सी नवलनी पिछले काफी समय से जेल में जेल में बंद थे।

एलेक्सी नवलनी की मौत यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल में हुई है। यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल सेवा ने शुक्रवार को बयान में कहा, 16 फरवरी, 2024 को दंड कॉलोनी नंबर तीन में दोषी एलेक्सी नवलनी को टहलने के बाद अस्वस्थ महसूस हुआ और वह तुरंत बेहोश हो गया। जेल सेवा ने आगे कहा, नवलनी के बेहोश होने के बाद जेल का मेडिकल स्टाफ तुरंत पहुंचा। इसके बाद एम्बुलेंस टीम को बुलाया गया। उन्हें बचाने के हरसंभव कोशिश की गई, लेकिन उनको नहीं बचाया जा

- उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे एलेक्सी

सका। एंबुलेंस के डॉक्टरों ने दोषी नवलनी की मौत की पुष्टि कर दी। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। बता दें कि नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे। उन्हें मॉस्को से लगभग 230 किलोमीटर पूर्व में मध्य रूस की जेल रखा गया था। हालांकि, एलेक्सी नवलनी के एक सहयोगी लियोनिद वोल्कोव ने एक्स पर कहा है कि वह उनकी मौत की पुष्टि करने में असमर्थ हैं। लियोनिद वोल्कोव ने लिखा, "रूसी अधिकारियों ने एक कबूलनामा प्रकाशित किया है कि उन्होंने जेल में एलेक्सी नवलनी की हत्या कर दी।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी, 2050 तक जलवायु परिवर्तन में भारी परिवर्तन की आशंका

गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने समुद्री गर्मधारा गल्फ स्ट्रीम के समाप्त होने की चेतावनी दे दी है। इसकी समाप्ति से पश्चिमी यूरोप समेत दुनिया के कई हिस्सों की जलवायु मे बड़ा परिवर्तन आएगा।

वैज्ञानिको ने 2050 के आसपास होने वाले परिवर्तन में लघु हिमयुग आने की आशंका जताई है। गल्फ स्ट्रीम मैक्सिको की खाड़ी से निकलने वाली एक शक्तिशाली समुद्री धारा है, जो उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र की जलवायु को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका गर्म पानी एक प्राकृतिक कन्वेयर बेल्ट के रूप में कार्य करता है, जो भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर गर्मी पहुंचाता है और इसके रास्ते में मौसम के पैटर्न को प्रभावित करता

अल नीनो प्रभावित क्षेत्र का मानचित्र।

है। इस समुद्री धारा का गर्म पानी सर्दियों के मौसम में तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं।

डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। शोध में कहा है कि जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव सामने आ रहे हैं, जिसका सबसे बुरा असर दुनिया भर में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना है। ये बर्फीले पर्वत बढ़ते वैश्विक तापमान के निरंतर हमले के आगे झुक रहे हैं।

इनके पिघलने से गल्फ स्ट्रीम समाप्त होने की आशंका से कतई इंकार नही किया जा सकता है और यह महत्वपूर्ण समुद्री धारा बंद हो जाएगी। इस परिवर्तन में उत्तरी अमेरिका, एशिया और यूरोप के कुछ हिस्सों में औसत तापमान कई डिग्री तक गिर सकता है । जिसके कुछ ही दशकों मे 10 डिग्री सेल्सियस तक अंतर आ जाएगा। इसके दुष्परिणाम दुनिया भर में बेहद गंभीर होंगे। इससे तूफानों में वृद्धि होगी। बरसा में भारी व्यवधान होगा। साथ ही कृषि को बुरी तरह प्रभावित करेगा।

कम करना होगा वैश्विक कार्बन

वैज्ञानिकों का कहना है कि हमें किसी भी दशा में वैश्विक कार्बन को कम करना ही होगा, यदि वैश्विक कार्बन उत्सर्जन कम नहीं हुआ तो 2025 से 2095 के बीच गल्फ स्ट्रीम के पतन निश्चित है। जिसका औसतन केंद्रीय अनुमान वर्ष 2050 लगाया गया है। शोध का नेतृत्व करने वाले डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पीटर डिटलेवसेन का कहना है कि यह बड़ी चिंता विषय है। बचाव के लिए हमें अभी से जुटना होगा। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

फैक्टरी में आग से मौत का आंकड़ा बढ़ा, 11 की गई जान

नई दिल्ली, एजेंसी

- दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान अभी भी जारी, धमाके के साथ फटे थे केमिकल ड्रम

अलीपुर में एक पेंट फैक्टरी में आग लगने से 11 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान जारी है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के मुताबिक, फैक्टरी में दो और लोगों के फंसे होने की संभावना है। अग्निकांड में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या और गैर इरादतन हत्या की प्रयास की धारा 304 और 308 के तहत मामला दर्ज किया है।

अग्निशमन विभाग ने बताया कि दो पेंट और केमिकल गोदाम में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं चार घायल हैं। मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया है। लोकनायक अस्पताल में दो मरीज भर्ती हुए हैं। अलीपुर के रिहायशी इलाके में फैक्टरी में आग लगने के बाद कई धमाके हुए। बेहद संकरे इलाके में स्थित इस पेंट फैक्टरी में हादसे के समय मजदूर कार्य में जुटे थे, अचानक लगी आग के बाद उन्हें बाहर निकलने का मौका तक न मिला। आग इतनी भयानक थी कि लपटें काफी दूर तक दिखाई दे रहीं थीं।

फैक्टरी में केमिकल के ड्रम होने के कारण आग तेजी से फैल गई, चीख-पुकार के बीच कुछ लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। भगदड़ के बीच कई लोग मामूली घायल हो गए। आग ने स्टेशनरी व टेलर की दुकान, सैलून, ढाबा, किराना स्टोर व सामने वाले घरों को चपेट में ले लिया।